@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/ qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
मंगलवार, 18 फरवरी 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 99 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## भाजपा ने लूटा न्यू इंडिया बैंक: संजय राउत

मुंबई, 17 फरवरी। न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपये की गड़बड़ी मामले में शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय सिंह का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा के सदस्य न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपये की गड़बड़ी में शामिल थे। साथ ही राउत ने मामले पर महाराष्ट्र सरकार पर चुप्पी साधने का आरोप भी लगाया।



बता दें कि इस मामले में बैंक के महाप्रबंधक और लेखा प्रमुख हितेश मेहता समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन पर बैंक के प्रभादेवी और गोरेगांव कार्यालयों से धन की चोरी करने का आरोप है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान राउत ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता किरीट सोमैया इस मामले पर चुप हैं, क्योंकि भाजपा के सदस्य इसमें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह पैसा आम लोगों का था, खासकर टैक्सी चालकों का। राउत ने यह भी सवाल किया कि सोमैया प्रभावित जमाकर्ताओं का समर्थन क्यों नहीं कर रहे हैं और ईडी को क्यों सूचित नहीं किया गया। इसके अलावा, राउत ने भाजपा विधायक सुरेश धास की आलोचना की और उन पर बीड के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में राजनीतिक लाभ उठाने का आरोप लगाया। राज्यसभा सांसद ने आगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाए। राउत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी उन रिपोर्टों पर कार्रवाई करने में विफल रहे, जिनमें यह दावा किया गया था कि अवैध आव्रजन के दौरान अमेरिका से निकाले गए भारतीयों को बेड़ियों में जकड़ा गया था। राउत ने सवाल उठाया कि यदि प्रधानमंत्री ने रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में मदद की, तो जब अमेरिका भारतीयों को जंजीरों में बांध कर भेज रहा था, तब उन्होंने क्यों कार्रवाई नहीं की। राउत ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन-रूस युद्ध को रोक सकते हैं, तो जब भारतीयों को जंजीरों में जकड़ा गया, तब उन्होंने क्या किया? राउत ने यह भी आरोप लगाया कि अमेरिकी अधिकारियों ने निर्वासित सिखों को अपनी पगड़ी उतारने के लिए मजबूर किया। साथ ही राउत ने प्रयागराज में कुंभ मेला और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ पर भी सवाल उठाए, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी।

# आयकर राहत का मतलब पूंजीगत व्यय से सरकार का ध्यान हटना नहीं: निर्मला सीतारमण

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 17 फरवरी। बजट 2025 में दी गई आयकर में भारी छूट का मतलब यह नहीं है कि सरकार ने पूंजीगत व्यय से ध्यान हटाकर खपत बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को यह बात कही। वित्त मंत्री की यह प्रतिक्रिया बजट 2025-26 में सालाना 12 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को आयकर के दायरे से बाहर रखने के बाद यह बहस शुरू होने के बाद आई है कि सरकार ने लगातार दो तिमाहियों में जीडीपी के आंकड़ों में धीमी वृद्धि को देखते हुए खपत को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। मुंबई में हितधारकों के साथ बजट के बाद की बातचीत में, वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि लोगों को यह नहीं सोचना चाहिए कि पूंजीगत व्यय से ध्यान हटाकर खपत पर जोर दिया गया है, सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में पूंजीगत व्यय प्रावधानों में लगातार वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि व्यापक तस्वीर यह है कि कोविड के बाद से सरकार का जोर पूंजीगत संपत्ति बनाने के लिए सार्वजनिक व्यय पर बना हुआ है। इस बार, बजट 2025 में पूंजीगत व्यय पर खर्च का प्रस्ताव 10.2 प्रतिशत अधिक और लगभग 16 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें पीएसयू पूंजीगत व्यय भी शामिल है। सरकार ने खुद 2025-26 के लिए 11.21 लाख रुपये का पूंजीगत व्यय बजट में रखा है। 2024-25 के संशोधित अनुमानों में 13.18 लाख करोड़ के मुकाबले प्रभावी पूंजीगत व्यय 15.48 लाख करोड़ होने का अनुमान है। प्रभावी पूंजीगत व्यय में मुख्य पूंजीगत व्यय और पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए राज्यों को दिया जाने वाला सहायता अनुदान शामिल हैं। हालांकि पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए सहायता अनुदान को बजट में राजस्व व्यय के रूप में शामिल किया जाता है, लेकिन वे राज्यों में पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण पर खर्च होते हैं हैं। वित्त मंत्री ने कहा, मुझे लगता है कि लोगों का यह सोचना कि पूंजीगत व्यय से ध्यान हटाकर उपभोग बढ़ाने पर जोर दिया गया है, यह सही नहीं है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने पूंजीगत व्यय बजट बढ़ाया है और साथ ही कर में कटौती के माध्यम से कुछ रियायतें दी हैं, खासकर व्यक्तिगत आयकर, उन लोगों के लिए जो खर्च करना या बचत करना या निवेश करना चाहते हैं। वित्त ने करदाताओं के बारे में सोचने और उन्हें बड़ी कर राहत देने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इस बात पर तुरंत सहमत हो गए कि बजट में 12 लाख रुपये तक की कर राहत का प्रस्ताव होना चाहिए। उन्होंने कहा, आज शायद (यह) ऐसा लग रहा है कि हमने पूंजीगत संपत्ति निर्माण के बजाय उपभोग बढ़ाने पर जोर दिया है, पर पूंजीगत व्यय पर जोर हमेशा से ही हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है। सीतारमण ने जोर देकर कहा कि केंद्रीय बजट में आयकर में दी गई छूट और आरबीआई रेपो दर में कटौती से अर्थव्यवस्था में खपत में सुधार को बढ़ावा मिलेगा। 2025-26 के केंद्रीय बजट में आयकर छूट सीमा को 7 लाख रुपये से बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया गया है, जिससे करदाताओं, खासकर मध्यम वर्ग को काफी राहत मिली है।



## दिल्ली के रामलीला मैदान में हो सकता है शपथ ग्रहण

नई दिल्ली, 17 फरवरी। दिल्ली में 26 साल बाद भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत के बाद अब नए सीएम का जल्द एलान हो सकता है। नए मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य 20 फरवरी को रामलीला मैदान में शपथ ले सकते हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, शपथ ग्रहण समारोह 20 फरवरी को शाम 4.30 बजे होगा। इसमें पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के शामिल होने की उम्मीद है तो वहीं कई वरिष्ठ नेता भी यहां मौजूद होंगे। वहीं आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों की आज बैठक होनी है। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने बैठक बुलाई है। दिल्ली चुनाव के बाद पदाधिकारियों की पहली बैठक हो रही है। दिल्ली सरकार के शप थग्रहण और सरकार गठन को लेकर आज शाम भाजपा की बैठक होगी। विधायक दल की बैठक को लेकर समय और तारीख तय होगी। बैठक में शपथ ग्रहण समारोह के इंचार्ज विनोद तावड़े और तरूण चुघ मौजूद रहेंगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और दिल्ली भाजपा संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। बैठक में नई सरकार के शपथ ग्रहण की तारीख, समय और जगह भी तय होगी। शपथग्रहण की तैयारियों, सिटिंग अरेंजमेंट और गेस्ट लिस्ट को भी फाइनल किया जाएगा। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 26 साल से अधिक समय बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी की है, जिसके नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए गए

# चीन हमारा दुश्मन नहीं वाले बयान पर बुरे फंसे सैम पित्रोदा

**सौरभ शर्मा**

नई दिल्ली, 17 फरवरी। अपने बयान को लेकर चर्चा में रहने वाले कांग्रेस के विदेश इकाई के प्रमुख सैम पित्रोदा ने एक फिर अपने बयान से देश की सियासत गर्माहट तेज कर दी है। उन्होंने कहा कि चीन हमारा दुश्मन नहीं है। साथ ही उन्होंने चीन से खतरे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए जाने का दावा करते हुए कहा कि भारत को चीन को दुश्मन मानना बंद कर देना चाहिए। पित्रोदा ने कहा कि चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है और भारत का दृष्टिकोण हमेशा टकरावपूर्ण रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अब समय आ गया है कि देशों को एक-दूसरे से सहयोग करना चाहिए, न कि टकराव। हमें इस मानसिकता को बदलने की जरूरत है और यह मानना बंद करना होगा कि चीन पहले दिन से ही दुश्मन है। बता दें कि कांग्रेस नेता का जवाब इस सवाल पर आया कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन से खतरों को नियंत्रित कर पाएंगे। भाजपा ने कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की हालिया टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन पर आरोप लगाया कि उन्होंने भारत के लिए चीन से खतरे को कम करके आंका है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पित्रोदा की यह टिप्पणी कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाती है, और यह चीन के समर्थन में उनके नेताओं द्वारा किए गए बयानों से मेल खाती है। त्रिवेदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि अमेरिका से भारत में फंडिंग की जाती है, जिसका इस्तेमाल चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए किया जाता है। उन्होंने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई पर पाकिस्तान से रिश्ते रखने का भी आरोप लगाया। भाजपा नेता ने कांग्रेस से इस पूरे मामले पर स्पष्टीकरण देने की मांग की। साथ ही तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा चुनाव आयोग की रिपोर्ट को खारिज करने पर भी सवाल उठाए। पित्रोदा के इस बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने कांग्रेस पर चीन के प्रति खास लगाव का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने 40,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय जमीन चीन को दे दी, उन्हें अब भी चीन से कोई खतरा नहीं नजर आता। सिन्हा ने यह टिप्पणी राहुल गांधी के चीन के साथ संबंधों और कांग्रेस-चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के 2008 के समझौते का जिक्र करते हुए की। उन्होंने कहा कि यह समझौता कांग्रेस पार्टी के चीन से जुड़ाव का मुख्य कारण है। साथ ही सिन्हा ने यह भी आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का समर्थन किया था, जब भारत में चीन के खिलाफ सुरक्षा और व्यापार को लेकर चिंताएं थीं। वहीं, राहुल गांधी ने हाल ही में संसद में यह दावा किया था कि चीन ने भारतीय भूमि के 4,000 वर्ग किलोमीटर हिस्से पर कब्जा कर लिया है, जिसे रक्षा मंत्री ने खारिज कर दिया था।



## मुंडे से पूछिए, क्या वो मंत्री पद से इस्तीफा देंगे: अजित पवार

**कौमी संवाददाता**

नासिक, 17 फरवरी। महाराष्ट्र के बीड जिले में सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड का मामला थमता नहीं दिख रहा है। इस मामले में राज्य सरकार के मंत्री धनंजय मुडे सवालों के घेरे में हैं। वहीं इसे लेकर पत्रकारों की तरफ से किए गए सवाल पर डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा, उनके इस्तीफे को लेकर सवाल उन्हीं से पूछे जाने चाहिए। बता दें कि, मंत्री धनंजय मुंडे विपक्ष और सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं की आलोचना का सामना कर रहे हैं, क्योंकि धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मीक कराड को 9 दिसंबर को बीड के सरपंच संतोष देशमुख की नृशंस हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया है। रविवार को नासिक में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा, मुंडे का दावा है कि उनका



इस मामले से कोई संबंध नहीं है। हालांकि, मैंने 2010 में राज्य के जल संसाधन मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था, जब मेरे खिलाफ आरोप लगाए गए थे। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक रेल दुर्घटना के बाद इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, कई लोगों ने ऐसी ही परिस्थितियों में इस्तीफा देने से इनकार कर दिया है। डिप्टी सीएम अजित पवार ने पत्रकारों से कहा, आपको मुंडे से पूछना चाहिए कि क्या वह नैतिक जिम्मेदारी का हवाला देते हुए इस्तीफा देंगे।

## सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा पेपर लीक के दावें से किया इनकार

नई दिल्ली, 17 फरवरी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सोमवार को चल रही कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में पेपर लीक के आरोपों से इनकार किया और इन्हें निराधार बताया और कहा कि यह छात्रों और अभिभावकों के बीच दहशत पैदा करने का प्रयास है। सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं शनिवार को शुरू हुईं, जिसमें 42 लाख से अधिक छात्र देश-विदेश में 7,800 से अधिक केंद्रों पर परीक्षा दे रहे हैं। बोर्ड अधिकारियों के अनुसार, कुल 24.12 लाख कक्षा 10वीं के छात्र 84 विषयों की परीक्षा दे रहे हैं, जबकि 17.88 लाख से अधिक कक्षा 12 के छात्र 120 विषयों की परीक्षा दे रहे हैं। सीबीएसई ने एक आधिकारिक बयान में कहा, बोर्ड के संज्ञान में आया है कि कुछ असामाजिक तत्व यूट्यूब, फेसबुक, एक्स (पूर्व में ट्विटर) और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पेपर लीक के बारे में अफवाह फैला रहे हैं या 2025 परीक्षा के प्रश्नपत्रों तक पहुंच का दावा कर रहे हैं। ये दावे निराधार हैं और इनका उद्देश्य अनावश्यक दहशत पैदा करना है। बोर्ड ने आश्वासन दिया कि उसने सुचारू और निष्पक्ष परीक्षा प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सख्त उपाय लागू किए हैं।

# महाकुंभ से ज्ञानवापी के लिए संतों की हुंकार

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

प्रयागराज, 17 फरवरी। श्रीराम जन्मभूमि की तर्ज पर ज्ञानवापी सहित सभी मंदिरों को मुक्त कराया जाएगा। काशी की संस्कृति पर जो संकट मंडरा रहा है, उसका समाधान श्रीराम जन्मभूमि की तरह ही निकाला जाएगा। श्री आदि महादेव काशी धर्मालय मुक्ति न्यास की ओर से रविवार को महाकुंभ की धरती से काशी में सनातन संस्कृति बचाओ जनजागरण अभियान आरंभ हुआ। श्री सुमेर पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती ने कहा, काशी अक्षुण्ण धरोहर है। वर्तमान में काशी की पुरातन संस्कृति और धर्म पर जो भी संकट आएगा, उसे श्रीराम जन्मभूमि की तरह ही दूर करेंगे। सेक्टर-19 के शिविर में बैठक के दौरान संतों ने काशी में सनातन संस्कृति बचाओ जन जागरण अभियान को आशीर्वाद और समर्थन दिया। संतों की उपस्थिति में पांच प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। बैठक में काशी को धार्मिक नगरों की तर्ज पर सनातन धर्म नगर घोषित करने और पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के साथ-साथ चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग को व्यवस्थित करने की मांग की गई। इसके अलावा ज्ञानवापी सहित मुगल आक्रांताओं द्वारा क्षतिग्रस्त किए गए बिंदु माधव मंदिर, कृतिवासेश्वर मंदिर, लाट भैरव, अविमुक्तेश्वर मंदिर, वक्रार्क कुंड मंदिर, शुष्केश्वर महादेव मंदिरों को शीघ्र मुक्त कराने के लिए कदम उठाने की सरकार से मांग की गई। पंचकोसी क्षेत्र में मांस, मंदिरा और मछली पर प्रतिबंध, शत्रु संपत्ति की जांच कराने और साईं की मूर्तियों को बाहर करने का मुद्दा उठाया गया। वक्फ बोर्ड द्वारा हिंदू समाज एवं सनातन मंदिरों की हड़पी गई जमीनों की समस्याओं के समाधान के लिए बोर्ड को तत्काल समाप्त करने की मांग की गई। इस अवसर पर न्यास द्वारा प्रस्तावित सभी पांच मांगों पर संतजनों ने आंदोलन के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। न्यास के कार्यकारी अध्यक्ष संजीव चंद्र त्रिपाठी, धर्माचार्य प्रमुख अजय महाराज और न्यासी पवन पाठक ने विचार व्यक्त किए। काशी को धार्मिक नगरों की तर्ज पर सनातन धर्म नगर घोषित किया जाए। पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के साथ-साथ चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग को व्यवस्थित किया जाए। ज्ञानवापी सहित मुगल आक्रांताओं द्वारा क्षतिग्रस्त किए गए बिंदु माधव मंदिर, कृतिवासेश्वर मंदिर, लाट भैरव, अविमुक्तेश्वर मंदिर, वक्रार्क कुंड मंदिर, शुष्केश्वर महादेव मंदिरों को शीघ्र मुक्त कराने के लिए कदम उठाएं। नगर निगम की सीमा के अंदर एवं पंचकोसी सीमा के अंदर ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध लगाया जाए। आनंद कानन वन अर्थात पंचकोसी परिक्रमा मार्ग की विधर्मियों द्वारा अपवित्र की जा रही भूमि से कब्र, मजार, मस्जिद, बूचड़खाना और विधर्मी स्थलों को मुक्त कराने के लिए संवैधानिक तरीके से कदम उठाए जाएं। संपूर्ण क्षेत्र से मांस, मछली, अंडा के उपयोग, उपभोग और क्रय विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए।



## भाजपा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पर कांग्रेस से चर्चा हुई

गुवाहाटी, 17 फरवरी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की ओर से लगाए गए आरोपों पर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने पलटवार किया है। दरअसल, सीएम सरमा ने गोगोई की पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए थे। अब गोगोई ने भाजपा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी में चर्चा की जा रही है, जल्द ही कोई जरूरी कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा, ...कल असम के सभी लोगों ने मुख्यमंत्री के चेहरे को देखा। देख कर ही पता चल गया कि मुख्यमंत्री के मन में कोई चिंता है, जो होना स्वाभाविक है, क्योंकि मुख्यमंत्री डरे हुए हैं। डर के कारण वे हर दिन अपनी स्थिति को हर दिन बदलते रहते हैं। कांग्रेस की स्थिति स्पष्ट है कि अगर उन्हें कोई जांच करनी है तो करें। उन्होंने कहा कि आज से 12 महीने बाद होने वाले निर्वाचन चुनाव उनके डर का कारण है। वह अपने उस भविष्य के लिए डरे हुए हैं, जब असम में कांग्रेस की सरकार बनेगी। 10 साल तक असम के लोगों ने राज्य सरकार से सवाल किए, लेकिन उन्होंने एक भी सवाल का जवाब नहीं दिया। इन 12 महीनों में कांग्रेस एकजुट होकर लोगों के बीच जाएगी और उनके मुद्दे उठाएगी।

# 26/11 आतंकी हमले की साजिश का हिस्सा बना था तहव्वुर राणा

**नरेश मल्होत्रा**

मुंबई, 17 फरवरी। तहव्वुर हुसैन राणा साल साल 2005 में लश्कर-ए-तैयबा और हरकत उल-जिहाद-ए-इस्लामी (एचयूजेआई) के सदस्य के रूप में 26/11 मुंबई आतंकी हमले की साजिश का हिस्सा बना। उसके पाकिस्तान में रहने वाले साजिशकर्ताओं के साथ करीबी संबंध थे। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को घोषणा की कि उनके प्रशासन ने राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी। ट्रंप ने उसे साजिशकर्ताओं और दुनिया के दुष्ट लोगों में से एक बताया था। राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है और पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी आतंकवादी और मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक डेविड कोलमैन हेडली का करीबी सहयोगी है। 2023 में 14 साल की सजा पूरी करने बाद से वह लॉस एंजिल्स के एक मेट्रोपोलिटन हिरासत केंद्र में निगरानी में है। तहव्वुर राणा इस मामले में तीसरा व्यक्ति होगा, जिसे प्रत्यर्पण के बाद भारत में मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। इससे पहले अजमल कसाब और जबीउद्दीन अंसारी उर्फ अबु जंदाल को मुकदमे का सामना करना पड़ा था। नवंबर 2012 में कसाब को पुणे की यरवदा जेल में फांसी दी गई थी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के आरोपपत्र के मुताबिक, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी (एचयूजेआई) के सदस्य के रूप में राणा 2005 की शुरुआत में पाकिस्तान स्थित अन्य साजिशकर्ताओं के साथ मिलकर मुंबई में आतंकवादी हमले को अंजाम देने के लिए आपराधिक साजिश में शामिल हुआ था। एनआईए की जांच के दौरान मुंबई आतंकवादी हमलों के सह-साजिशकर्ता के रूप में राणा की भूमिका सामने आई। राणा को 27 अक्तूबर 2009 को एफबीआई ने गिरफ्तार किया था और एनआईए ने 2011 में भारतीय दंड संहिता और सार्क आंतकवाद निरोधक संधि के तहत विभिन्न धाराओं में आरोपपत्र दाखिल किया था। एक अधिकारी ने बताया कि राणा ने हेडली को भारत के लिए वीजा दिलाने में मदद की थी और मुंबई में एक कथित आप्रवासी कानून केंद्र बनाया था, जो एक मुखौटे के रूप में काम करता था। राणा ने 13 नवंबर से 21 नवंबर 2008 के बीच अपनी पत्नी समरा राणा अख्तर के साथ हापुड़, दिल्ली, आगरा, कोच्चि, अहमदाबाद और मुंबई की यात्रा की थी। उसकी शुरुआती योजना में विभिन्न शहरों में स्थित चबाड हाउस पर हमला शामिल था। हेडली जून 2006 में अमेरिका गया था और राणा से मुलाकात की थी, जहां दोनों ने भविष्य की योजना पर चर्चा की। राणा पाकिस्तान के एक और साजिशकर्ता मेजबर इकबाल के भी संपर्क में था, जो 26/11 के हमले में शामिल था। हेडली और राणा ने पाकिस्तान में रहने वाले साजिशकर्ताओं से अपने संपर्क छिपाने के लिए हरसंभव कदम उठाए थे। चूंकि राणा सेना से भगोड़ा था, हेडली ने उसे मेजर इकबाल के जरिए मदद का आश्वासन दिया था। अधिकारियों ने बताया, हेडली ने भारत में आप्रवासी कानून केंद्र की मुंबई शाखा कार्यालय की स्थापना के लिए वीजा हासिल करने के लिए आवेदन किया था और जुलाई 2007 में राणा ने उसका वीजा दस साल के लिए बढ़वाया था। 26/11 हमले के साजिशकर्ताओं ने हेडली को राणा और उसके संपर्कों से यात्रा की मदद हासिल करने और यात्रा का असली मकसद छिपाने का निर्देश दिया था। हेडली की पहली यात्रा के दौरान उसने राणा से फोन पर 32 बार बात की। बाद में हेडली ने दूसरी यात्रा के दौरान 23 बार, तीसरी बार 40 बार, पांचवीं यात्रा में 37 बार, छठी यात्रा में 33 बार और आठवीं यात्रा में 66 बार राणा से संपर्क किया। साजिशकर्ताओं के निर्देश पर हेडली ने लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य साजिद मजीद, अबू काहफा, जकीउर लखवी, अबू अनस से मुगलाबाद में मुलाकात की थी और मेजर इकबाल से लाहौर में जून 2008 में मुलाकात की थी। इन निर्देशों पर हेडलनी ने मुंबई में विभिन्न स्थानों की पहचान की थी, जिन पर हमला किया जाना था। अक्तूबर 2008 में साजिद मजीद और मेजर इकबाल ने लाहौर में हेडली के घर पर मुलाकात की और हमले की योजना पर चर्चा की।



## कांग्रेस ने सैम पित्रोदा के बयान से किया किनारा: जयराम रमेश

नई दिल्ली, 17 फरवरी। अक्सर विवादों में रहने वाले भारतीय ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा एक बार फिर से विवादित बयान दिया है। जिसे लेकर देश में राजनीति तेज हो गई है। वहीं भाजपा के हमले के बाद कांग्रेस पार्टी ने खुद को सैम पित्रोदा के बयान अलग कर लिया है। इस मामले में कांग्रेस नेता और महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि, सैम पित्रोदा का बयान पार्टी के विचार नहीं हैं। मामले में जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- सैम पित्रोदा की तरफ से चीन पर व्यक्त किए गए विचार निश्चित रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचार नहीं हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में आगे लिखा- चीन हमारी सबसे बड़ी विदेश नीति, बाहरी सुरक्षा और साथ ही आर्थिक चुनौती बना हुआ है। कांग्रेस ने चीन के प्रति मोदी सरकार के दृष्टिकोण पर बार-बार सवाल उठाए हैं, जिसमें 19 जून, 2020 को प्रधानमंत्री द्वारा चीन को सार्वजनिक रूप से क्लीन चिट देना भी शामिल है। चीन पर हमारा सबसे हालिया बयान 28 जनवरी, 2025 को था। यह भी बेहद खेदजनक है कि संसद को स्थिति पर चर्चा करने और इन चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए सामूहिक संकल्प व्यक्त करने का अवसर नहीं दिया जा रहा है। कांग्रेस के विदेश इकाई के प्रमुख सैम पित्रोदा ने चीन को लेकर कहा, चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है और भारत का दृष्टिकोण हमेशा टकरावपूर्ण रहा है।



## नेपाल संसद में उठी मांग-हिंदू राष्ट्र खत्म करने के लिए अमेरिकी फंडिंग की जांच कराई जाए

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल को संवैधानिक हिंदू राष्ट्र का दर्जा खत्म करके धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित करने के पीछे अमेरिकी फंडिंग की जांच करने की मांग राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के सांसद ने सदन के भीतर की है। नेपाल को हिन्दू राष्ट्र खत्म करने और धर्मांतरण के लिए 100 मिलियन डॉलर की अमेरिकी फंडिंग होने का दावा किया गया है। प्रतिनिधि सभा में शून्य समय में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के सांसद धवल शमशेर राणा ने नेपाल के संवैधानिक हिंदू राष्ट्र के दर्जे को समाप्त कर धर्मनिरपेक्ष देश घोषित करने और धर्मांतरण के लिए अब तक 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च किए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने इस मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच समिति गठन करने की मांग की है। सांसद राणा ने कहा कि अमेरिकी फंडिंग का पैसा किस-किस नेता को मिला, इसकी सच्चाई देश और दुनिया के सामने आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नेपाल में हुए जनांदोलन में कभी भी हिन्दू राष्ट्र को समाप्त करके धर्मनिरपेक्ष देश घोषित करने की मांग नहीं उठी थी। सांसद राणा ने यह भी कहा कि देश में राजतंत्र की समाप्ति के बाद कुछ प्रमुख दलों के दर्जन भर नेताओं ने अंतरिम संविधान की घोषणा की थी, जिसमें नेपाल को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित कर दिया गया था।

## अफगानिस्तान ने शरणार्थियों के साथ दुर्व्यवहार पर पाकिस्तान के समक्ष जताया विरोध

**काबुल।** अफगानिस्तान इस्लामी अमीरात के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने अफगान शरणार्थियों के साथ दुर्व्यवहार करने पर पाकिस्तान के समक्ष विरोध जताया। मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तानी पुलिस ने शनिवार को क्वेटा शहर और बलूचिस्तान प्रांत के कुछ अन्य स्थानों पर अफगान शरणार्थियों के घरों पर छापे मारे और उनके साथ दुर्व्यवहार किया तथा उन्हें अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर किया। हिरासत में लिए गए लोगों में पुरुषों के अलावा 65 बच्चे और 30 महिलाएं भी हैं। बयान में कहा गया अफ़गानिस्तान के इस्लामी अमीरात के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय इस तरह की कार्रवाइयों का कड़ा विरोध और निंदा करता है, और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से पाकिस्तान में अफगान शरणार्थियों को सहायता तथा सहयोग प्रदान करना जारी रखने का आह्वान करता है ताकि वे सम्मान के साथ घर लौट सकें। मंत्रालय ने बताया कि सभी बंदियों को तुरंत दक्षिण अफगानिस्तान के कंधार प्रांत के स्पिन बुल्दक शहर में सीमा पार करके अफ़गानिस्तान भेज दिया गया। बयान में कहा गया है कि पिछले दो सालों में, पाकिस्तानी सरकार ने बार-बार इसी तरह की कार्रवाइयां की हैं जो अंतरराष्ट्रीय और इस्लामिक कानूनों के खिलाफ हैं। अंतरराष्ट्रीय संगठनों के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में लगभग 30 लाख अफ़गान शरणार्थी पाकिस्तान में रह रहे हैं।

## ब्रिटेन ,यूक्रेन में अपने सैनिकों को तैनात करने के लिए तैयार

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने यूक्रेन में अपने सैनिकों को तैनात करने की घोषणा की है। डेली टेलीग्राफ समाचार पत्र में श्री स्टारमर ने कहा ब्रिटेन यूक्रेन की रक्षा और सुरक्षा को लेकर ब्रिटिश सैनिकों को तैनात करने के लिये तैयार है, जिसमें 2030 तक हर साल तीन अरब पाउंड की प्रतिबद्धता शामिल है। श्री स्टारमर ने कहा मैं यह बात हल्के में नहीं कह रहा हूं। मैं ब्रिटिश सैनिकों और महिलाओं को ख़तरे में डालने की ज़िम्मेदारी को बहुत गहराई से महसूस करता हूं। श्री स्टारमर के यूक्रेन पर एक आपातकालीन शिखर सम्मेलन के लिए सोमवार को पेरिस में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, नाटो महासचिव मार्क रूटे, इतालवी प्रधान मंत्री जियोर्जिया मेलोनी और अन्य यूरोपीय नेताओं के साथ शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले सप्ताह कहा था कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ फोन पर बातचीत के बाद लगभग तीन साल से जारी यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने को लेकर तत्काल बातचीत करेंगे लेकिन अब यूरोप को डर है कि यूक्रेन संकट पर संभावित वार्ता में उसे दरकिनार किया जा सकता है।

## पाकिस्तान के पंजाब में सड़क दुर्घटनाओं में 11 की मौत, 7 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में ग्यारह लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया और पुलिस ने यह जानकारी दी। जिले के पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक दुर्घटना मुल्तान जिले में हुई, जिसमें एक यात्री वैन, एक कार और एक मोटरसाइकिल आपस में टकरा गयी। परिणामस्वरूप छह लोगों की मौत हो गई और सात घायल हो गए। बचाव दल तेजी से पहुंचे और घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार दूसरी घटना में लेय्याह जिले में एक ट्रक से टकराने के बाद कंक्रीट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट जाने से तीन भाइयों सहित चार लोगों की जान चली गई। पाकिस्तान में सड़क दुर्घटनाएँ एक चिंताजनक मुद्दा बन गई हैं। पिछले कुछ वर्षों में आवृत्ति और गंभीरता दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

# गाजा युद्ध विराम समझौते पर चर्चा के लिए इजरायली टीम जाएगी काहिरा : नेतन्याहू

एजेंसी

**यरूशलम ।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि गाजा युद्ध विराम समझौते पर चर्चा के लिए एक वार्ता दल सोमवार को मिस्र की राजधानी काहिरा जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, नेतन्याहू ने अमेरिका के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ के साथ फोन पर बात की, जिसके बाद उन्होंने एक इजरायली वार्ता दल को सोमवार को काहिरा के लिए रवाना होने का निर्देश दिया। बता दें मिस्र, कतर, संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में यह समझौता हुआ है।

बयान में कहा गया कि टीम सबसे पहले 'समझौते के पहले चरण को जारी रखने' पर चर्चा करेगी।' इसके मुताबिक सोमवार को होने वाली इजरायली सुरक्षा कैबिनेट की बैठक के बाद उन्हें 'दूसरे चरण के संबंध में वार्ता जारी रखने के निर्देश



प्राप्त होंगे।' इस बीच, फॉक्स न्यूज के साथ एक इंटरव्यू में विटकॉफ ने कहा कि दूसरे चरण के बारे में बातचीत पहले ही शुरू हो चुकी है और इस सप्ताह भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा, 'लोकेशन तय की जानी है ताकि यह पता लगा सकें कि हम दूसरे चरण को सफलतापूर्वक कैसे पूरा कर सकते हैं।' इससे पहले गाजा युद्ध विराम समझौते के तहत शनिवार (15 फरवरी) को बंधकों और कैदियों की छठी अदला-बदली के तहत हमास ने तीन इजरायली बंधकों को रिहा कर दिया। इन तीन के बदले में यहूदी राष्ट्र 369 फिलिस्तीनी कैदियों आजाद किया। 19 जनवरी से प्रभावी और छह सप्ताह तक चलने वाले युद्ध विराम समझौते के पहले चरण के तहत, लगभग 2,000 फिलिस्तीनियों के बदले में 33 इजरायली बंधकों को रिहा किए जाने की उम्मीद है। अब तक, 19 इजरायली बंधकों के साथ-साथ पांच थाई लोगों को गाजा से रिहा किया जा चुका है, जबकि इजरायली अधिकारियों ने 1,000 से अधिक फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। इजराइल और हमास को फरवरी की शुरुआत में दूसरे चरण पर बातचीत शुरू करनी थी। हमास ने 4 फरवरी को एक बयान में कहा कि उसने अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों के साथ चर्चा शुरू कर दी है, जबकि नेतन्याहू के प्रवक्ता ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि इजराइल ने अभी तक दूसरे चरण पर बातचीत शुरू नहीं की है।

समझौते के दूसरे चरण में शेष बंधकों की रिहाई, फिलिस्तीनी क्षेत्र से इजराइली सेना की पूरी तरह वापसी और स्थायी युद्ध विराम के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया जाना है।

## नेपाल और भारत के विदेश मंत्रियों की मस्कट में हुई साइडलाइन वार्ता



एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल और भारत के विदेश मंत्रियों की मस्कट में साइडलाइन बैठक हुई है। ओमान की राजधानी मस्कट में इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में सहभागी होने गए दोनों के बीच वार्ता हुई है। इंडिया फाउंडेशन, भारतीय विदेश मंत्रालय और ओमन के विदेश मंत्रालय के संयुक्त आयोजन में मस्कट में आज से इंडियन ओशन कॉन्फ्रेंस 2025 में सहभागी होने पहुंचीं नेपाल की विदेश मंत्री डा आरजू राणा की भारत के विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर से साइडलाइन मुलाकात हुई है। इस मुलाकात के बारे में एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए विदेश मंत्री डा राणा ने कहा कि उन्होंने नेपाल के समग्र विकास के लिए भारत के तरफ से निरंतर मिल रहे सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। डा राणा ने लिखा है कि इस मुलाकात के दौरान हाल ही में काठमांडू में संपन्न वाणिज्य सचिव स्तरीय वार्ता और दिल्ली के ऊर्जा मंत्रियों की बैठक के उपलब्धि को लेकर चर्चा हुई।

## अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रियों की बैठक, हिंद-प्रशांत सुरक्षा और उत्तर कोरियाई चुनौती पर की चर्चा

एजेंसी

**म्यूनिख।** म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 2025 के दौरान अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया ने हिंद-प्रशांत और उत्तर कोरिया में सुरक्षा परिदृश्य पर चर्चा की।

अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, जापानी विदेश मंत्री इवाया ताकेशी और दक्षिण कोरियाई विदेश मंत्री चो ताए-युल ने मुलाकात की। उन्होंने तीनों देशों, हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इसके साथ ही डीपीआरके के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों और दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधियों पर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उनका मिलकर संबोधित करने की जरुरत पर जोर दिया। तीनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों (यूएनएससीआर) के अनुसार डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) के पूर्ण परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए अपनी



दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की। डीपीआरके उत्तर कोरिया का आधिकारिक नाम है। दक्षिण चीन सागर सहित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के जलक्षेत्र में बल या दबाव के द्वारा यथास्थिति को बदलने के किसी भी एकतरफा प्रयास का विरोध करते हुए, उन्होंने एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बनाए रखने और अंतर्राष्ट्रीय कानून को सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उत्तरी चीन सागर में, चीन और जापान सेनकाकू द्वीप समूह की क्षेत्रीय संप्रभुता के लिए आमने-सामने हैं। तीनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने सुरक्षा ढांचे को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग करतें है ताकि चीन की मुखरता का मुकाबला किया जा सके और क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखी जा सके। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रामक नीति और उत्तर कोरिया की परमाणु चुनौतियों का मुकाबला करना है।

## 900 किलो वजनी अमेरिकी बमों की खेप पहुंची इजरायल, बाइडेन ने लगाई थी सप्लाई पर रोक जिसे ट्रंप ने हटाया

एजेंसी

**तेल अवीव।** संयुक्त राज्य अमेरिका से भारी बमों की खेप, इजरायल पहुंच गई है। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बाइडेन प्रसाशन ने इस खेप को रोक दिया था। इजरायली मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एमके-84 2,000-पाउंड के बमों से लदा एक जहाज शनिवार रात को अशदोद बंदरगाह पहुंचा। जहाज के बंदरगाह पहुंचने के बाद बमों को दर्जनों ट्रकों में लादकर इज़रायली एयरबेस ले जाया गया।

रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने बमों के आगमन की सराहना करते हुए कहा, ÷ट्रंप प्रशासन की ओर से जारी की गई गोला-बारूद की खेप शनिवार रात इजरायल में पहुंची। यह वायु सेना और इजरायल डिफेंस सोर्सेज (आईडीएफ) के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति है। यह इजरायल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच मजबूत गठबंधन का एक और सबूत है। मंत्रालय के अनुसार, अक्टूबर 2023 में युद्ध की शुरुआत के बाद से, 678 परिवहन विमानों और 129 जहाजों के माध्यम से 76,000 टन से अधिक सैन्य उपकरण इजरायल पहुंचे हैं, जिनमें से अधिकांश अमेरिका से आए हैं। एमके-84 (मार्क-84) या



बीएलयू-117, 2,000 पाउंड (900 किलोग्राम) का अमेरिकी एयरक्राफ्ट बम है। यह मार्क 80 सीरीज के हथियारों में सबसे बड़ा है। वियतनाम युद्ध के दौरान सेवा में आने के बाद, से इसका इस्तेमाल अमेरिका ने आमतौर पर किया है। यह फिलहाल अमेरिका का छठा सबसे भारी बम है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 25 जनवरी को कहा था कि उन्होंने अमेरिकी सेना को निर्देश दिया है कि वह पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा इजरायल को 2,000 पाउंड के बमों की आपूर्ति पर लगाई गई रोक को हटा दें। ट्रंप ने कहा था, %हमने उन्हें (बम) आज रिहा कर दिया। और वे उन्हें अपने पास रखेंगे। उन्होंने उनके लिए भुगतान किया और वे लंबे समय से उनका इंतजार कर रहे थे। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इन बमों की डिलीवरी पर रोक लगा दी थी क्योंकि उन्हें चिंता थी कि ये फिलिस्तीनी एन्क्लेव में इजरायल के युद्ध के दौरान नागरिक आबादी, विशेष रूप से गाजा के राफा में, इस्तेमाल हो सकते हैं।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बाइडेन प्रशासन ने 7 अक्टूबर, 2023 इजरायल पर हमास हमले के बाद इजरायल को हजारों 2,000 पाउंड के बम भेजे थे, लेकिन एक शिपमेंट पर रोक लगा दी थी।

# रुबियो से मुलाकात के बाद बोले इजरायली पीएम 'गाजा पर मेरी और ट्रंप की रणनीति एक समान'

एजेंसी

**यरूशलम ।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बातचीत में दावा किया कि इजरायल और अमेरिका गाजा पट्टी से जुड़ी समस्याओं पर 'पूरा सहयोग' दे रहा है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने और रुबियो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'गाजा के भविष्य के लिए साहसिक दृष्टिकोण' पर एक 'बहुत महत्वपूर्ण' चर्चा की। इस दृष्टिकोण में गाजा की फिलिस्तीनी आबादी को आसपास के देशों में भेजने और गाजा क्षेत्र को मध्य पूर्व के 'रिवेरा' जैसा बनाने का सुझाव दिया गया है। गाजा में इजरायल की नीतियों का 'स्पष्ट' समर्थन करने के लिए अमेरिका का धन्यवाद करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि उनकी और ट्रंप की ÷एक समान रणनीति है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि हम हमेशा इस रणनीति का विवरण



सार्वजनिक नहीं कर सकते, जिसमें यह भी शामिल है कि हम कब कड़े कदम उठाएंगे, क्योंकि हम तब तक ऐसा करेंगे जब तक हमारे सभी बंधक रिहा नहीं हो जाते।

नेतन्याहू ने ईरान के मामले में अमेरिका-इजरायल समन्वय पर भी जोर दिया। कहा कि दोनों देश तेहरान के परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय सैन्य गतिविधियों का सामना करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश इस बात पर सहमत हैं कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होने चाहिए और क्षेत्र में ईरान की आक्रामकता को रोकना होगा। रुबियो ने अपनी टिप्पणी में कहा कि गाजा में अभी भी बंधक बनाए गए लोगों को ÷घर लौटने की जरूरत है, उन्हें रिहा किया जाना चाहिए।÷ उन्होंने कहा, यह होना ही चाहिए, इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। रुबियो के मुताबिक, ट्रंप बहुत स्पष्ट रूप से कह चुके हैं कि हमास एक सरकार या सैन्य बल के रूप में नहीं रह सकता है। उन्होंने कहा कि जब तक यह समूह सत्ता में रहेगा, शांति संभव नहीं हो पाएगी। उन्होंने कहा, इसे समाप्त किया जाना चाहिए, इसे खत्म किया जाना चाहिए। रुबियो ने गाजा के भविष्य के लिए ट्रंप के दृष्टिकोण का बचाव करते हुए इसे ÷कुछ नया÷ बताया और कहा कि इसके लिए ÷साहस और दूरदर्शिता की जरूरत है। रुबियो शनिवार देर रात अपने पदभार संभालने के बाद मध्य पूर्व की अपनी पहली यात्रा पर इजरायल पहुंचे, जब गाजा पर ट्रंप के प्रस्ताव को क्षेत्रीय देशों से अस्वीकृति और आलोचना का सामना करना पड़ा।

## जयशंकर से मिले बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद, बिम्सटेक सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

एजेंसी

**मस्कट।** ओमान में आठवें हिंद महासागर सम्मेलन के मंच से इतर भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद से मुलाकात हुई। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों और बिम्सटेक पर विस्तृत चर्चा हुई। विदेश मंत्री ने एक्स पर पोस्ट साझा कर बताया है कि, उनकी बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन से मुलाकात हुई। उन्होंने लिखा कि मोहम्मद तौहीद हुसैन से बातचीत द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ बिम्सटेक पर केंद्रित थी। बे ऑफ बंगाल इनीशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन (बिम्सटेक) में सात देश बांग्लादेश, भारत, श्रीलंका, थाईलैंड, म्यांमा, भूटान और नेपाल शामिल हैं। बांग्लादेश, इस साल 2-4 अप्रैल को बैंकॉक में आयोजित होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन की अगली अध्यक्षता करेगा। हुसैन ने द्विपक्षीय संबंधों में और तनाव को रोकने के प्रयासों के तहत यह मुलाकात की। बांग्लादेश में पिछले साल शेख हसीना सरकार के पतन के बाद दोनों देशों के संबंधों में आई कड़वाहट के बाद उच्च स्तर पर हुई यह पहली मुलाकात है। पिछले साल अगस्त में छात्रों के नेतृत्व में बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे। जिसके बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से इस्तीफा देने को मजबूर होना पड़ा था और वे भारत आ गईं। बांग्लादेश में चल रही मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के दौरान हिंदुओं सहित व्यापक स्तर पर अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ गए।

# हिंद महासागार एक वैश्विक जीवन रेखा, क्षेत्र के विकास के लिए साथ आना जरूरी : एस जयशंकर

एजेंसी

**मस्कट।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मस्कट में '8वें हिंद महासागर सम्मेलन' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए हिंद महासागर को 'वैश्विक जीवन रेखा' बताया। उन्होंने कहा कि इसका उत्पादन, उपभोग, योगदान और कनेक्टिविटी आज दुनिया को चलाने के तरीके का केंद्र है।

विदेश मंत्री ने कहा, नए क्षितिज की ओर हमारी यात्रा हिंद महासागर के समन्वित बेड़े के रूप में सबसे अच्छी तरह से की जा सकती है। हम इतिहास, भूगोल, विकास, राजनीति या संस्कृति के संदर्भ में एक विविध समूह हैं। लेकिन जो चीज हमें एकजुट करती है, वह है हिंद महासागर क्षेत्र की भलाई के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता। जयशंकर ने कहा, अस्थिर और अनिश्चित युग में, हम आधार रेखा के रूप में स्थिरता और सुरक्षा चाहते हैं। लेकिन उससे



परे, महत्वाकांक्षाएं और आकांक्षाएं हैं जिन्हें हम प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। जब हम एक-दूसरे का ध्यान रखेंगे, अपनी ताकत को बढ़ाएंगे और अपनी नीतियों का समन्वय करेंगे तो उन्हें प्राप्त करना आसान होगा। मैं आप सभी को आश्वस्त कर सकता हूं कि भारत इन प्रयासों में सबसे आगे रहेगा। इससे पहले जयशंकर ने ओमान के विदेश मंत्री बद्र बिन हमद अल बुसैदी मुलाकत की। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर लिखा, आज सुबह ओमान के विदेश मंत्री बदर बिन हमद अल बुसैदी से मिलकर बहुत खुशी हुई। 8वें हिंद महासागर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी करने में उनके व्यक्तिगत प्रयासों की सराहना करता हूं। व्यापार, निवेश और ऊर्जा सुरक्षा में हमारे सहयोग पर व्यापक चर्चा हुई। विदेश मंत्री ने लिखा, हमें खुशी है कि हम अपने राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ मनाने के लिए संयुक्त रूप से लोगो जारी कर पाए। साथ ही, संयुक्त रूप से एक पुस्तक 'मांडवी टू मस्कट~ इंडियन कम्युनिटी एंड द शेयर्ड हिस्ट्री ऑफ इंडिया एंड ओमान' का विमोचन भी किया।

## ट्रंप का रवैया बना यूरोपीय नेताओं के लिए बड़ी 'टेंशन', यूक्रेन पर बुलाया आपातकालीन सम्मेलन

एजेंसी

**पेरिस।** यूरोपीय नेता यूक्रेन में युद्ध पर आपातकालीन शिखर सम्मेलन के पेरिस में इक्ट्ठा होने वाले हैं। अमेरिका रूस के साथ शांति वार्ता पर आगे बढ़ रहा है जिससे यूरोपीय देश खासे परेशान हैं। यह सम्मलेन ऐसे समय में हो रहा है जब यूरोप और अमेरिका यूक्रेन के मुद्दे पर दूर जा रहे हैं जबकि वाशिंगटन लगातार मॉस्को के साथ संपर्क स्थापित कर रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्रिटिश पीएम कीर स्टारमर भी इसमें हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा, यह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक पीढ़ी में एक बार आने वाला क्षण है और यह स्पष्ट है कि यूरोप को नाटो में बड़ी भूमिका निभानी चाहिए। कारमर यूक्रेन मुद्दे पर अमेरिका और यूरोप को करीब लाने की कोशिश में है। वह इस महीने के अंत में अमेरिका के दौरे पर जाने वाले हैं। यूक्रेन के लिए डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत ने हाल ही में कहा था कि यूरोपीय नेताओं से परामर्श किया जाएगा, लेकिन वे युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिका और रूस के बीच किसी भी वार्ता में शामिल नहीं होंगे। यूक्रेन और यूरोपीय सहयोगियों में चिंता बढ़ाने वाली टिप्पणी में, विशेष दूत कीथ केलॉग ने कहा कि पिछली वार्ता नाकाम हो गई थी क्योंकि इसमें बहुत से पक्ष शामिल थे। उन्होंने शनिवार को कहा, यह ब्लैकबोर्ड पर चाक की तरह हो सकता है, यह थोड़ा सा कष्टदायक हो सकता है, लेकिन मैं आपको जो ऐसा बता रहा हूं वो वास्तव में काफी सच है। यूरोप की दुखती रग मिन्स्क समझौता है, जो 2015 में यूक्रेन और रूस के बीच एक असफल युद्धविराम संधि थी। फ्रांस और जर्मनी ने की ओर से मध्यस्थता की गई वार्ता का उद्देश्य पूर्वी यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र में लड़ाई को समाप्त करना था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो समेत व्हाइट हाउस के वरिष्ठ अधिकारी आने वाले दिनों में सऊदी अरब में रूसी वार्ताकारों से मिलने वाले हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन को भी आमंत्रित किया गया है - हालांकि राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की का कहना है कि उनके देश को ऐसा कोई निमंत्रण नहीं मिला है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ फोन पर बातचीत की, जो 12 फरवरी को ट्रंप और पुतिन के बीच हुई बातचीत पर आधारित थी।

## यूक्रेन में राष्ट्रपति चुनाव 26 अक्टूबर को होगा

**कीव।** यूक्रेन में राष्ट्रपति चुनाव 26 अक्टूबर, 2025 को होगा। यूक्रेन के पूर्व राष्ट्रपति पेट्रो पोरोशेंको ने रविवार को यह बात कही। जब पोरोशेंको से यूक्रेन में राष्ट्रपति चुनाव की संभावित समयसीमा बताने के



लिए कहा गया

# रूस ने एक हफ्ते में दागे 1220 हवाई बम, 850 से अधिक ड्रोन, 40 मिसाइल : जेलेंस्की

एजेंसी

**कीव।** राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दावा किया कि रूस ने इस हफ्ते यूक्रेन के खिलाफ 1,220 हवाई बम, 850 से अधिक ड्रोन और 40 से अधिक मिसाइलें लॉन्च की हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रूस युद्ध को जारी रखना चाहता है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, रूस को, अपनी वर्तमान स्थिति में, सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए युद्ध की जरुरत है, और वह हर दिन यूक्रेन पर बमबारी करके लड़ाई जारी रखने की अपनी मंशा साबित करता है।जेलेंस्की ने लिखा, अकेले इस सप्ताह रूस ने हमारे लोगों के खिलाफ लगभग 1,220 हवाई बम, 850 से अधिक ड्रोन और विभिन्न प्रकार की 40 से अधिक मिसाइलें दागी हैं। यूक्रेन खुद की रक्षा कर रहा है - हम अपने योद्धाओं की बहादुरी और अपने सहयोगियों के समर्थन की बदौलत खड़े हैं और लड़ रहे हैं। लेकिन हमें यूक्रेन के लोगों की जान बचाने के लिए और अधिक वायु रक्षा प्रणालियों की जरुरत है। राष्ट्रपति ने कहा, यूरोप और दुनिया को इस तरह की बुराई से बेहतर तरीके से बचाना होगा, इसका सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। इसके लिए एक मजबूत, एकजुट विदेश नीति और पुतिन पर दबाव की आवश्यकता है, जिन्होंने इस युद्ध की शुरुआत की और अब इसे वैश्विक स्तर पर फैला रहे हैं।÷ उन्होंने लिखा, यूरोप, अमेरिका और



हमारे सभी साझेदारों के साथ मिलकर हम इस युद्ध को न्यायपूर्ण और स्थायी शांति के साथ समाप्त कर सकते हैं। जेलेंस्की ने अपने ट्वीट में यूरोप के साथ ही अमेरिका से भी एकजुट होने की अपील की है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस के साथ शांति वार्ता के लिए लगातार आगे कदम बढ़ा रहे हैं।

ट्रंप ने इस सप्ताह यूरोपीय सहयोगियों और यूक्रेन को चौंका दिया, जब उनसे या कीव से पहले से परामर्श किए बिना उन्होंने पुतिन को फोन किया और शांति वार्ता की तत्काल शुरुआत की घोषणा की। ट्रम्प के यूक्रेन दूत ने तब कहा कि यूरोप को यूक्रेन शांति वार्ता के लिए मेज पर जगह नहीं मिलेगी, जब वाशिंगटन ने यूरोपीय राजधानियों को एक प्रश्नावली भेजी थी जिसमें पूछा गया था कि वे कीव के लिए सुरक्षा गारंटी में क्या योगदान दे सकते हैं। यूक्रेन के लिए डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत ने हाल ही में कहा था कि यूरोपीय नेताओं से परामर्श किया जाएगा, लेकिन वे युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिका और रूस के बीच किसी भी वार्ता में शामिल नहीं होंगे। वहीं मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी प्रतिनिधि माइकल मैककॉल ने बताया कि ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी आने वाले दिनों में सऊदी अरब में रूसी और यूक्रेनी वार्ताकारों के साथ शांति वार्ता शुरू करेंगे।

कौमी पत्रिका
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## नीता अंबानी को मैसाचुसेट्स की गवर्नर ने किया सम्मानित

**एजेंसी**

**मैसाचुसेट्स।** रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर चेयरपर्सन नीता अंबानी को अमेरिका के राज्य मैसाचुसेट्स की गवर्नर मौरा हीली ने सम्मानित किया है। नीता अंबानी को दिए प्रशस्ति पत्र में उन्हें एक दूरदर्शी और परोपकारी व्यक्तित्व के रूप में मान्यता दी गई है। बोस्टन में एक विशेष समारोह में नीता अंबानी को यह सम्मान मिला। गवर्नर ऑफिस ने कहा है कि यह सम्मान नीता अंबानी के शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, खेल, कला, संस्कृति और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए गए प्रभावी काम और उनके समर्पण भाव का सम्मान है -जिसने भारत और वैश्विक स्तर पर लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। नीता अंबानी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय कला, परंपरा व संस्कृति के प्रदर्शन का कोई अवसर नहीं गंवाती। बोस्टन में हुए समारोह में भी नीता अंबानी ने भारत की समृद्ध कलात्मक विरासत की प्रतीक और हाथ से बुनी हुई शिकारगाह बनारसी साड़ी पहनी। जटिल बुनाई तकनीक और पारंपरिक कोन्या डिजाइन वाली यह साड़ी, भारतीय शिल्प कौशल की मिसाल है।

## भारत टेक्स में पंचतत्व से प्रेरित सस्टेनेबल टेक्सटाईल नवाचार का प्रदर्शन

**नयी दिल्ली।** एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप की प्रमुख कंपनी आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड ने भारत मंडपम में चल रहे भारत के सबसे ब? टेक्सटाईल कारोबार मेले भारत टेक्स 2025 में पंचतत्व से प्रेरित टेक्सटाईल इनोवेशन्स का प्रदर्शन किया है। केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरीराज सिंह ने कंपनी के इस पंचतत्व पहल की सराहना की है। भारत सरकार में टेक्सटाईल आयुक्त रूप राशि महापात्रा ने प्राचीन भारतीय ज्ञान 'पंचतत्व'- पांच तत्वों यानि अग्नि, धरती, जल, वायु और अंतरिक्ष- से प्रेरित इस नवाचार का अनावरण किया है जो सरकार के स्थायी भविष्य के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। प्रदर्शनी के दौरान पर्यावरण के अनुकूल टेक्सटाईल विज्ञान एवं कारोबार की सजग प्रथाओं के साथ उद्योग जगत के अग्रणी उत्पादों एवं सेवाओं को दर्शाया गया है, जिनमें पारम्परिक एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी के संयोजन से बने पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार टेक्सटाईल्स शामिल हैं। कंपनी के मेलांज यार्न कारोबार के प्रमुख एवं मुख्य कार्यकारी योगेश दत्त तिवारी ने कहा कि शो में आने वाले आगंतुक प्रत्येक पंचतत्व से प्रेरित उत्पादों को देख सकते हैं। अग्नि से प्रेरित टेक्सटाईल्स में आधुनिक अग्निरोधी, यूवी-प्रतिरोधी और उष्मा से सुरक्षित (हीट-प्रोटेक्टिव) फैब्रिक शामिल हैं, जिन्हें अत्याधुनिक थर्मोरेग्युलेशन टेक्नोलॉजी से बनाया गया है। धरती पर आधारित फैब्रिक में ओर्गेनिक कॉटन, हेम्प, जूट और बायोडीग्रेडेबल पॉलिस्टर से बने टेक्सटाईल्स हैं जो पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ मजबूत भी हैं। जल पर आधारित प्रोडक्ट की बात करें तो नमी सोखने वाले और जल्दी सूखने वाले जल-रोधी (वॉटर-रेपेलेन्ट) टेक्सटाईल्स हैं जिन्हें उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है।

## खाद्य तेल और दालों मे मिलाजुला रुख

**नयी दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल तथा दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा सप्ताहांत पर 50 रिंगिट गिरकर 4725 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.18 सेंट की बढ़ोतरी लेकर 46.59 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 365 रुपये, पाम ऑयल 146 रुपये और वनस्पति तेल 72 रुपये प्रति क्विंटल सस्ते हो गये जबकि मूंगफली तेल 148 रुपये और सोया रिफाइंड में 220 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18462 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15457 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13187 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16044 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहनः बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान मूंग दाल 300 रुपये और उड़द दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई जबकि अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई वहीं चना, दाल चना और मसूर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## विदेशी मुद्रा भंडार 7.7 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 638.3 अरब डॉलर पर

**मुंबई ।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति एवं स्वर्ण में बढ़ोतरी होने से 07 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 7.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 638.3 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.1 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 630.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 07 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.42 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 544.1 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.32 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 72.21 अरब डॉलर हो गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.1 करोड़ डॉलर घटकर 17.9 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 7.1 करोड़ डॉलर लुढ़ककर 4.1 अरब डॉलर रह गया।

# एपीडा ने ऑस्ट्रेलिया को भारतीय अनार की पहली समुद्री खेप भेजने में मदद की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत के कृषि निर्यात के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने एग्रोस्टार और केबी एक्सपोर्ट्स के साथ मिलकर समुद्र के रास्ते ऑस्ट्रेलिया को क्रमशः प्रीमियम सांगोला और भगवा अनार की भारत की पहली वाणिज्यिक परीक्षण खेप सफलतापूर्वक पूरी की। यह भारतीय ताजा उपज के लिए बाजार पहुंच का विस्तार करने में एक बड़ी सफलता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार भारतीय अनार के निर्यात के लिए बाजार तक पहुंच प्राप्त करने के बाद फरवरी 2024 में ऑस्ट्रेलिया को अनार के निर्यात के लिए एक कार्य योजना और मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) पर हस्ताक्षर किए गए। एपीडा और राष्ट्रीय पौध संरक्षण संगठन (एनपीपीओ) द्वारा सफल बाजार पहुंच सुविधा के बाद जुलाई 2024 में पहली हवाई शिपमेंट हुई। हवाई शिपमेंट ने बाजार की मांग का आकलन करने में मदद की, जिसके कारण लागत दक्षता को अनुकूलित करने के लिए समुद्री शिपमेंट का अनुसरण किया गया। पहली समुद्री माल ढुलाई शिपमेंट 6 दिसंबर, 2024 को भारत से रवाना हुई और 13 जनवरी, 2025 को सिडनी पहुंची, जिसमें महाराष्ट्र के सोलापुर क्षेत्र से प्राप्त 5.7 मीट्रिक टन (एमटी) अनार थे। इन्हें 1,900 बक्सों में पैक किया गया था, जिनमें से प्रत्येक में 3 किलोग्राम प्रीमियम फल थे। भगवा किस्म के 1,872 बक्से (6.56 टन) ले जाने वाला एक और वाणिज्यिक समुद्री शिपमेंट 6 जनवरी, 2025 को ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन पहुंचा। बल्क समुद्री शिपमेंट के उपयोग ने प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण सुनिश्चित किया, किसानों को लाभ पहुंचाया और स्थायी व्यापार के अवसर पैदा किए। दोनों शिपमेंट को भारत की ट्रेसेबिलिटी प्रणाली अनारनेट (ढ्ढक्र ह्श्च्ञ) में एकीकृत किया गया, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हुई और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उपभोक्ता का विश्वास बना। यह सफल निर्यात न केवल वैश्विक गुणवत्ता मानकों को पूरा करने में भारत की क्षमताओं को रेखांकित करता है, बल्कि नए राजस्व स्रोतों को खोलकर भारतीय किसानों को महत्वपूर्ण बढ़ावा भी देता है। अनार को सिडनी, ब्रिसबेन और मेलबर्न में अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। एपीडा के अध्यक्ष अभिषेक देव ने इस बात पर जोर दिया कि भारत का कृषि निर्यात परिदृश्य अभूतपूर्व गति से बढ़ रहा है, जिसमें ताजे फलों का निर्यात साल-दर-साल 29त्न बढ़ रहा है। अकेले अनार में 20त्न की वृद्धि देखी गई है, जो इस क्षेत्र की अपार संभावनाओं को दर्शाता है। ऑस्ट्रेलिया को प्रीमियम अनार की सफल शिपमेंट भारत की समझदार अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उच्च गुणवत्ता वाली ताजा उपज की आपूर्ति करने की क्षमता को दर्शाती है।

## टेक्सटाइल निर्यात 2030 तक नौ लाख करोड़ रु. तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा मोदी ने

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की प्रगति में टेक्सटाइल उद्योग की भूमिका के महत्व को रेखांकित करते हुए इस उद्योग के सामने टेक्सटाइल निर्यात 2030 तक तीन गुना करके नौ लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा और उम्मीद जतायी की यह लक्ष्य उससे पहले हासिल कर लिया जाएगा। श्री मोदी राजधानी के भारत मंडपम में कपड़ा क्षेत्र की विशाल प्रदर्शनी 'भारत टेक्सट 2025' का भ्रमण करने के बाद वहां उपस्थित भागीदारों की एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, भारत अतीत में जब समृद्ध था तो उसमें देश के वस्त्र उद्योग का बड़ा योगदान था, आज जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है तो उसमें भी हमारे टेक्सटाइल उद्योग की भूमिका महत्वपूर्ण है। श्री मोदी ने कहा,हम दुनिया के छठे सबसे बड़े टेक्सटाइल और एपैरल एक्सपोर्टर हैं। हमारा टेक्सटाइल निर्यात तीन लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। अब हमारा लक्ष्य है कि 2030 तक हम इसे नौ लाख करोड़ रुपये तक लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज उद्यमियों के उत्साह से यह जान पड़ता है कि 'आप यह लक्ष्य समय से पहले ही हासिल कर लेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में टेक्सटाइल उद्योग का योगदान इस समय 11 प्रतिशत है तथा सरकार के प्रयासों के परिणाम स्वरूप इस क्षेत्र में पिछले 10 वर्ष में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश दो गुना हुआ है। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र से कपड़ा उद्योग की कर्ज की मांग को पूरा करने के लिए भी कहा।

## सर्राफा बाजार में कमजोरी का रुख, सोना-चांदी के भाव में मामूली गिरावट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। आज की कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 86,060 रुपये से लेकर 86,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 78,890 रुपये से लेकर 79,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इस कमजोरी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,00,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 86,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 79,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 86,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 78,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 86,110 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 78,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 86,060 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 78,890 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 86,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 78,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 86,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 79,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 86,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना



78,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 86,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 86,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 78,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## थमी नहीं एफपीआई की बिकवाली, फरवरी में हुई 21,272 करोड़ रुपये की निकासी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का सिलसिला थम नहीं रहा है। फरवरी के पहले दो सप्ताह में अभी तक विदेशी निवेशक भारतीय बाजारों से 21,272 करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। साल 2025 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली करके अभी तक 99,299 करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। सिर्फ जनवरी के महीने में ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 78,027 करोड़ रुपये की निकासी की थी। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक साल 2025 में बिकवाली का दबाव जरूर बनाए हुए हैं, लेकिन इसके पहले 2024 में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई ने खरीद बिक्री मिलकर 427 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। इसी तरह 2023 में घरेलू शेयर बाजार में एफपीआई ने 1.71 लाख करोड़ रुपये डाले थे। दिलचस्प तथ्य ये है कि इस साल विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक शेयर बाजार में जहां सेलर बने हुए हैं, वहीं इस साल फरवरी के महीने में अभी तक वे बॉन्ड और डेट मार्केट में बायर की भूमिका निभा रहे हैं। इस महीने




एफपीआई ने जनरल लिमिट के तहत बॉन्ड में 1,296 करोड़ रुपये और वॉलंटरी रिटेंशन रूट के जरिए 206 करोड़ रुपये डाले हैं।

मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से स्टील और एल्यूमीनियम के इंपोर्ट पर नए टैरिफ लगाने का ऐलान करने और कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की बात कहने की वजह से ग्लोबल मार्केट में घबराहट का माहौल बना हुआ है। ग्लोबल ट्रेड वॉर की आशंका की वजह से विदेशी पोर्टफोलियो निवेदक अपने निवेश को सुरक्षित करने की कोशिश में लग गए हैं। यही वजह है कि एफपीआई द्वारा भारत समेत दुनिया के तमाम स्टॉक मार्केट्स में बिकवाली की जा रही है। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का मानना है कि इसी वैश्विक चिंता के कारण डॉलर इंडेक्स में भी तेजी आई हुई है, लेकिन जब डॉलर इंडेक्स में गिरावट आएगी, तो एफपीआई को भी अपनी चाल में बदलाव करना पड़ेगा।

## टॉप 10 में शामिल 8 कंपनियों के मार्केट कैप में 2.03 लाख करोड़ की गिरावट, रिलायंस को सबसे जयादा नुकसान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 8 के मार्केट कैप में 2 लाख करोड़ से अधिक की गिरावट आ गई। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे अधिक नुकसान का सामना करना पड़ा। इसके अलावा टॉप 10 में शामिल दो कंपनियों के मार्केट कैप में इस सप्ताह 23,608.77 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। इस सप्ताह के कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईटीसी, इंफोसिस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), हिन्दुस्तान यूनिलीवर, और बजाज फाइनेंस के मार्केट कैप में कुल 2,03,952.65 करोड़ रुपये की गिरावट आई। वहीं, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हो गई। सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 67,526.54 करोड़ रुपये फिसल कर 16,46,822.12 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 34,950.72 करोड़ रुपये कम होकर 14,22,903.37 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 28,382.23 करोड़ रुपये घट कर 12,96,708.35 करोड़ रुपये के स्तर पर, आईटीसी का मार्केट कैप 25,429.75 करोड़ रुपये कम होकर 5,13,699.85 करोड़ रुपये के स्तर, इंफोसिस का मार्केट कैप 19,287.32 करोड़ रुपये घट कर 7,70,786.76 करोड़ रुपये के स्तर पर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 13,431.55 करोड़ रुपये गिर कर 6,44,357.57 करोड़ रुपये के स्तर पर, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 10,714.14 करोड़ रुपये घट कर 5,44,647 करोड़ रुपये के स्तर पर और बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 4,230.40 करोड़ रुपये कम हो कर 5,20,082.42 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। दूसरी ओर, भारती एयरटेल का मार्केट कैप 22,426.20 करोड़ रुपये बढ़ कर 9,78,631.54 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 1,182.57 करोड़ रुपये बढ़ कर 8,88,815.13 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 16,46,822.12 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस (कुल मार्केट कैप 14,22,903.37 करोड़ रुपये), एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 12,96,708.35 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 9,78,631.54 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 8,88,815.13 करोड़ रुपये), इंफोसिस (कुल मार्केट कैप 7,70,786.76 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 6,44,357.57 करोड़ रुपये), हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 5,44,647 करोड़ रुपये), बजाज फाइनेंस (कुल मार्केट कैप 5,20,082.42 करोड़ रुपये) और आईटीसी (कुल मार्केट कैप 5,13,699.85 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

## नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा आर्थिक संबंध मजबूत करने की दिशा में अहम कदम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग संगठन फिक्की ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल ही में संपन्न अमेरिका यात्रा को भारत-अमेरिका आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। फिक्की के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल ही में संपन्न अमेरिका यात्रा को भारत-अमेरिका आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा, इस यात्रा के दौरान परिणाम-आधारित एजेंडे पर विशेष ध्यान दिया गया और संयुक्त वक्तव्य में इसके सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। यह कई क्षेत्रों में वाणिज्यिक और रणनीतिक हितों के बढ़ते तालमेल को दर्शाता है। उन्होंने फिक्की ने वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर के व्यापार लक्ष्य को निर्धारित करने और बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा शुरू करने के लिए दोनों देशों के नेताओं की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि फिक्की सरकार



के साथ मिलकर इस वाणिज्यिक एजेंडे को आगे बढ़ाने और भारत-अमेरिका आर्थिक संबंधों को और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे दोनों देशों को लाभ होगा।

# फ्यूचरब्रांड इंडेक्स की ग्लोबल रैंकिंग में रिलायंस दूसरे पायदान पर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़े कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने एक और शानदार उपलब्धि हासिल की है। फ्यूचरब्रांड इंडेक्स 2024 में दुनिया भर में रिलायंस को नंबर दो की रैंकिंग मिली है। कंपनी ने 11 पायदानों की लंबी छलांग लगाई है, पिछले साल कंपनी 13वें स्थान पर काबिज थी।

रैंकिंग में रिलायंस अब एप्पल, नाइकी, वॉल्ट डिज़्नी, नेटफ्लिक्स, माइक्रोसॉफ्ट, इंटेल या टोयोटा जैसे जाने-माने वैश्विक ब्रांडों से आगे है। सैमसंग को रैंकिंग में पहला स्थान मिला है।

फ्यूचरब्रांड पहली 100 कंपनियों की रैंकिंग करता है। रैंकिंग में दुनिया भर के पेशेवर शामिल होते हैं। पारंपरिक रैंकिंग का आधार वित्तीय प्रदर्शन पर केंद्रित होता है



| FBI Global Ranking 2024 | 2024 vs 2023 | Company | FBI Global Ranking 2023 | PwC 2024 Position | Sector |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ↑4 | SAMSUNG | 5 | 21 | Information Technology |
| 2 | ↑11 | Reliance | 13 | 46 | Energy |
| 3 | ↓2 | | 1 | 2 | Information Technology |
| 4 | ↑8 | | 12 | 98 | Consumer Discretionary |
| 5 | ↑4 | ASML | 9 | 25 | Information Technology |
| 6 | ↑8 | danaher | 14 | 67 | Healthcare |
| 7 | ↑19 | The Walt Disney Company | 26 | 49 | Communication Services |
| 8 | ↑13 | | 21 (2022) | 33 | Consumer Staples |
| 9 | ↓5 | | 4 | 10 | Information Technology |
| 10 | – | IHC | NEW ENTRY | 45 | Industrials |

इसके विपरीत, फ्यूचरब्रांड इंडेक्स इस बात पर गहराई से विचार करता है कि दुनिया भर के प्रोफेशनल्स ब्रांड को कैसे देखते हैं। रैंकिंग में उन ब्रांड्स ने बाजी मारी है जो लक्ष्यों को पूरा करने के लिए लगातार रणनीति विकसित करते रहते हैं, और बाजार में होने वाले बदलावों से दूसरी कंपनियों से आगे रहते हैं। रैंकिंग जारी करते हुए फ्यूचरब्रांड इंडेक्स 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है, ' भविष्य के ब्रांड अपनी मूल पहचान को खोए बिना बदलती उपभोक्ता अपेक्षाओं, तकनीकी प्रगति और बाजार की गतिशीलता को पहचान कर उसके अनुकूल बदलते हैं।

उन्हें इस बात का पता होता है कि वे कौन हैं और क्या कर रहे हैं। पिछले दशक में फ्यूचरब्रांड इंडेक्स से पता चलता है कि सफल ब्रांड जानते हैं कि परिस्थितियों के साथ सामंजस्य कैसे बिठाया जाए, जिससे न केवल अस्तित्व सुनिश्चित हो, बल्कि निरंतर सफलता भी मिले।'

## अनुराग मेहरोत्रा जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक नियुक्त

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रीमियम यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज श्री अनुराग मेहरोत्रा को कंपनी के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्ति करने की घोषणा की।कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि तीन दशकों के पेशेवर अनुभव के साथ, उन्होंने ऑटोमोटिव क्षेत्र की बिक्री, विपणन, रणनीति और व्यवसाय विकास में प्रमुख नेतृत्व की भूमिकाएँ निभाई हैं। उनके व्यापक अनुभव में प्रमुख राष्ट्रीय और वैश्विक कंपनियों में नेतृत्व के पद शामिल हैं। उनकी पिछली भूमिकाओं में टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स में रणनीति और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के उपाध्यक्ष और फोर्ड इंडिया में अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शामिल हैं। उसने कहा कि श्री मेहरोत्रा समग्र रणनीतिक विकास पहलों को आगे बढ़ाएंगे और कंपनी के चार ब्रांड स्तंभों विविधता, अनुभव, नवाचार और समुदाय को मजबूत करेंगे। भारत में एमजी ब्रांड को इसकी शुरुआत से ही स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले राजीव चाबा संयुक्त संचालन समिति के सदस्य के रूप में प्रबंधन और शेयरधारकों को सलाह देना जारी रखेंगे। कंपनी ने कहा कि श्री चाबा के नेतृत्व में, एमजी देश के शीर्ष कार ब्रांडों में से एक बन गया है और इसने सभी श्रेणियों में नवाचार और व्यवधान के लिए मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने ऐसे अभिनव उत्पादों के लॉन्च का नेतृत्व किया जो अपने समय से बहुत आगे थे। उन्होंने एक लचीली, उच्च प्रदर्शन करने वाली टीम बनाई है जिसने कई चुनौतियों को सफलतापूर्वक पार किया है, जिससे एमजी का तेजी से विकास हुआ है और भारतीय बाजार में इसकी स्थिति मजबूत हुई है।

एस ए आई सी के अध्यक्ष के सहायक और एस ए आई सी मोटर के अंतर्राष्ट्रीय संचालन प्रमुख यू डे ने कहा, हम भारत में एम जी ब्रांड के निर्माण में उनके असाधारण नेतृत्व के लिए राजीव चाबा के आभारी हैं। अनुराग का विविध अनुभव और घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजार की गतिशीलता की गहरी समझ इस यात्रा को अगले स्तर पर ले जाने में महत्वपूर्ण होगी। जे एस डब्ल्यू एम जी मोटर इंडिया के निदेशक पार्थ जिंदल ने कहा, ÷हम अपनी एन ई वी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं और एक रोमांचक उत्पाद पाइपलाइन के साथ एक नए युग में तेजी लाने के लिए तैयार हैं।

## सेल के 11 अधिकारी समय से पहले सेवानिवृत्त

सेल SAIL
स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने आचरण अनुशासन के तहत 50 वर्ष से अधिक आयु के 11 अधिकारियों को समय से पहले सेवानिवृत्त कर दिया है। सेल ने कल देर रात जारी इस को लेकर जारी बयान में कहा कि 50 वर्ष से अधिक आयु के अधिकारियों की सत्यनिष्ठा और प्रभावोत्पादकता का आकलन करने की नीति है। इस संबंध में कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित विस्तृत दिशानिर्देशों में सेवा रिकॉर्ड के आधार पर अधिकारियों की प्रभावशीलता, दक्षता, आचरण और सत्यनिष्ठा की समीक्षा के लिए मानदंड निर्धारित किए गए हैं। कंपनी ने कहा कि पिछली ऐसी समीक्षा के बाद, सेल संयंत्रों / इकाइयों में विभिन्न स्थायी समितियों की सिफारिशों पर संबंधित सक्षम प्राधिकारियों द्वारा विचार किया गया और सेल के आचरण अनुशासन और अपील नियमों में नियम 56(जे) के समान प्रावधानों के तहत, संगठन में दक्षता, सत्यनिष्ठा और जवाबदेही बनाए रखने के हित में 11 अधिकारियों को सेवानिवृत्त करने का निर्णय लिया गया।

# अगले सप्ताह 2 नए आईपीओ की लॉन्चिंग, 10 कंपनियों के शेयर लिस्टिंग के जरिए करेंगे स्टॉक मार्केट में एंट्री

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सोमवार से शुरू हो रहा कारोबारी सप्ताह नए आईपीओ की लॉन्चिंग के लिहाज से ठंडा रहने वाला है। इस सप्ताह सिर्फ दो नए आईपीओ की लॉन्चिंग हो रही है। हालांकि निवेशकों के पास पिछले सप्ताह 13 और 14 फरवरी को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले पांच आईपीओ में भी बोली लगाने का मौका होगा। इसके अलावा इस सप्ताह 10 कंपनियों के शेयरों की स्टॉक मार्केट में लिस्टिंग होने वाली है।

इस सप्ताह गुरुवार 20 फरवरी को एचपी टेलीकॉम इंडिया का 34.23 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में निवेशक 24 फरवरी तक आवेदन कर सकेंगे। आईपीओ के तहत शेयर का मूल्य 108 रुपये तय किया गया है। निवेशक 1,200 शेयर के लॉट में आवेदन कर सकते हैं। कंपनी के शेयर 28 फरवरी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। इसके अगले दिन 21 फरवरी को बीजासन एक्सप्लोटेक का 59.93 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में निवेशक 25 फरवरी तक आवेदन कर सकेंगे। आईपीओ के तहत 165 से लेकर 175 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया है। निवेशक 800 शेयर के लॉट में आवेदन कर सकते हैं। कंपनी के शेयर 3 मार्च को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे।

इसके अलावा पिछले सप्ताह 13 फरवरी को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले एलके मेहता पॉलीमर्स के 7.38 करोड़ रुपये के आईपीओ में 17 फरवरी यानी कल तक आवेदन किया जा सकता है। इस आईपीओ को अभी तक 9 गुना सब्सक्रिप्शन मिल चुका है। आईपीओ के तहत बोली लगने के लिए शेयर का मूल्य 71 रुपये तय किया गया है, जबकि इसका लॉट साइज 1,600 शेयर का है। कंपनी के शेयर 21 फरवरी को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। इसी तरह 13 फरवरी को ही ओपन हुए शणमुगा हॉस्पिटल के 20.62 करोड़ रुपये के आईपीओ में भी 17 फरवरी यानी कल तक आवेदन किया जा सकता है। ये आईपीओ अभी तक शत प्रतिशत सब्सक्राइब हो चुका है। आईपीओ के तहत बोली लगने के लिए शेयर का मूल्य 54 रुपये तय किया गया है, जबकि इसका लॉट साइज 2,600 शेयर का है। कंपनी के शेयर 20 फरवरी को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 14 फरवरी को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले क्वालिटी पावर इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट के 858.70 करोड़ रुपये के आईपीओ में 18 फरवरी तक बोली लगाई जा सकती है। इस आईपीओ को अभी तक 0.62 गुना सब्सक्रिप्शन मिल चुका है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 401 से लेकर 425 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 26 शेयर का है। कंपनी के शेयर 21 फरवरी को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे।इसी तरह 14 फरवरी को ही खुले रॉयलआर्क इलेक्ट्रोड्स के 36 करोड़ रुपये के आईपीओ में भी 18 फरवरी तक बोली लगाई जा सकती है। इस आईपीओ को अभी तक 0.14 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 114 से लेकर 120 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। कंपनी के शेयर 21 फरवरी को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे।

## रांची के राजभवन में द्रौपदी मुर्मू ने चखा धुस्का का स्वाद, झारखंड के इस खास नाश्ते को आप भी करें ट्राई, ऐसे बनाएं



धुस्का झारखंड और बिहार का पारंपरिक स्नैक है, जो चावल और चना दाल से बनता है. इसे आलू की सब्जी या चटनी के साथ परोसा जाता है. त्योहारों और खास मौकों पर इसका विशेष महत्व है.

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज BIT मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में शामिल हुई हैं. बीते रात वह रांची के राजभवन में ठहरीं, जहां उन्हें डिनर में लाल साग के साथ धुस्का परोसा गया. अगर आप झारखंड और बिहार के पारंपरिक व्यंजनों के शौकीन हैं, तो आपने धुस्का का नाम जरूर सुना होगा. धुस्का बेहद स्वादिष्ट और कुरकुरा स्नैक है, जिसे चावल और चना दाल के घोल से बनाया जाता है. धुस्का को झारखंड और बिहार में खासतौर पर नाश्ते के रूप में खाया जाता है और यह बहुत ही कम तेल में बनने वाला व्यंजन है. इसे आलू की सब्जी या चटनी के साथ परोसा जाता है, जिससे इसका स्वाद और भी बढ़ जाता है. अगर आप भी झारखंड के इस खास पकवान को घर पर बनाना चाहते हैं, तो यह आसान रेसिपी आपके लिए है.

**धुस्का बनाने के लिए आवश्यक सामग्री**

चावल ङ्क 1 कप
चना दाल ङ्क ड्ड कप
हरी मिर्च ङ्क 2-3 (बारीक कटी हुई)
अदरक ङ्क 1 इंच टुकड़ा (कद्दूकस किया हुआ)
हींग ङ्क 1 चुटकी
हल्दी पाउडर – ½ टीस्पून
नमक ङ्क स्वादानुसार
धनिया पत्ती – 2 टेबलस्पून (बारीक कटी हुई)
सौंफ ङ्क 1 टीस्पून
बेकिंग सोडा – 1 चुटकी (अगर आप ज्यादा फूला हुआ धुस्का चाहते हैं)
तेल – तलने के लिए

**धुस्का बनाने की आसान विधि**

सबसे पहले चावल और चना दाल को 5-6 घंटे तक पानी में भिगोकर रखें. इसके बाद अतिरिक्त पानी निकालकर इन्हें मिक्सर में थोड़ा सा पानी डालकर पीस लें. ध्यान रखें कि बैटर ज्यादा पतला न हो, यह इडली बैटर जैसा गाढ़ा होना चाहिए. अब पिसे हुए बैटर में नमक, हल्दी, अदरक, हरी मिर्च, हींग और सौंफ डालकर अच्छे से मिक्स करें. इसके बाद इसमें बारीक कटी हुई धनिया पत्ती डालें और अच्छी तरह मिलाएं. बैटर को 15-20 मिनट तक ढककर रख दें ताकि यह अच्छे से सेट हो जाए. एक कढ़ाई में तेल गर्म करें. तेल मध्यम गरम होना चाहिए, ज्यादा ठंडा या ज्यादा गरम न करें. अब बैटर को हाथ या चम्मच से लेकर छोटे-छोटे गोल आकार में तेल में डालें. धुस्का को धीमी से मध्यम आंच पर सुनहरा और कुरकुरा होने तक तलें. एक बार जब यह गोल्डन ब्राउन हो जाए, तो इसे टिशू पेपर पर निकाल लें, ताकि एक्स्ट्रा तेल निकल जाए.

**धुस्का को परोसने के तरीके**

झारखंड में धुस्का को आलू टमाटर की मसालेदार सब्जी के साथ खाया जाता है. आप इसे हरी धनिया-पुदीना की चटनी या टमाटर की मीठी चटनी के साथ भी परोस सकते हैं. यह नाश्ते के साथ-साथ शाम के स्नैक के रूप में भी बहुत टेस्टी लगता है.

**झारखंड और बिहार में धुस्का का महत्व**

धुस्का झारखंड और बिहार के पारंपरिक व्यंजनों में से एक है, जिसे आमतौर पर त्योहारों, खास मौकों या नाश्ते में बनाया जाता है.

# महिला किसानों का सामुदायिक रेडियो



तेलंगाना का छोटा गांव है माचनूर। वैसे तो यह गांव आम गांव की तरह है, लेकिन सामुदायिक रेडियो ने इसे खास बना दिया है

करीब एक दशक पहले अक्टूबर 2008 में इस सामुदायिक रेडियो को लाइसेंस प्राप्त हुआ है। हालांकि यह अलग स्वरूप में 1999 से ही चल रहा था। डैक्कन डेवलपमेंट सोसायटी ( गैर सरकारी संस्था, इसे डीडीएस भी कहते हैं) इस इलाके में 80 के दशक से दलित महिला किसानों के बीच में काम कर रही है। जो जमीन यहां बंजर थी, कम उपजाऊ थी उसे सुधारने व उपजाऊ बनाया गया है।

तेलंगाना का छोटा गांव है माचनूर। वैसे तो यह गांव आम गांव की तरह है, लेकिन सामुदायिक रेडियो ने इसे खास बना दिया है। हाल ही में गुजरात के भुज में मुझे इस रेडियो की संवाददाता व संपादक से मिलने का मौका मिला, हालांकि कुछ साल पहले मैं उनके गांव भी गया था। आज के कॉलम में इसी अनूठे काम की कहानी बताना चाहूंगा। इस कहानी से हम यह समझ सकते हैं कि कुछ महिलाओं ने एक रेडियो जैसे संचार माध्यम को सालों चलाया है, और उसे उनके इलाके में न केवल लोकप्रिय बनाया है, बल्कि खेती जैसी पारंपरिक आजीविकाओं को पुनर्जीवित करने का माध्यम भी बनाया है।संगारेड्डी जिले का गांव है माचनूर। जहीराबाद से करीब 10 किलोमीटर दूर निर्जन इलाके के पेड़ों के बीच स्थित है संगम रेडियो स्टेशन।सामुदायिक रेडियो की संपादक जनरल नरसम्मा हैं, उनसे हाल ही में मिलकर मुझे कुछ साल पहले की याद आई। मैं उनके इलाके व गांव में गया था, कई महिला किसानों से बात की थी। रेडियो स्टेशन देखा और डैक्कन डेवलपमेंट सोसायटी ( डीडीएस), जिसके प्रयास से यह सब संभव हुआ, उनके निदेशक पी.व्ही.सतीश से मिला था और उनसे डीडीएस व सामुदायिक रेडियो की कहानी सुनी। दुर्भाग्य से पी. व्ही सतीश जी अब नहीं है, उनका निधन हो गया। पर उनके द्वारा स्थापित संस्था डी.डी.एस. चल रही है।सामुदायिक रेडियो की शुरूआत पौष्टिक अनाजों की खेती के प्रचार-प्रसार से हुई। पौष्टिक अनाज जैसे- ज्वार, सांवा, कोदो, कुटकी, रागी, काकुम, बाजरा, दालें, तिलहन इत्यादि। जो खेती लगभग उजड़ चुकी थी, उसे फिर से हरा-भरा करने के लिए इसकी जरूरत महसूस की गई। जब इस खेती में महिलाओं को सफलता मिली तो इसके प्रचार-प्रसार किया गया और इसका माध्यम बना संगम रेडियो।करीब एक दशक पहले अक्टूबर 2008 में इस सामुदायिक रेडियो को लाइसेंस प्राप्त हुआ है। हालांकि यह अलग स्वरूप में 1999 से ही चल रहा था। डैक्कन डेवलपमेंट सोसायटी ( गैर सरकारी संस्था, इसे डीडीएस भी कहते हैं) इस इलाके में 80 के दशक से दलित महिला किसानों के बीच में काम कर रही है।जो जमीन यहां बंजर थी, कम उपजाऊ थी उसे सुधारने व उपजाऊ बनाया गया है और उसमें पौष्टिक अनाजों की खेती की गई है। आज अनाज का उत्पादन, भंडारण व वितरण ( वैकल्पिक जन वितरण प्रणाली) का काम होता हैैक्कन डेवलपमेंट सोसायटी के निदेशक पी. व्ही सतीश स्वयं पत्रकार रहे थे। उन्होंने व उनके सहयोग से कुछ और लोगों ने गांव की महिलाओं को बुनियादी प्रशिक्षण दिया। स्क्रिप्ट लिखना, रिकार्ड करना और एडीटिंग करना सब कुछ महिलाएं ही करती हैं।इसके संचालन के लिए कम्युनिटी मीडिया ट्रस्ट का गठन किया है जिसमें महिलाएं सामुदायिक रेडियो के साथ छोटी फिल्में भी बनाती हैं, जो उनके गांव, खेती व सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर होती हैं। इन फिल्मों से देश-दुनिया में पौष्टिक अनाजों की खेती का प्रचार-प्रसार हुआ है।

यहां ऊंचा टावर है, जहां से रोज शाम 7 से 9 बजे तक रेडियो कार्यक्रमों का प्रसारण होता है। दो घंटे के कार्यक्रम होता है जिसमें आधा घंटा फोन पर फीडबेक व चर्चा के लिए होता है। कार्यक्रम आधारित बात भी होती है। सभी कार्यक्रम तेलगू में होते हैं।

इसमें गांव, खेती, संस्कृति तीज-त्यौहार और स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रम होते हैं। पर्यावरण ( पर्यावरणम) और गांव के समाचार ( विलेज न्यूज), और व्यंजन बनाने के तौर-तरीके (रेसेपी) जैसे कई कार्यक्रम होते हैं। अलग-अलग मुद्दों पर साक्षात्कार व बातचीत भी की जाती है।महिला स्वास्थ्य पर भी कार्यक्रम होते हैं। पुराने लोकगीतों का बड़ा संग्रह है। जिसमें मौसम के हिसाब से कई गीत हैं। खेती-किसानी के गीत, बुआई और कटाई के गीत प्रसारित किए जाते हैं। इसके अलावा, जन्मदिन की शुभकामनाएं व मवेशी ( गाय,बैल आदि) गुम होने की सूचना भी दी जाती है। अगर मवेशी मिल जाते हैं तो उसकी भी सूचना दी जाती है।

गांवों में यह संगम रेडियो बहुत लोकप्रिय है और स्थानीय भाषा तेलगू में इसका प्रसारण होता है। इसे करीब 150 गांवों में सुना जाता है। जनरल नरसम्मा संगम रेडियो की प्रबंधक हैं। पूरावक्ती तीन कार्यकर्ता हैं जो कार्यरत हैं। स्वैच्छिक कार्यकर्ता हंर जो रिपोर्टिंग करते हैं।जनरल नरसम्मा कहती हैं कि वे 10वीं कक्षा पास हैं और शुरू से ही संगम रेडियो से जुड़ी हैं। इससे उनकी जिंदगी बदल गई है। लोगों का बहुत प्यार मिलता है। कई लोग उनसे मिलने आते हैं। वे खुद किसान हैं और खेती भी करती हैं। उनका रेडियो महिलाओं की आवाज है और वह भी ऐसी महिलाओं की जो दबी हैं, वंचित हैं। उन्होंने बताया कि अब हाल ही में यू ट्यूब पर वीडियो पर भी अपलोड किए जाते हैं। इस नए माध्यम से लोगों को जोड़ने की कोशिश की जा रही है।गुजरात में हमने भुज के बन्नी इलाके में साथ-साथ दौरा किया था। कई पशुपालकों से मिले थे। वहां भी नरसम्मा जी ने उनके रेडियो के लिए कई लोगों के साक्षात्कार रिकार्ड किए थे। वे जहां भी जाती हैं, वहां से उनके रेडियो के लिए रिपोर्ट करती हैं। उनका यह प्रयास गांवों को, उनकी समस्याओं को, उनकी वैकल्पिक पहलों को दिखाने का रहता है।

उनके इलाके में करीब एक माह के लिए बैलगाड़ी पर अनोखी गांव खेती यात्रा निकाली जाती है। इस यात्रा में वे गांव-गांव जाते हैं और पारंपरिक बीजों व उसकी खेती पर चर्चा करते हैं। बीजों की अदला-बदली भी करते हैं। इसमें हर गांव के कई लोग जुड़ते हैं और इस मुहिम में भागीदार बनते हैं।

कुल मिलाकर, संगम रेडियो के काम से दो-तीन बातें समझ आती हैं। यह महिलाओं की आवाज है। वे इसे चलाती हैं, वे ही इसकी मालिक हैं। उनके सशक्तिकरण का अच्छा उदाहरण है। अपसंस्कृति के दौर में गांव की, जमीन से जुड़ी गांव व कृषि संस्कृति का उदाहरण है, जो सैकड़ों सालों में विकसित हुई है। कृषि संस्कृति में इन दिनों ठहराव है, ऐसे उदाहरणों से उसमें गति आएगी।

यह अनुभव से सीखने का बहुत अच्छा उदाहरण भी है। रेडियो से जुड़ी महिलाएं ज्यादातर कम पढ़ी लिखी हैं लेकिन वे सब काम कुशलता से करती हैं। वे कहती हैं कि हम पढ़े-लिखे व विशेषज्ञ लोगों से मदद नहीं लेते, उनको तो हमारे मुद्दे ही पता नहीं है। हालांकि उनका किताबों से विरोध नहीं है, उनमें से कुछ महिलाएं किताबें पढ़कर भी सीखती रहती हैं। काम करते-करते बहुत कुछ सीखा जा सकता है, अनुभव सिखाता है।

वैकल्पिक व स्वतंत्र मीडिया का बहुत अच्छा उदाहरण है। जो मुद्दे मुख्यधारा के मीडिया में किन्हीं कारणों से नहीं आ पाते, वह संगम रेडियो में जगह पाते हैं। जिंदगी को बेहतर बनाने व सामाजिक बदलान में सूचनाओं का योगदान बहुत होता है, इससे साफ दिखता है। सूचनाओं का आदान-प्रदान ही नहीं बल्कि उनका निर्माण करना भी महिला किसान कर रही हैं। वे खुद किसान हैं और रेडियो के माध्यम से उसका प्रचार भी कर रही हैं, जो अनूठा उदाहरण है।

यानी यह वंचित महिलाओं की आवाज है। संस्कृति, भाषा, परंपरागत ज्ञान का संरक्षण व संवर्धन करता है। खाद्य संप्रभुता व बीज संप्रभुता को बढ़ावा देता है। मिट्टी-पानी का संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरण का संरक्षण को प्रमुखता देता है। वैकल्पिक व स्वतंत्र मीडिया है। यह अनूठा सामुदायिक रेडियो कई मायनों में उपयोगी, सार्थक व अनुकरणीय है।

संपादकीय

## टैरिफ और कारोबार

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि अमेरिका की नीतियां 'अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका' पर ही समाप्त हो जाती हैं। दूसरी बार सत्ता में आए ट्रंप ने जिस आक्रामक तरीके से कनाडा,मैक्सिको व चीन आदि पर टैरिफ लगाए हैं, वैसी आक्रामकता उन्होंने भारत के प्रति नहीं दिखायी। हाल में व्हाइट हाउस में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की बातचीत कई मायनों में सकारात्मक रही। उसमें किसी तरह की तल्खी नजर नहीं आई। यह निर्विवाद सत्य है कि अमेरिका हमेशा अपने कारोबारी हितों को ही प्राथमिकता देता है। इस मुलाकात में यही नजर आया कि ट्रंप दोनों देशों के व्यापार संतुलन का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में करने को कटिबद्ध है। इस मुलाकात में उन्होंने टैरिफ का मुद्दा भी उठाया और व्यापार घाटे को कम करने के लिये अधिक तेल, गैस और सैन्य साजो-सामान खरीदने की जिम्मेदारी भारत पर डाल दी। दरअसल, भारत कुछ उन देशों में शामिल हैं जिनके साथ व्यापार का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में नहीं है। यही वजह है कि ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ तो की, लेकिन साथ ही भारत में अमेरिकी सामान पर तर्कसंगत कर लगाने की बात भी कही। यदि

ट्रंप की मौजूदा नीतियां सिरे चढ़ी तो व्यापार की परिस्थितियां अमेरिका के अनुकूल भी हो सकती है। ट्रंप ने मोदी को अपनी तुलना में बेहतर सख्त वार्ताकार बताया। दोनों नेताओं ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दुगना करने तथा लाभप्रद व्यापार समझौते के लिये बातचीत करने का संकल्प भी जताया। भविष्य में व्यापार समझौता अमेरिका के पक्ष में न झुके, इसमें पीएम मोदी के कूटनीतिक कौशल की परीक्षा भी होनी है। यहां उल्लेखनीय है कि मोदी-ट्रंप मुलाकात में रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में बातचीत सकारात्मक रही। दोनों देशों ने एक दस वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। जिसमें प्रमुख हथियारों और प्लेटफार्मों के सह-उत्पादन को आगे बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना का मार्ग प्रशस्त किया गया। वहीं दूसरी ओर यदि भारत को अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों की प्रस्तावित आपूर्ति परवान चढ़ती है तो पड़ोसी देशों की बेचैनी और बढ़ जाएगी।

इस यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण घोषणा यह भी रही है कि 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी गई है। यह पाकिस्तान को चेतावनी भी है कि वह अपनी जमीन से आतंकवादियों को सीमापार आतंकी हमलों को अंजाम देने में मदद बंद करे। अब इस्लामाबाद पर मुंबई और पठानकोट के आतंक हमलों के साजिशकर्ताओं को सजा देने का दबाव भी बढ़ जाएगा। निस्संदेह, ट्रंप का 'टैरिफ आतंकवाद' निगलने वाली कड़वी गोली हो सकती है, लेकिन भारत की रक्षा तैयारियों में अमेरिका की बड़ी भूमिका एक आकर्षक प्रस्ताव होगा। हालांकि, ट्रंप ने भारत पर टैरिफ को लेकर कोई सीधी घोषणा तो नहीं की लेकिन यह जरूर कहा कि जितना टैरिफ अन्य देश अमेरिकी सामान पर लगाते हैं, अमेरिका भी उसी अनुपात में टैरिफ लगाएगा। उल्लेखनीय है कि जिस समय पीएम मोदी अमेरिका यात्रा के लिये निकले, अमेरिका से अपमानजनक तरीके से भारत भेजे गए कथित अवैध प्रवासियों का मुद्दा गर्म था। ट्रंप के साथ मुलाकात में भारत ने अवैध रूप से आए भारतीयों को वापस लेने की बात भी कही। पत्रकार वार्ता में मोदी ने कहा कि इस मुद्दे पर हमारे विचार एक जैसे हैं। यदि अमेरिका में अवैध भारतीय प्रवासियों की पुष्टि होती है तो हम उन्हें वापस लेने के लिये तैयार हैं। उन्होंने इसे मानव तस्करों की करतूत बताया। कहा कि तब नहीं मालूम होता कि उन्हें अमेरिका ले जाया जा रहा है। ये बहुत आम परिवारों के बच्चे हैं, जिन्हें बड़े सपने दिखाए जाते हैं और बड़े-बड़े वायदे किए जाते हैं। उन्होंने भोले लोगों को इस साजिश से बचाने हेतु मानव तस्करों पर शिकंजा कसने की बात कही। पिछले दिनों भारतीय विदेश मंत्री ने कहा था कि भारत व अमेरिका यह तय करने का प्रयास कर रहे हैं कि वापस भेजने की प्रक्रिया के दौरान किसी भारतीय नागरिक के साथ दुर्व्यवहार न किया जाए। वहीं दूसरी ओर ट्रंप ने दुनिया में इस्लामी चरमपंथ के खतरे से निपटने के लिये भारत और अमेरिका के मिलकर काम करने की भी मंशा जाहिर की।

# दिल्ली चुनाव में आप को हराने में केंद्रीय प्रशासन ने बड़ी भूमिका निभायी

## भाजपा 45.6 प्रतिशत वोट पाकर 48 सीटों के साथ दिल्ली विधानसभा चुनाव जीती

दिल्ली में यह चुनावी लड़ाई सभी धर्मनिरपेक्ष विपक्षी दलों के लिए एक संयुक्त चुनावी दंगल का आह्वान होगी ताकि वे लोकतंत्र और संघवाद पर भाजपा के नापाक हमले को हराने के लिए एक साथ आ सकें। परन्तु ऐसा नहीं हुआ, और न ही आप इस अभियान को लोगों के बीच शक्तिशाली रूप से ले जा सकी।भाजपा 45.6 प्रतिशत वोट पाकर 48 सीटों के साथ दिल्ली विधानसभा चुनाव जीती। आम आदमी पार्टी (आप) 43.6 प्रतिशत वोट पाकर 22 सीटें जीती। दोनों के बीच अंतर केवल 2 प्रतिशत था, लेकिन यह 2020 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को मिली केवल 8 सीटों से 40 सीटें अधिक था।दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों को अलग-अलग दृष्टिकोण से देखा और विश्लेषित किया जा रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि 27 साल के लंबे अंतराल के बाद दिल्ली में भाजपा की जीत ने पार्टी और मोदी सरकार को बढ़ावा दिया है। वहीं, दस साल सत्ता में रहने के बाद आप की हार को एक खास तरीके से व्याख्यायित किया जा रहा है। कॉरपोरेट मीडिया और सत्ता समर्थक टिप्पणीकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला मुख्य दृष्टिकोण यह है कि आप को उसकी करनी और चूकों के लिए मतदाताओं द्वारा दंडित किया गया है।ऐसा कहा जाता है कि %इंडिया अगेंस्टकरप्शन% आंदोलन से जन्मी आप पर अब भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके हैं और इसके नेता अरविंद केजरीवाल की छवि खराब हो चुकी है। दूसरी लोकप्रिय बात यह है कि आप ने अपने पहले कार्यकाल में गरीब तबके के कल्याण के लिए कई वायदे पूरे किए थे - हर घर को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी की आपूर्ति और मोहल्ला क्लीनिक की स्थापना और सरकारी स्कूलों का उन्नयन। लेकिन दूसरे कार्यकाल में आप सरकार महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा शुरू करने के अलावा कोई काम नहीं कर पाई। उपराज्यपाल और आप सरकार के बीच टकराव को भी इसका एक कारण माना जाता है, लेकिन प्रवृत्ति दोनों दलों पर दोष मढ़ने की है।इसलिए यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि बढ़ती सत्ता विरोधी भावना के कारण मोदी सरकार की गारंटी के भरोसे आप और भाजपा को चुनावी झटका लगा है और डबल इंजन वाली सरकार ने लोगों का जनादेश हासिल किया है। यह सच है कि आप सरकार अपने दसरे कार्यकाल (2020-25) में अपने कछ प्रमख वायदों को पूरा नहीं कर पाई। खासकर मध्यम वर्ग के बीच बिगड़ते बुनियादी ढांचे - सड़क, सीवरेज, कचरा निपटान और पानी की आपूर्ति को लेकर असंतोष है। आप अपने गैर-वैचारिक दृष्टिकोण का शिकार बन गयी है, जिसे उसने अपनी खास शैली बना लिया था। भाजपा और आरएसएस की आक्रामक हिंदुत्व की राजनीति को हिंदू धार्मिक प्रतीकों और भावनाओं की लगातार अपील करके बेअसर करने की कोशिश की गयी। आप नेतृत्व ने मुस्लिम अल्पसंख्यकों के समर्थन में लगातार रुख अपनाने से परहेज किया, जो हमले के शिकार हुए थे। आप सरकार लगातार दुर्गम होती गयी और श्रमिकों, शिक्षकों और छात्रों सहित लोगों के विभिन्न वर्गों की शिकायतें अनसुनी हो गयीं। अंत में, मोदी सरकार द्वारा झूठे मामले गढ़ने के कारण नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री आवास के महंगे जीर्णोद्धार के कारण आप की स्वच्छ और भ्रष्टाचार मुक्त पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा। भाजपा के %शीश महल' अभियान ने मतदाताओं के एक वर्ग को कुछ हद तक प्रभावित किया।इन सभी बातों को स्वीकार करने के बाद भी चुनावी नतीजों में मुख्य कारक - मोदी सरकार और आप सरकार और उसके नेतृत्व पर भाजपा का एकतरफा हमला- को कम करके आंका जा रहा है या अनदेखा किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में जो कुछ हुआ है, वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में अभूतपूर्व है।



असंवैधानिक साधनों का सहारा लेकर केंद्र द्वारा राज्य सरकार पर वास्तविक कब्ज़ा कर लिया गया। 1991 में पारित अधिनियम के अनुसार, दिल्ली सरकार की शक्तियां सीमित कर दी गई थीं, जिसमें पुलिस, कानून और व्यवस्था तथा भूमि को उपराज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में लाया गया था। लेकिन 2020 के चुनावों में आप को हराने में विफल रही मोदी सरकार ने प्रशासनिक सेवाओं का नियंत्रण दिल्ली सरकार और और उसके मंत्रालय से छीनने की शैतानी योजना शुरू कर दी।उपराज्यपाल ने अधिकारियों की नियुक्ति और तबादले की शक्तियों का प्रयोग करना शुरू कर दिया। नौकरशाही ने मंत्रियों की बात सुनना बंद कर दिया और इसके बजाय उपराज्यपाल के निर्देशों का इंतजार करने लगी। इस आदेश के खिलाफ दिल्ली सरकार सुप्रीम कोर्ट गयी। मई 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में उपराज्यपाल की शक्तियों को खत्म कर दिया और कहा कि दिल्ली सरकार के पास सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस और भूमि के विभागों को छोड़कर प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण है। केंद्रीय गृह मंत्री इस फैसले को स्वीकार नहीं कर सके और तुरंत एक अध्यादेश लाया गया जिसमें सेवाओं को उपराज्यपाल के अधिकार क्षेत्र में रखा गया। इसके बाद इसे दिल्ली एनसीटी अधिनियम के संशोधन के रूप में शामिल किया गया।इस पूरी अवधि के दौरान, एक तमाशा सामने आया जिसमें नौकरशाह न केवल मंत्रियों की बात अनसुनी करते थे, बल्कि अक्सर मंत्रियों द्वारा दिये गये निर्देशों के खिलाफ काम करते थे। उपराज्यपाल और वरिष्ठ नौकरशाहों ने मंत्रियों के खिलाफ आरोप तय करने में मिलीभगत की।

इसके अलावा पहले एक वरिष्ठ मंत्री की गिरफ्तारी भी हुई। फिर उपमुख्यमंत्री और अंत में मुख्यमंत्री को भी जेल भेज दिया गया। पानी जैसी कई आवश्यक आपूर्तियां केंद्र द्वारा शक्तियों के हड़पने का शिकार बन गयीं। उदाहरण के लिए, दिल्ली विधानसभा ने फरवरी 2024 में बजट आवंटन में दिल्ली जल बोर्ड के लिए 3,000 करोड़ रुपये पारित किये थे। यह विधानसभा द्वारा कानून के रूप में पारित एक बजट प्रावधान था। फिर भी वित्त सचिव ने इन निधियों को जल बोर्ड में जाने से रोक दिया। दिल्ली सरकार को इस मामले में राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा।

इसलिए सरकार का पक्षाघात और वरिष्ठ सिविल सेवकों द्वारा आप सरकार के विरुद्ध कार्य करना राज्य सरकार पर एक बोझ बन गया। यह वही अपराध है जो मोदी सरकार ने किया था, जिसे अब उसने भुनाया है, जबकि आप ने गैर-प्रदर्शन की कीमत चुकाई है।किसी ने सोचा होगा कि दिल्ली में यह चुनावी लड़ाई सभी धर्मनिरपेक्ष विपक्षी दलों के लिए एक संयुक्त चुनावी दंगल का आह्वान होगी ताकि वे लोकतंत्र और संघवाद पर भाजपा के नापाक हमले को हराने के लिए एक साथ आ सकें। परन्तु ऐसा नहीं हुआ, और न ही आप इस अभियान को लोगों के बीच शक्तिशाली रूप से ले जा सकी।इन चुनावों में कांग्रेस के रुख की आलोचना भारतीय जनता पार्टी और उसके अन्य सहयोगी दलों द्वारा सही ही की जा रही है। कांग्रेस का चुनाव अभियान आप को हराने और उसके नेता केजरीवाल को भ्रष्ट व्यक्ति के रूप में पेश करने पर अधिक केंद्रित था। इस अभियान की दिशा खुद राहुल गांधी ने तय की। इसके अलावा, कांग्रेस पार्टी, जिसने पिछले विधानसभा चुनाव में केवल 4.26 प्रतिशत वोट हासिल किये थे, को विधानसभा की सभी 70 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ना चाहिए था, जबकि आप के साथ कोई समझौता नहीं हो सकता था।आप की हार का मुख्य कारण जहां आप से बहुत अधिक वोटों का दूर जाना है, वहीं यह भी एक तथ्य है कि जिन 13 सीटों पर आप हारी, वहां कांग्रेस को हार के अंतर से अधिक वोट मिले। आप के नेता - केजरीवाल, मनीष सिसोदिय, सौरभ भारद्वाज - सभी कांग्रेस को मिले मतों से कम अंतर से हारे।

हालांकि परिणाम धर्मनिरपेक्ष-लोकतांत्रिक विपक्ष के लिए निराशाजनक है, लेकिन तथ्य यह है कि लगभग 44 प्रतिशत मतदाताओं ने आप को वोट दिया, जिनमें से अधिकांश गरीब वर्ग के लोग और महिलाएं थीं।



घर झोपड़ी का हो या आलीशान मकान, हर परिवार के लिए उसका घर सबसे प्रिय होता है। बढ़ती महंगाई, शहरों की ओर पलायन और वहां जगह की कमी, मकानों की अनुपलब्धि आदि विपरीत परिस्थितियों में आदमी ऐसे घर की कल्पना करता है, जो उसकी सीमित आय के दायरे में प्रभावशाली व समर्थ होने के साथ-साथ सुन्दर और मौलिक भी हो।

# घर की आंतरिक साज-सज्जा

बने-बनाये फ्लैटों के भद्दे रूप में मूलभूत परिवर्तन करके उसे सुन्दर और प्रभावशाली बनाना मुश्किल नहीं है। यदि सूझबूझ के साथ काम किया जाए तो एक सीमित आय में भी एक आम परिवार अपने सुन्दर, व्यवस्थित और सुविधापूर्ण और खुले घर की कल्पना को साकार बना सकता है।

## आंतरिक सज्जा

घर की आंतरिक साज-सज्जा को सुनियोजित ढंग से करके घर की संकुचित जगह को कुछ हद तक बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि फर्नीचर की व्यवस्था और सामान रखने का स्थान पूर्व निश्चित किया जाए। घर की दीवारों का उपयोग करके भी घर की आंतरिक जगह को बढ़ाया जा सकता है। दीवारों पर शेल्फ लगाकर फर्श की जगह बचाई जा सकती है। ऐसा करके सामान सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से रखा जा सकता है। फर्नीचर, दीवारों, खिड़की और दरवाजे आदि को ध्यान में रखते हुए शेल्फ का डिजाइन किया जाना चाहिए। वाशिंग मशीन व फ्रिज के लिए उपयुक्त स्थान होना चाहिए।

जगह की कमी के कारण छोटे-छोटे फ्लैटों में ड्राइंग रूप में डाइनिंग रूम एक ही होते हैं। डाइनिंग टेबल अधिक जगह घेरता है। ड्राइंग रूम और किचन के बीच की दीवार या दरवाजे को हटाकर वहां डाइनिंग टेबल लगाकर काफी जगह को बचाया जा सकता है। खुली रसोई से घर की निगरानी रखी जा सकती है। पुल आउट बेड, डबल डेकर बेड और फोल्डिंग टेबल को इस्तेमाल करके फर्श की जगह को बचाया जा सकता है।

## रंगों का चुनाव

घर के प्रत्येक हिस्से में भरपूर हवा और रोशनी होना चाहिए। पंखे, लाइट, कूलर, एग्जास्ट फैन और लाइट पाइंट को सुनियोजित ढंग से लगवाना चाहिए। दीवारों और फर्श को रंग-रोगन द्वारा आकर्षक और सुन्दर बनाया जा सकता है। ऐसे रंगों का चुनाव करना चाहिए जो आंखों को शीतलता और सौम्यता प्रदान करें। हल्के और प्लेन रंगों से कमरा खुला-खुला प्रतीत होता है। आजकल फर्श और दीवारों के लिए कई प्रकार के रंग-रोगन, टाइल्स, वालपेपर, पत्थर, मैट्स, कारपेट्स, लिनोलियम, विनायल फैब्रिक्स, दरी, जूट आदि उपलब्ध हैं। इनका सही चुनाव करके इस्तेमाल करना चाहिए। प्राकृतिक पत्थरों का इस्तेमाल करके दीवार और फर्श को मोहक व सुन्दर रूप दिया जा सकता है।



किसी को किसी से दोस्ती, किसी को किसी से प्यार और किसी को किसी से बढ़ती दूरी, यह सब 'साइंस ऑफ अटैचमेंट' के दायरे में आते हैं। आइये समझते हैं इनके पहलुओं को।

# समझें साइंस ऑफ अटैचमेंट



कोई भी किसी के प्रति किस तरह का लगाव रखेगा या कोई बच्चा बड़ा होकर किस तरह का व्यक्ति बनेगा, इसकी परख दशकों पहले उसके हावभाव से कर लिया करते थे। हाल ही के दिनों में व्यक्ति के इसी विज्ञान को समझने के लिए लंदन के वैज्ञानिकों ने एक शोध किया और पाया कि इंसान की जिंदगी में तीन तरह के अटैचमेंट या जुड़ाव पाए जाते हैं। पहला है निश्चिंत, दूसरा है चिंतित और तीसरा है सुरक्षा का अहसास करने वाला।

## होंगी मुश्किलें आसान

किसी भी व्यक्ति का पूरा व्यक्तित्व और दूसरों के साथ उसके संबंधों का आकलन साइंस ऑफ अटैचमेंट पर आधारित होता है और अगर कोई अपने शरीर के अंदर के इस विज्ञान को जान ले तो उसकी जिंदगी की कई मुश्किलें आसान हो सकती हैं। जैसे कि यदि कोई सिंगल है और अपने लिए पार्टनर तलाश कर रहा है तो अपने आप को परख कर वह जान सकता है कि तीन प्रकार के अटैचमेंट में से उस पर कौन सा लागू होता है, ताकि इसी आधार पर वो अपने लिए सही पार्टनर का चुनाव कर सके। अच्छा रिश्ता लोगों को लंबा, खुशहाल और स्वस्थ जीवन देता है।

## तीन प्रकार के लगाव

इस शोध के अनुसार इंसान की जिंदगी में तीन प्रकार के लगाव को बच्चे के जरिए बड़ी आसानी से समझा जा सकता है। यदि किसी बच्चे को उसकी मां कमरे में अकेला छोड़कर चली जाती है तो वह रोना शुरू कर देता है और मां के लौट आने पर वह चुपचाप खेलने लग जाता है। यह श्रेणी सिक्योर यानी सुरक्षित महसूस करने वालों की होती है, जो किसी का साथ पाकर अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं। चिंतित यानी एंक्शियस श्रेणी में मां के चले जाने से बच्चा परेशान या चिंता में पड़ जाता है और मां के आने के बाद वह मां पर गुस्सा दिखाते हुए रोना शुरू करता है। निश्चिंत बच्चे पर मां के आने और जाने से कोई खास फर्क नहीं पड़ता है।

## पार्टनर का चुनाव

बचपन का यही व्यवहार उसके भावी जीवन में भी बना रहता है। तो पहले अपनी श्रेणी जान लीजिए और फिर कीजिए अपने पार्टनर का चुनाव या फिर इससे दरकते रिश्तों की दीवार को सहारा दिया जा सकता है। सुरक्षित श्रेणी के लोग किसी का साथ पाकर बहुत खुश रहते हैं और तन्मयता से किसी को प्यार करते हैं। चिंतित व्यक्ति हमेशा अपने रिश्ते को लेकर भयग्रस्त ही रहते हैं और निश्चिंत व्यक्ति अपने साथी को पूरी स्वतंत्रता देते हैं। ऐसे व्यक्ति किसी को पाने और खोने दोनों ही स्थितियों में समानता बनाए रखते हैं।



# बेदाग खूबसूरत त्वचा

बेदाग खूबसूरत त्वचा पाने के लिए आप कई फंडे अपनाती होंगी। नियमित फेशियल करवाने के साथ शायद ब्लीच का भी इस्तेमाल करती हों। पर क्या आप जानती हैं कि ब्लीच का इस्तेमाल कैसे करना चाहिए? या आपकी त्वचा के लिए कौन-सी ब्लीच क्रीम परफेक्ट है? दरअसल, ब्लीच क्रीम में हाइड्रोजन पेरॉक्साइड और अमोनिया बाई-कार्बोनेट होता है, जो बाल और त्वचा के रंग को हल्का कर एक समान बना देता है, पर इसकी अधिक मात्रा स्किन को प्रभावित करती है। चेहरे की ब्लीचिंग करने से पहले ब्लीच की एबीसीडीजरूर जानें।

## क्या है ब्लीच

ब्लीचिंग ब्यूटी ट्रीटमेंट है, जो हेयर कलर को हल्का कर देता है, जिससे उनका दिखना कम हो जाता है। इससे बिना चेहरे को नुकसान पहुंचाए चेहरे का आकर्षण बढ़ जाता है।

## कैसे करें

ब्लीच करने के लिए पहले चेहरे को अच्छी तरह क्लींजिंग मिल्क से साफ करें। इसके बाद ब्लीच क्रीम में एक्टिवेटर पाउडर को अच्छी तरह से मिलाएं। अब इस पेस्ट को चेहरे पर ऊपर से नीचे की ओर लगाएं। क्रीम को अपने चेहरे पर 20-25 मिनट तक लगाए रखें। जब क्रीम अच्छी तरह सूख जाए, तो चेहरे को गीले कपड़े से बिना रगड़े साफ करें। चेहरे को पोंछने के बाद कोल्ड क्रीम लगाएं, इससे चेहरे पर ड्राईनेस महसूस नहीं होगी। ब्लीच करने के तुरंत बाद चेहरे को साबुन से न धोएं। इससे ब्लीच का असर कम हो जाता है।

## एक्टिवेटर की सही मात्रा

ब्लीच कराते समय कुछ लोगों को जलन की समस्या होती है। इसका मुख्य कारण होता है, एक्टिवेटर का क्रीम में ज्यादा मात्रा में होना। दो स्पैटूला ब्लीच क्रीम में 1/4 स्पैटूला एक्टिवेटर पाउडर यूज किया जाना चाहिए।

## प्राकृतिक ब्लीच

प्राकृतिक चीजों जैसे संतरा, नींबू, शहद, हल्दी आदि में ब्लीचिंग तत्व होते हैं, जिनके इस्तेमाल से चेहरे पर ब्लीच का इफेक्ट आता है। वैसे बाजार में बिना केमिकल वाली हर्बल ब्लीच क्रीम भी हैं, जो पूरी तरह प्राकृतिक तत्वों से निर्मित हैं।

## कितने दिन में कराएं ब्लीच

ब्लीचिंग का प्रभाव चेहरे पर 15 से 20 दिनों तक रहता है। इसीलिए हर 15 से 20 दिनों बाद ब्लीचिंग करवाना चाहिए। मगर इससे पहले अपनी त्वचा की प्रकृति के बारे में जानें। ब्लीचिंग किट के लेबल पर दिए इंस्ट्रक्शन्स को पढ़ें।

## तब ब्लीच का यूज न करें

ब्लीचिंग सभी प्रकार की त्वचा को सूट नहीं करती। इस्तेमाल करने से पहले बांह या कान के पीछे पैच टेस्ट करें। चेहरे पर मुंहासे हों या चोट हो, तो ब्लीच न करें। आंखों के ज्यादा पास ब्लीच नहीं करना चाहिए।



# शकपैता

## सामग्री

उरद की दाल - 200 ग्राम ( एक कप), बथुआ - 250 ग्राम ( बारीक कतरा हुआ एक कप), नमक - स्वादानुसार ( एक छोटी चम्मच), घी या तेल - 1 -2 टेबल स्पून, हींग - 1-2 पिंच, जीरा - आधा छोटी चम्मच, हल्दी पाउडर - एक चौथाई छोटी चम्मच, टमाटर - 2-3, हरी मिर्च - 2-4, अदरक - 1 इंच लम्बा टुकड़ा, लाल मिर्च - एक चौथाई छोटी चम्मच, गरम मसाला - एक चौथाई चम्मच, हरा धनियां - कतरा हुआ 1 टेबल स्पून (यदि आप चाहें)

## बनाने की विधि

दाल को साफ कीजिये, धोइये और एक घंटे के लिये पानी में भिगो दीजिये। बथुआ को साफ कीजिये, मोटी डंडियां हटा दीजिये, पत्तों को साफ पानी से 2 बार धोइये। बथुया को थाली में तिरछा करके रख दीजिये ताकि अतिरिक्त पानी निकल जाए, धुले हुए बथुआ के पत्तों को बारीक काट लीजिये। दाल, बथुआ के कतरे हुए पत्ते, 3 कप पानी और नमक डाल कर पकने रख दीजिये, कुकर में एक सीटी आने पर आग धीमी कर दीजिये और दाल को 2-3 मिनट तक धीमी आग पकने दीजिये, आग बन्द कर दीजिये, कुकर का प्रेशर खत्म होने के बाद कुकर खोलिये। टमाटर, हरी मिर्च और अदरक को बारीक पीस लीजिये। आप चाहें तो अदरक को बारीक कतर भी सकते हैं।

कढ़ाई में घी डालकर गरम कीजिये, गरम घी में हींग और जीरा डालकर तड़काइये, आग धीमी रखिये जीरा तड़कने के बाद हल्दी पाउडर, टमाटर हरी मिर्च का पेस्ट, अदरक डालकर मसाले को दानेदार होने तक भूनिये, भुने मसाले में लालमिर्च डालकर मिला दीजिये। दाल में पानी की मात्रा देखिये अगर आपके अनुसार पर्याप्त गाढ़ी है, तब भुने हुए मसाले को दाल में डाल कर मिला दीजिये। अगर आप दाल को पतला करना चाहें तो जितना पानी आप मिलाना चाहें मसाले में डालिये और उबाल आने तक पका लीजिये, नमक भी स्वाद के अनुसार और मिला लीजिये, गरम मसाला मिलाइये, उरद की दाल और बथुआ का शकपैता तैयार है। शकपैता को प्याले में निकालिये, धनियां डाल कर सजाइये। गरमा गरम उरद की दाल और बथुआ का शकपैता बाजरे की रोटी, मक्के की रोटी या मिस्सी रोटी, चावल किसी के साथ परोसिये और खाइये।





# सूखी भेल

## सामग्री

4 कटोरी मुरमुरे, 2 कटोरी नमकीन सेव, बारीक कटी प्याज, बारीक कटा टमाटर, बारीक कटा हरा धनिया, स्वादानुसार चाट मसाला, 1 चम्मच तेल, आधे नींबू का रस

## बनाने की विधि

मुरमुरे और नमकीन सेव अच्छी तरह मिला लें। बारीक कटी प्याज, टमाटर, हरा धनिया, चाट मसाला डालें और थोड़ा गीलापन लाने के लिए 1 चम्मच तेल भी डाल सकते हैं। आधे नींबू का रस डालें अच्छी तरह मिलाकर तुरंत परोसें। ध्यान रखें, भेल तुरंत तैयार किया जाता है। पहले से बनाकर रखने से मुरमुरे सख्त हो जाएंगे और स्वाद खराब हो जाएगा।

# टोमैटो पकौड़ा

## सामग्री

2 टमाटर, 100ग्राम बेसन, नमक स्वादानुसार, चुटकीभर सोड़ा, एक टी स्पून लाल मिर्च पाउडर, आधा टी स्पून अजवायन, एक टी स्पून चाट मसाला , तलने के लिए तेल।

## बनाने की विधि

टमाटर के मोटे गोल स्लाइस काटकर इस पर नमक लगाकर 5 मिनट तक रखें। बेसन में लाल मिर्च पाउडर, चाट मसाला, नमक, सोड़ा और अजवायन मिलाकर गाढ़ा घोल तैयार करें। टमाटर के स्लाइस को इस घोल में डीप करके सुनहरा होने तक तलें, हरी चटनी या टोमैटो केचअप के साथ सर्व करें।



# परदों से संवरा आपका घर

घर की खूबसूरती में जितना महत्व दीवारों पर लगे रंगों का है, उतना ही महत्व दरवाजों खिड़कियों पर लटकते परदों का है। आप चाहें तो कपड़े खरीद कर खुद से भी परदे सिलवा सकते हैं या फिर किसी भी मार्केट से रेडीमेड परदे खरीदे जा सकते हैं। इसके अलावा बाजार में ब्रांडेड परदे भी मौजूद हैं।



**परदों** के मामले में भी अब लोग काफी चूजी होने लगे हैं। वे अब परदों में भी स्टाइल और ट्रेंड्री लुक देखने लगे हैं। इसकी वजह परदों को लेकर बदली मानसिकता है। पहले जहां परदों का इस्तेमाल सिर्फ अपनी प्राइवेसी को बनाए रखने के लिए होता था, वहीं परदे अब इंटीरियर का एक खास हिस्सा बनने लगे हैं। यही कारण है कि जिस तरह फर्नीचर या घर की अन्य चीजों की खरीददारी पर ध्यान दिया जाता है, इसी तरह परदों की खरीददारी को अहमियत दी जाती है। परदों के चयन में वैसे तो सबकी अलग-अलग रुचि हो सकती है, पर इस मामले में घर की दीवारों के रंगों का ध्यान सभी रखते हैं। परदे दीवारों के रंगों से मिलते-जुलते हो सकते हैं या फिर कॉन्ट्रास्ट कलर के भी हो सकते हैं। मौसम के अनुसार भी परदे सिलवाए जा सकते हैं। गर्मी में लाइट ब्लू, ग्रीन आदि शांतिदायक रंगों का इस्तेमाल करें जबकि जाड़े के दिनों के लिए लाल, नारंगी और पीले रंगों के प्रयोग को अच्छा माना जाता है। मौसम के अनुसार परदे लगाने की जरूरत का ही परिणाम है कि पहले जहां एक ही तरह के परदे पूरे साल लटके रहते थे, वहीं अब बेडशीट की तरह परदे भी कुछ-कुछ अंतराल पर बदल दिए जाते हैं। रंगों के चयन के बाद बारी आती है कपड़ों के चयन की। इस उद्देश्य मुख्यत: सूती और जॉर्जेट फैब्रिक का ही इस्तेमाल होता है। दोनों ही फेब्रिक में डिजाइन की कोई कमी नहीं है। आप अपनी इच्छानुसार प्रिंट का चयन कर सकते हैं। हां, जॉर्जेट सूती परदों के मुकाबले महंगा जरूर आता है। वैसे तो अभी तक बाजार से कपड़े खरीद कर परदे सिलवाने का ही चलन था, पर अब रेडीमेड परदों से भी बाजार भरा पड़ा है। अब यह आपकी जरूरत है और इच्छा पर निर्भर करता है कि आप परदे सिलवाते हैं या सिले सिलाए परदे ही बाजार से ले आते हैं। आजकल लोगों के पास समय की कमी है यही कारण है कि रेडीमेड परदों की मांग बढ़ने लगी है। इससे आपका समय बचता है और सिलवाने की माथापच्ची भी नहीं करनी पड़ती। इसके अलावा इन परदों को दुकान में टांग कर ही उनकी खूबसूरती का आकलन किया जा सकता है। कुछ दुकानदार तो ट्रायल के लिए परदों को घर ले जाने की भी इजाजत दे देते हैं इस तरह सिले सिलाए परदों से घर को सजाना अब लोगों को अधिक भाने लगा है। आप चाहें तो सिंगल परदे लगवा सकते हैं और चाहें तो डबल, ताकि आपकी प्राइवेसी और बेहतर बनी रहे। सिर्फ परदे ही नहीं, इससे संबंधित एक्सेसरीज की भी बाजार उत्पाद भी है और ब्रांडेड भी। उदाहरण के लिए ब्रांडेड करेंट एक्सेसरीज में आल्प्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड एक जाना माना नाम है, जिसके उत्पाद विस्टा नाम से बाजार में है।

## मस्करा कैसे लगाएं

- अगर आप नकली आई लैशेज के बिना उन्हें घना दिखाना चाहती है तो मस्करा वैंड से अतिरिक्त मस्करा निकाल दें।
- वैंड को सीधे पकड़े और धीरे-धीरे जड़ से सिरे तक घुमाते हुए लगाएं।
- कर्ल को सेट करने के लिए वैंड को आई लैसेज के सिरे पर कुछ सेकेंड के लिए लगाये रखें।
- पहला कोट सूखने के बाद ही दूसरा कोट लगाएं, जिससे मस्करा जमा होकर चिपके नहीं।
- जब तक मस्करा गीला है, आई लैश ब्रश से उन्हें शेप दें। इससे पलकों का बाल-बाल अलग होगा।
- मस्करे में कीटाणु बहुत जल्दी लगते हैं। तीन माह में इसे बदल दें चाहे, आपने इसका इस्तेमाल किया हो या नहीं।
- रात को सोने से पहले मस्करा साफ करना न भूलें। ऐसा न करने से यह आंखों के आस-पास फैल सकता है।

## आप भी बन सकती हैं अच्छी कुक



- सलाद काटने से पहले सब्जियां कुछ समय पहले फ्रीजर में रखें, फिर काटें। सलाद आसानी से और अच्छा कटेगा।
- दही-बड़े बनाने के लिए पिसी हुई दाल में थोड़ी-सी सूजी भी फेंट लें। बड़े अधिक नर्म बनेंगे।
- उबले चावलों को खुशबूदार बनाने हेतु चावल उबालते समय एक तेज पत्ता डाल दें।
- रायते को अधिक स्वादिष्ट बनाने हेतु रायता बनाते समय दही में थोड़ा-सा ठंडा दूध डालें। रायता खट्टा नहीं बनेगा।
- चाय बनाते समय चाय की पत्ती को पानी में अधिक देर तक न उबालें। देर तक उबले पानी की चाय का स्वाद अच्छा नहीं आता।
- भिंडी गलने के बाद थोड़ा दही या नींबू का रस मिला कर पकाने से अधिक स्वादिष्ट बनेगी।
- भरवां करेले में बचा हुआ आम के आचार का मसाला मिला कर भरने से करेले स्वादिष्ट बनते हैं।
- नान बनाते समय उसमें थोड़ी-सी अजवाइन डालें।
- भिंडी, पालक, मेथी, बथुआ आदि बिना ढंते बनाएं। सब्जी का रंग हरा बना रहेगा।
- सैंडविच काटने के लिए जिस चाकू का प्रयोग करें उसे हल्का सा गर्म कर लें। गर्म चाकू से सैंडविच आसानी से कट जाते हैं।
- कचौंड़ी को अधिक खस्ता बनाने के लिए आटा गूंधते समय उसमें मोयन के साथ एक-दो चम्मच दही डालें।

## फोटो मेकअप का बढ़ा क्रेज

### खास मौके को खास तस्वीर के रूप में सहेजना चाहती हैं लड़कियां

**गर्ल्स** की परफैक्ट और खूबसूरत दिखने की चाहत ब्यूटी इंडस्ट्री में कई बदलाव ला रही है। ब्राइड के मेकअप से लेकर मॉडल्स को बेहतरीन लुक देने के लिए ब्यूटी एक्सपर्ट्स काफी मेहनत करते हैं। ऐसे में कस्टमर को ऐसा मेकअप और ऐसा मेकओवर देना जो उन्हें उम्र भर याद रहे इन ब्यूटी एक्सपर्ट्स की पहली प्रैफरेंस रहती है। एंगेजमेंट से लेकर शादी के लिए ब्राइड्स को तैयार करने के लिए ब्यूटी एक्सपर्ट्स खास तरह के प्रोडक्ट यूज करते हैं ताकि उनकी लुक फोटो में अच्छे से उभर कर आए। इस मेकअप को फोटो मेकअप भी कहा जाता है। ब्यूटी एक्सपर्ट्स की माने तो गर्ल्स अपनी लुक को लेकर इतनी चूजी हो गई हैं कि वक्त के साथ-साथ मेकअप में भी काफी बदलाव लाने की जरूरत पड़ रही है। इसके अलावा स्किन को खास तौर पर ध्यान में रखते हुए प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल किया जाता है ताकि किसी प्रकार का साइड-इफैक्ट न हो।



**इंटरनैशनल ब्रांड्स का इस्तेमाल**

सिलवीज के ऋषि बताते हैं कि फोटो मेकअप के लिए खास तौर पर इंटरनैशनल ब्रांड्स जैसे मैक, बॉबी-ब्राउन का यूज किया जाता है। इन ब्रांड्स के साथ किया हुआ मेकअप ज्यादा देर तो रहता है साथ ही फोटोज भी अच्छी आती है। आम मेकअप में फोटोज में पैच नजर आते हैं, लेकिन इन प्रोडक्ट्स की मदद से किए गए मेकअप से परफैक्ट फोटो आती हैं।

**थोड़ा-सा महंगा है**

किल्योपेट्रा की डॉ. श्रुति बताती हैं कि इस मेकअप की कीमत आम मेकअप से थोड़ी ज्यादा है। जहां आम मेकअप 7000 रुपए तक किया जा सकता है, वहीं इस मेकअप की कीमत 12,000 रुपए या इससे ज्यादा हो सकती है। हर सैलून में पैकेज के अनुसार कीमत में फर्क हो सकता है।

**मॉडल्स की खास पसंद**

मॉडल्स के लिए भी फोटो मेकअप यूज किया जाता है ताकि फोटो में वे बेहतरीन लग सकें। इसके अलावा ईलीट क्लास खास तौर पर इसी मेकअप को प्रैफर करती है। ब्यूटी एक्सपर्ट्स के मुताबिक सैंसटिव स्किन वाले कस्टमर के लिए यही मेकअप बैस्ट रहता है, क्योंकि इसमें यूज किए जाने वाले प्रोडक्ट स्किन को नुकसान नहीं पहुंचाते। इसके साथ-साथ शादी जैसे महत्वपूर्ण दिन को फोटो के जरिए ही लोग याद रखते हैं। और फोटो बेहतरीन हो, इसके लिए इंसान का बेहतरीन लगना जरूरी है। इसी वजह से कस्टमर कीमत चुकाकर अपने स्पैशल दिन को हमेशा के लिए खास बनाना ही प्रैफर करते हैं।

## नारियल मसाला डोसा

**सामग्री :** 1 कप ताजा नारियल कसा हुआ, 1 आलू उबाल कर चौरस टुकड़ों में कटा, 2 हरी मिर्च बारीक कटी, थोड़े से करी पत्ते, 1 बड़ा चम्मच सांबर मसाला, एक छोटा चम्मच साबुत सरसों, थोड़ी-सी चना दाल, 150 ग्राम उड़द दाल, स्वादानुसार नमक और तेल।

**विधि :** उड़द दाल व चावल को 8-10 घंटे के लिए पानी में भिगो दें। मिक्सी में पीस कर खमीर उठने के लिए रख दें व इसमें नमक भी मिला दें। कड़ाही में 2 बड़े चम्मच तेल डाल कर गर्म करें और इसमें सरसों, चना, दाल, सूखी मिर्च व करी पत्ता चटकाएं व इसमें नारियल, आलू और सांबर पाऊडर मिला दें और कुछ देर तक पकाएं। तवा गर्म करें व घोल डालकर डोसा तैयार करें। 2 चम्मच नारियल मसाला डाल कर डोसा फोल्ड करें व नारियल की चटनी संग परोसें।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंग। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-2-4-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। स्थान परिर्वतन की संभावना हैं। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। शुभांक-1-3-5

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-4-6

## काकुरो पहेली - 1991



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




काकुरो - 1990 का हल



## हंसी के फूव्वारें

मालकिन ने नई नौकरानी से पूछा-'देखो ! मैं ज्यादा बातचीत नहीं करती. अगर मैं अंगुली से इशारा करूँ तो समझ लो कि मैं बुला रही हूँ.'

इस पर नौकरानी बोली-'जी ! मैं भी बहुत कम बोलना पसन्द करती हूँ. अगर मैं अपना सिर हिला दूं तो समझ जाइये कि मैं नहीं आ सकती.'

जेल की एक कोठरी में बैठे तीन कैदी बता रहे थे कि वे क्यों पकड़कर बन्द कर दिये गए ?

पहला-'मै चुनाव में राजनारायण के पास में काम कर रहा था !'

दूसरा-'और मैं राजनारायण के खिलाफ काम कर रहा था !'

तीसरा-'राजनारायण मैं खुद हूँ.'

प्रेमिका बोली, "मैं किसी ऐसे व्यक्ति के साथ विवाह न करूंगी जो झूठ बोलता हो."

प्रेमी बोला, "तब तो तुम सारा जीवन कुंवारी रहोगी."

मंत्री जी ने अस्पताल के नवनिर्मित ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन करते हुए अपने भाषण में कहा-"भाइयों, ऑपरेशन थिएटर का निर्माण एक अच्छी बात है. इतने बड़े अस्पताल में रोगियों के मनोरंजन के लिए उनका अपना थिएटर होना बहुत जरूरी है."

## फिल्म वर्ग पहेली- 1991



**बायें से दायें:-**

१. 'दिल ने ये कहा हैदिल से' गीत वाली अक्षयकुमार, शिल्पा की फिल्म-४
४. देवआनंद, जैकी, गोविंदा, रेखा की 'इस तरह देखो ना' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ना कजरे की धार' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-३
१०. अनिल, माधुरी दीक्षित की 'आँखों के आगे पीछे' गीत वाली फिल्म-५
१३. 'आदमी मुसाफिर है' गीत वाली संजीव कुमार, सुलक्षणा की फिल्म-५
१४. अतिन भल्ला, संदली की 'साँवली सी इक लड़की' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'हुन हुना रे हुन हुना' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
१९. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
२०. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'मीनाक्सी' की नायिका कौन है-२
२१. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली मिथुन, रंजीता, पद्मिनी की फिल्म-२
२२. ऋषिकपूर, पद्मिनी की 'मेरी किस्मत में तू नहीं' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'मेरी शादी का खयाल' गीत वाली राजेश खन्ना, टीना की फिल्म-३
२६. विवेक, दीया मिर्जा की बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'जब चाहा जजबात से खेले' गीत वाली चंदनदास का गजल एलबम-२
२८. मिथुन, रंभा की 'पीलो इश्क दी विस्की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'सच कहते हैं हं' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-४
३०. फिल्म 'राजा जानी' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. नवीन निश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
२. 'मोहब्बत हुई हुई' गीत वाली फिल्म-२
३. विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
५. 'ऐ जिंदगी गले लगा' गीत वाली फिल्म-३
७. दीनो मारिया, बिपाशा बसु की फिल्म-२
८. विवेक ओबेराय, अंतरा की 'खल्लास बचके तू रहना रे' गीत वाली फिल्म-३
९. 'करवटें बदलते' गीत वाली संजीव, राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२,१,३
११. 'लंबूजी लंबूजी' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. फिल्म 'सब से बड़ा खिलाड़ी' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
१६. शत्रुघ्न, हेमा, मिथन की 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं तो हर मोड़ पर' गीत वाली अनिल धवन, रेहाना सुलतान की फिल्म-३
२१.राजेश, शर्मिला, राखी की 'मेरे दिल में आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'ओ मेरी चूड़ियाँ बजी' गीत वाली संजयकपूर, तब्बू की फिल्म-२
२३. फिल्म 'बरसात की रात' के संगीतकार कौन थे-३
२४. विनोद खन्ना, योगिता बाली की फिल्म-२
२५. फिल्म 'बागी' में सलमान खान के साथ नायिका कौन थी-३
२६. उमादेवी का गाया गीत 'अफसाना लिख रही हूँ' किस फिल्म का है-२
२७. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री पूजा भट्ट की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 1990



## सूडोकु -1991

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -1990 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## शब्द पहेली - 1991



**बाएँ से दाएँ**

1.छुट्टी,रजा-4
3.वध,आघात-4
5.दशानन-3
7.अनमोल,अनूठा-3
8.अनाथ,बेसहारा-3
10.खजूर-3
11.रहम करना-2,3
14.गहराई नापना-2,3
17.लगातार,सतत-5
20.संतुष्ट होना-2,3
23.बीच में,दौरान-3
24.खुश,आनंदित-3
25.शिक्षा-3
26.शोक-3
27.जांचना,परखना-4
28.धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

2.मयखाना,मधुशाला-5
3.प्रेमकहानी-5
4.चापलूसी-4
6.नटना,वचन तोड़ना-4
7.फिजूल,व्यर्थ-3
9.अव्यवस्थित समूह,भीड़-3
12.गुजर करना-3
13.वेग,गति-3
15.खूबसूरत-3
16.पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17.गुजारिश,मांग-4
18.सुअर-3
19.गुस्सा होना-5
20.ममतापूर्ण-5
22.अयोग्य, असंगत-4

शब्द पहेली - 1990 का हल



## ‘हम’ रेल मंत्री के साथ : मांझी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हिन्दुस्तानी अवाम पार्टी (एचएएम) के मुखिया एवं केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुएहादसे को लेकर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का बचाव किया है। मांझी ने कहा है कि हमने माना कि रेलवे के अधिकारियों से चूक हुई है, पर इसका मतलब यह नहीं कि सीधे तौर पर रेल मंत्री का इस्तीफ़ा मांग लिया जाए। सोशल मीडिया के एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में केन्द्रीय मंत्री मांझी ने कहा कि घटना निःसंदेह आकस्मिक है, पर हमें यह देखना चाहिए कि कई करोड़ लोगों को एक साथ कितनी मुश्किल से रेल मंत्रालय कुंभ स्नान करवा रहा है। इसके लिए अश्विनी वैष्णव के काम की तो तारीफ़ होनी चाहिए। ‘हम’ रेल मंत्री के साथ है। उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार की रात भगदड़ में 18 लोगों की मौत हुई है। हादसे के बाद राजनीतिक आरोप प्रत्यारोपों का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस सहित कई विपक्षी दल सीधे तौर पर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव पर निशाना साध कर उनसे इस्तीफा मांग रहे हैं।

## भूपेंद्र यादव का बड़ा बयानः विदेशी समझौता बनेगा विकसित भारत की नींव

**बहरोड़।** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने बहरोड़ में प्रबुद्ध जनसंवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया विदेश दौरे को ‘विकसित भारत की नींव’ करार दिया। उन्होंने कहा कि इस दौरे के दौरान हुए समझौते भारत के आर्थिक और औद्योगिक विकास में अहम भूमिका निभाएंगे। भूपेंद्र यादव ने कहा कि बजट किसी भी सरकार का आर्थिक विजन होता है। उन्होंने मोदी सरकार की निरंतरता और स्थायित्व की सराहना करते हुए कहा कि पिछले 10 सालों में भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह के शासनकाल में घोटालों की भरमार थी, सरकार की चाबी उनके हाथ में नहीं थी। 2014 में जनता ने मजबूत सरकार की आवश्यकता महसूस की और पूर्ण बहुमत से बीजेपी को सत्ता सौंपी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि धन्य धान्य योजना और नई कृषि योजनाओं से कपास, दलहन और सब्जी उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्व्स्थ्य सेक्टर के लिए दोगुना-ढाई गुना निवेश बढ़ाने की योजनाओं का लाभ देश के लघु एवं मध्यम उद्यमों को मिलेगा।भूपेंद्र यादव ने दिल्ली रेल हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और सरकार की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

## मनीष शर्मा ने राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश पद की शपथ ली

**जोधपुर ।** मुख्य न्यायाधीश एम एम श्रीवास्तव ने राजस्थान हाईकोर्ट में मनीष शर्मा को न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। मनीष शर्मा अधिवक्ता कोटे से राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीश बने हैं। उनको जोधपुर में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में जोधपुर मुख्य पीठ के सभी न्यायाधीश व जयपुर की पीठ के न्यायाधीश वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। मनीष शर्मा के न्यायाधीश की शपथ के बाद राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। जानकारी के अनुसार, साल 2025 में ही तीन जज सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जस्टिस बीरेंद्र कुमार मई में, जस्टिस नरेंद्र ढड्डा सितंबर में और जस्टिस मनोज कुमार गर्ग नवंबर में सेवानिवृत्त होंगे। ऐसे में जजों की संख्या घटकर 31 हो जाएगी। हालांकि, संभावना है कि इसी साल अधिवक्ता कोटे से कुछ नए जज मिल सकते हैं। बता दें कि राष्ट्रपति भवन ने शुक्रवार को वारंट जारी कर अधिवक्ता कोटे से मनीष शर्मा को हाईकोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया था। इसके बाद केंद्र सरकार ने भी उनकी नियुक्ति का नोटिफिकेशन जारी किया था।

## अयोध्याः राम मंदिर में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़, ट्रैफिक अव्यवस्था बढ़ी

**अयोध्या।** अयोध्या के राम मंदिर में सोमवार सुबह भक्तों की भारी भीड़ देखी गई, जिससे शहर की पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्था पर अत्यधिक दबाव पड़ा है। सोमवार तड़के 4 बजे तक स्थिति और बिगड़ गई, जब हजारों वाहन शहर से 25 किलोमीटर दूर रोक दिए गए, जिससे यात्री निराश और परेशान हो गए। भारी भीड़ के कारण राम मंदिर, जन्मभूमि पथ और हनुमान गढ़ी समेत प्रमुख धार्मिक स्थलों की ओर जाने वाली सड़कें खचाखच भर गई हैं।अपर्याप्त पुलिस तैनाती और भीड़भाड़ के कारण तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई, कुछ निराश यात्रियों ने तो बैरिकेड्स भी तोड़ दिए।

राम मंदिर के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए सड़कों को चौड़ा करने और बुनियादी ढांचे में सुधार के सरकारी प्रयासों के बावजूद, अयोध्या की संकरी गलियां अभी भी भारी भीड़भाड़ वाली बनी हुई हैं। तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ के कारण शहर में घूमना लगभग असंभव हो गया है। श्रद्धालुओं ने हर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है, जिससे स्थिति और भी खराब हो गई है। सोमवार को स्थिति इस सप्ताह की शुरुआत में देखी गई स्थिति के अनुरूप ही है। मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में स्नान के बाद, अयोध्या में श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा लगना शुरू हो गया। शहर की सड़कें रात भर भरी रहीं और भोर होते ही ‘जय श्री राम% के नारे गूंजने लगे। विशेषज्ञों का अनुमान है कि 96 घंटों के भीतर लगभग 65 लाख श्रद्धालु अयोध्या में आ चुके हैं। जानकारी के अनुसार, स्थिति को संभालने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों ने कमान संभाल ली है और रात भर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

# उत्तर प्रदेश ने कठिन कार्य को भी सरलतापूर्वक बनाया संभवः नितिन गडकरी

एजेंसी

**महाकुम्भनगर।** तीर्थराज प्रयागराज में महाकुम्भ-2025 के महासमागम की दिव्यता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। प्रतिदिन यहां दिग्गजों का तांता लगा रहता है जो पुण्य की डुबकी लगाकर खुद को धन्य मानते हैं।

इसी क्रम में, केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्री नितिन गडकरी पत्नी व परिवार समेत त्रिवेणी संगम में स्नान करके खुद का जीवन धन्य माना। प्रयागराज एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद सीएम योगी ने उनका स्वागत कर अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया। इसके उपरांत, गडकरी त्रिवेणी संगम पहुंचे जहां उन्होंने पत्नी व परिवार के साथ विधिवत स्नान व पूजन-अर्चन किया। गडकरी त्रिवेणी संगम में स्नान कर अभिभूत दिखे और यह प्रसन्नता उनके चेहरे पर स्पष्ट रूप से देखी जा सकती थी। उन्होंने योगी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इतने बड़े पैमाने पर होने वाले कार्यक्रम के लिए इतनी अच्छी व्यवस्था की है जो सरल नहीं है। उनके अनुसार, यह प्रयास कड़ी मेहनत का हैं परिणाम है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन के काफी मेहनत की है जो स्पष्ट तौर पर दिख रही है। यही कारण है कि देशभर से लोग इस महासमागम में आने को लेकर उत्साहित व आनंदित हैं और खुद आकर यहां मिल रही अभूतपूर्व व्यवस्था का



साक्षात्कार करना चाहते हैं। गडकरी ने त्रिवेणी स्नान को लेकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि महाकुम्भ महापर्व देश भर की आस्था का केंद्र है। यही कारण है कि देशभर से लोग यहां गाड़ी लेकर आ रहे हैं। गडकरी ने बताया कि मेरे शहर नागपुर से भी हजारों लोग गाड़ियां लेकर यहां आए हैं। मेरे साथ कैबिनेट के सहयोगी भी साथ आए हैं। यहां के प्रशासन, पुलिस व कर्मचारियों ने अभूतपूर्व व्यवस्थाएं की हैं। मां गंगा में आशीर्वाद हम सबको प्राप्त हो। निश्चित रूप से विश्व के कल्याण हो, सबका कल्याण हो यही हमारी भावना है। गडकरी ने त्रिवेणी संगम में पत्नी व परिवार के साथ स्नान किया और गंगा जल का आचमन कर सबके कल्याण की प्रार्थना की। घाट पर स्नान करने जुटी स्नानार्थियों की भारी भीड़ का उन्होंने अभिवादन भी किया। इस दौरान औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी व परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह भी उपस्थित रहे।

गडकरी ने एक्स व फेसबुक समेत विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भी स्नान व पूजन की वीडियो व तस्वीरें साझा कीं। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स व फेसबुक पर उन्होंने लिखा, प्रयागराज...हर हर गंगे। प्रयागराज महाकुम्भ में आज पवित्र संगम में स्नान व पूजन-अर्चन का सौभाग्य प्राप्त हुआ, पवित्र निर्मल मां गंगा का आशीर्वाद मिला। गडकरी ने सीएम योगी से मुलाकात का वीडियो भी सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स पर शेयर किया और लिखा कि महाकुम्भ में पवित्र स्नान के लिए प्रयागराज आगमन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज हवाई अड्डे पर स्वागत किया।

## गुजरात में स्थानीय निकायों के चुनाव में करीब 57 फीसदी मतदान

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात में स्थानीय निकायों के लिए मतदान किए गए। कुल 66 नगर पालिकाओं, 3 तहसील पंचायत और 1 महानगर पालिका के लिए कुल 5084 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया। करीब 38 लाख मतदाता उम्मीदवारों का भविष्य तय करेंगे। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हुआ और शाम 6 बजे तक चला। गुजरात में स्थानीय निकायों के चुनाव में अभी तक कुल 213 सीट निर्विरोध घोषित की जा चुकी हैं। जूनागढ़ महानगर पालिका के 15 वार्ड की 60 सीटों में 8 सीट निर्विरोध घोषित हुई हैं। राज्य में हुए चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान हुआ है। हालांकि कुछ जगहों पर आरोप-प्रत्यारोप समेत हल्की नोकझोंक की खबर है। राज्य की कुल 66 नगर पालिकाओं, 2 नगर पालिकाओं की 72 सीट और जूनागढ़ महानगर पालिका की 52 सीटों पर मतदान हुआ। शाम 6 बजे तक औसत 56.60 फीसदी मतदान दर्ज किया गया है।हालांकि अभी



फाइनल मतदान का आकंड़ा आना बाकी है। मतगणना 18 फरवरी को होगी। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2018 में हुए राज्य में 75 नगर पालिकाओं में औसत 65 फीसदी मतदान हुआ था। इस बार करीब 57 फीसदी मतदान होने की संभावना है, जो पिछली बार से करीब 8 फीसदी कम है।

## मध्य प्रदेश के घोषित पवित्र क्षेत्रों में एक अप्रैल से बंद होंगी मदिरा दुकानें

एजेंसी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के अनुसार, राज्य शासन ने मध्य प्रदेश की नई आवकारी नीति वर्ष 2025-26 जारी कर दी है। प्रदेश की नई आबकारी नीति के अनुसार प्रदेश में घोषित पवित्र क्षेत्रों में मदिरा (शराब) दुकानों को एक अप्रैल 2025 से बंद कर दिया जाएगा। इनमें उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मण्डलेश्वर, ओरछा, मैहर, चित्रकूट, दतिया, पन्ना, मंडला, मुलताई, मंदसौर, अमरकंटक, सलकनपुर, बरमान कला, लिंगा, बरमान खुर्द, कुंडलपुर, बांदकपुर शामिल हैं। नई आबकारी नीति के अनुसार एक अप्रैल 2025 से इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के वाइन आउटलेट के लाइसेंस जारी नहीं किए जाएंगे एवं उनके संचालन की अनुमति भी नहीं होगी। जनसम्पर्क अधिकारी संतोष मिश्रा ने बताया कि नये जिलों में मदिरा दुकानों का संचालन एवं प्रशासन वहां के जिला कलेक्टरों के अधीन किया जाएगा। जनजातीय बंधुओं के हित में वाइन शॉप पर वाइन एवं हेरिटेज मदिरा का विक्रय किया जा सकेगा। एयरपोर्ट काउंटर पर भी हेरिटेज मदिरा विक्रय की अनुमति रहेगी। किसी भी मदिरा दुकान के परिसर में मदिरापान की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि नई आबकारी नीति के अनुसार प्रत्येक जिले में जिला निष्पादन समिति गठित की जाएगी। जिला निष्पादन समिति मदिरा दुकानों का विस्थापन कर जिले में अन्य स्थान पर विस्थापित दुकान खोलने, दुकान का पोटेंशियल क्षेत्र निर्धारित करने, दुकानों का आरक्षित मूल्य निर्धारण करने, मदिरा दुकानों के एकल समूह का गठन या पुनर्गठन करने, शासन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दुकानों का निष्पादन करने संबंधी सभी कार्य करेगी। अपरिहार्य परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए मदिरा दुकान बंद करने के लिए आबकारी आयुक्त प्रस्ताव दे सकेंगे।

# हमारी एकता ही देश की अखंडता का आधार : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी

**महाकुम्भ नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने महाकुम्भ के महत्व और सनातन धर्म की महिमा पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एकता का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ ने हमें एकता का संदेश दिया है। यह संदेश हमें अखंड रहने की प्रेरणा देता है। हमारी एकता ही देश की अखंडता का आधार है। जब भारत अखंड और सुरक्षित रहेगा, तभी हमारे धर्मस्थल, पर्व-त्योहार, मठ-मंदिर, हमारी बेटियां और बहनें सुरक्षित रहेंगी।

**गर्व से कहो कि हम हिंदू हैं...**

योगी आदित्यनाथ ने सनातन धर्म के प्रति गर्व की भावना व्यक्त करते हुए कहा कि बिना किसी संकोच के हमें सनातन धर्म के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के शब्दों को दोहराते हुए



कहा कि गर्व से कहो कि हम हिंदू हैं। हिंदू होने का अर्थ केवल मनुष्यों के कल्याण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण चराचर जगत की सुरक्षा की गारंटी देता है। यही संदेश महाकुम्भ भी दे रहा है।

**दुनिया में इतना विशाल समागम संभव नहीं**

मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व संख्या का उल्लेख करते हुए कहा कि 13 जनवरी से 16 फरवरी तक 33 दिनों में लगभग 52 करोड़ श्रद्धालु पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि दुनिया में कहीं और इतने विशाल जनसमूह का समागम संभव नहीं है। जो लोग सनातन धर्म को कोसते हैं, उन्हें इस विराट स्वरूप का दर्शन करना चाहिए, जिससे उन्हें अपनी मानसिकता पर आत्मग्लानि होगी।

**सनातन धर्म को कोसने वाले हमेशा मुंह की खाते हैं**

मुख्यमंत्री ने कुछ लोगों पर भारत, भारतीयता और सनातन धर्म के खिलाफ षडयंत्र करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सनातन धर्म कभी भी उनके षडयंत्रों का शिकार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि जो भी सनातन धर्म के खिलाफ षडयंत्र रचने की कोशिश करता है, उसे हमेशा हार का सामना करना पड़ा है, ऐसे लोग हमेशा मुंह की खाते हैं।

# हिंदू समाज को संगठित कर रहा संघ : मोहन भागवत

एजेंसी

**कोलकाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि संघ का कार्य महात्मा बुद्ध के राष्ट्र निर्माण प्रयासों की तरह ही है। जिस तरह महात्मा बुद्ध ने समाज को एकजुट कर आध्यात्मिक और नैतिक उत्थान की नींव रखी थी, उसी तरह संघ भी पूरे हिंदू समाज को संगठित करने का कार्य कर रहा है। वह पश्चिम बंगाल के बर्दवान में स्वयंसेवकों के एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि संघ पूरे हिंदू समाज को एकजुट करना चाहता है। यह समाज केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए उत्तरदायी है। भारत की अपनी एक प्रकृति है, जो इसे विशेष बनाती है। जो इस प्रकृति के साथ नहीं रह सकते थे, उन्होंने अपना अलग देश बना लिया। लेकिन



जो यहां रहे, वे भारत की इस मूल आत्मा से जुड़े हुए हैं। भारत केवल एक भूगोल नहीं, बल्कि एक स्वभाव है, जो 15 अगस्त 1947 से बहुत पहले से अस्तित्व में है। हम किसी राजा को नहीं, बल्कि उस राजा को याद करते हैं, जिसने अपने पिता की आज्ञा का पालन करने के लिए 14 साल तक वनवास सहन किया। जब तक यह प्रकृति बनी रहेगी, तब तक भारत रहेगा। हिंदू समाज और भारत एक ही हैं। उन्होंने कहा कि भारत को किसी बाहरी शक्ति ने नहीं बनाया, बल्कि यह हजारों सालों से एक सशक्त राष्ट्र के रूप में विद्यमान है। महात्मा गांधी का उदाहरण देते हुए कहा कि गांधी जी ने भी एक साक्षात्कार में कहा था कि अंग्रेजों ने हमें बताया कि भारत उन्होंने बनाया है, लेकिन यह पूरी तरह गलत है। भारत सदियों से अस्तित्व में है, विविधतापूर्ण, लेकिन एकजुट है। सरसंघचालक ने स्पष्ट किया कि संघ के प्रति कई लोगों की गलतफहमी है, लेकिन वास्तव में संघ केवल समाज को संगठित करने का कार्य कर रहा है।

## गौरव गोगोई की पत्नी के वीज़ा को रद्द करने की चेतावनी दी मुख्यमंत्री ने

एजेंसी

**गुवाहाटी।** असम सरकार की कैबिनेट बैठक संपन्न हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इन निर्णयों की जानकारी दी। कैबिनेट की बैठक का सबसे अहम मुद्दा कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ से जुड़ा रहा। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार, गौरव गोगोई की पत्नी के संबंध पाकिस्तान के नागरिक अली शेख से थे, जिसने भारत विरोधी टिप्पणियां की थीं। मुख्यमंत्री ने डीजीपी को निर्देश दिया कि अली शेख के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जाए। इसके अलावा, उसे समर्थन देने वाले व्यक्तियों और संगठनों पर भी जांच के आदेश दिए गए हैं। आरोप है कि अली शेख ने असम में अस्थिरता फैलाने की साजिश रची और भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में जांच के लिए गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ को सहयोग करना चाहिए। साथ ही, उन्होंने गौरव गोगोई से भी जांच में सहयोग करने की अपील की। इसके अलावा, कैबिनेट बैठक में गौरव गोगोई की पत्नी पर वीज़ा नियमों के उल्लंघन का आरोप भी लगाया गया। बताया गया कि ब्रिटिश नागरिक होते हुए भी उन्होंने दो लोकसभा चुनावों में प्रचार किया था। इस आधार पर मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने



उनके वीज़ा को रद्द करने की चेतावनी दी। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को भी सौंपी जा सकती है।

# महाकुम्भ में डुबकी लगाकर अभिभूत हुई राज्यपाल, कहाः वर्षों तक नहीं भूल पाएंगे दिव्य अनुभव

एजेंसी

**महाकुम्भ नगर।** तीर्थराज प्रयागराज में महाकुम्भ-2025 के महासमागम में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई और महाकुम्भ में सम्मिलित होने के अवसर को उन्होंने विशिष्ट बताया। त्रिवेणी संगम में स्नान के साथ ही बड़े हनुमान मंदिर, अक्षयवट और सरस्वती कूप में विधिवत दर्शन-पूजन व अर्चन किया। महाकुम्भ में डुबकी लगाकर अभिभूत हुई राज्यपाल ने कहा यह एक अलग प्रकार का दिव्य अनुभव है जो वर्षों



तक स्मृतियों में रहेगा। उन्होंने कहा कि डुबकी लगाने के बाद एक विशिष्ट प्रकार का अनुभव हो रहा है जो तीर्थराज प्रयागराज की आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार उनमें कर रहा है।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि तीर्थराज प्रयागराज न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि सारे देश और विश्व की आस्था के केंद्र में है। ऐसे में, देश-दुनिया से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु यहां आ रहे हैं।

इस सारी व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए योगी सरकार और स्थानीय प्रशासन बधाई का पात्र है। उन्होंने प्रयागराज आकर विभिन्न घाटों पर स्नान करने वाले स्नानार्थियों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस प्रकार सुव्यवस्थित तरीके से लोग स्नान करके अपने गंतव्य स्थलों को जा रहे हैं वह अद्भुत है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचीं। एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर के जरिए वह डीपीएस अरैल पहुंचीं जहां रिजर्व्ड हेलिपैड पर उनका हेलिकॉप्टर उतरा।

यहां से अरैल घाट से मोटर फ्लोटिंग जेटी के जरिए वह त्रिवेणी संगम पहुंची जहां उन्होंने विधिवत स्नान व पूजन-अर्चन किया। इसके बाद मोटर फ्लोटिंग जेटी के जरिए उन्होंने किला घाट पहुंचकर अक्षयवट का पूजन-अर्चन किया। इसके उपरांत, सरस्वती कूप व बड़े हनुमान मंदिर में भी उन्होंने विधिवत पूजन-अर्चन किया।

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर हुई गोलीबारी

एजेंसी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर कुछ देर के लिए गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि पुंछ जिले के गुलपुर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पार जंगल के इलाके से भारतीय सेना की एक चौकी पर गोलीबारी की गई।

अधिकारियों ने कहा, भारतीय सेना के जवानों ने जवाबी कार्रवाई की और गोलीबारी बहुत कम समय तक चली। भारतीय पक्ष को कोई नुकसान नहीं हुआ। यह स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी के पीछे पाकिस्तानी सेना थी या घुसपैठ करने के मौके की तलाश कर रहे जंगल में छिपे आतंकवादी थे। पिछले सप्ताह आतंकवादियों ने इसी जिले के कृष्णा घाटी सेक्टर में सेना के गश्ती दल पर गोलीबारी की थी। इससे पहले पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पार भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की कोशिश कर रहे पांच आतंकवादियों को मार गिराया गया था।

घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों में से एक ने बारूदी सुरंग पर पैर रख दिया था जिसे नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना द्वारा लगाया गया था।वहीं, 11 फरवरी को एलओसी के अखनूर सेक्टर में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में एक कैप्टन समेत सेना के दो जवान शहीद हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि आईईडी आतंकवादियों ने लगाया था।इस सर्दी में अब तक बहुत कम बर्फबारी हुई है, इसलिए घुसपैठ के सभी पारंपरिक रास्ते अभी भी खुले हुए हैं। इस कारण सेना एलओसी पर कड़ी चौकसी बरत रही है, जबकि अंदरूनी इलाकों में सुरक्षा बल और पुलिस हाई अलर्ट पर हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हाल ही में हुई सुरक्षा समीक्षा बैठक में गृह मंत्री द्वारा आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। सुरक्षा बल आतंकवादियों, उनके ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) और समर्थकों के खिलाफ आक्रामक अभियान चला रहे हैं। एलजी सिन्हा ने पिछले सप्ताह दो सुरक्षा समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता की।

## ‘लव जिहाद’ के नाम पर हो रही घटनाओं पर मुख्यमंत्री फडणवीस ने चिंता जताई

एजेंसी

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में कहा कि लव जिहाद के नाम पर बढ़ती घटनाएं निश्चित रूप से चिंताजनक हैं। झूठी पहचान बताकर दूसरों को धोखा देने, उनसे शादी करने, बच्चे पैदा करने और उन्हें छोड़ देने का चलन बढ़ रहा है। धोखा देना, छल करना या जानबूझकर झूठ बोलना सही नहीं है।मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने फैसले में लव जिहाद की वास्तविकता को प्रदर्शित किया है। केरल उच्च न्यायालय ने भी इसकी पुष्टि की है। महाराष्ट्र जैसे राज्यों में ऐसी घटनाएं



लगातार हो रही हैं और यह मुद्दा बढ़ता जा रहा है। एक धर्म के व्यक्ति का दूसरे धर्म के व्यक्ति से विवाह करना गलत नहीं है, लेकिन झूठी पहचान के आधार पर शादी करना और बच्चे होने के बाद उसे छोड़ देना एक गंभीर घटना है। इसे लेकर राज्य सरकार गंभीर है और इस तरह की घटनाओं पर नकेल कसने के लिए कारगर कार्रवाई करने की दिशा में सरकार काम कर रही है।उल्लेखनीय है कि गृह विभाग ने देर रात लव जिहाद कानून का मसौदा बनाने के लिए पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में समिति गठित करने का शासनादेश जारी किया है। इसी मुद्दे पर मुख्यमंत्री फडणवीस अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे।

## केंद्रीय बजट सतत विकास के साथ गरीबी को घटाकर शून्य तक ले जाने का कार्य करेगाः विनोद तावडे

एजेंसी

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावडे ने कहा कि केन्द्रीय बजट में सतत विकास गोल (एसडीजी) के मानकों को ध्यान में रखकर विश्व स्तर पर भारत को आगे ले जाने के लिए गरीबी को घटाकर शून्य तक ले जाने का प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पांच लक्ष्य सामने रखकर यह बजट बनाया गया है। बजट में 100 प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, श्रम शक्ति को और अधिक स्किल्ड बनाना, भारत के किसानों के माध्यम से देश को फूड बॉस्केट के रूप में विकसित करने और आर्थिक




गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने जैसे पांच लक्ष्यों को ध्यान में रखकर यह बजट प्रस्तुत किया गया है। इन सभी पांचों लक्ष्यों को प्राप्त करने के साथ हर वर्ग-समाज के कल्याण, विकास व आर्थिक सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर बजट में हर क्षेत्र के लिए प्रावधान किए गए हैं। यह बजट 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। भाजपा महासचिव तावड़े प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025-26 को लेकर ग्वालियर में पत्रकार-वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टैक्स स्लैब में दी गई छूट से मध्यम वर्ग को बहुत फायदा मिलेगा। टैक्स स्लैब को बढ़ाकर 12 लाख से अधिक करने के साथ वरिष्ठ नागरिकों को भी छूट मिली है। केंद्रीय बजट में वरिष्ठ नागरिकों को ब्याज पर या किराये पर टीडीएस के लिए निर्धारित वार्षिक सीमा दो लाख 40 हजार के बढ़ाकर छह लाख किया गया है। इस प्रावधान से देश के करोड़ों वरिष्ठ नागरिकों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना का देश के कई लाख किसानों को सीधा फायदा मिलेगा। किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए किसान क्रडिट कार्ड (केसीसी) किसानों के लिए वरदान बन रहा है। इस बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा को तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख करने का निर्णय लिया गया है। इस प्रावधान का मध्य प्रदेश के लाखों किसानों के साथ देश के करोड़ों किसानों को फायदा मिलेगा।



# कितना सही है नाश्ते में दही लेना

**नाश्ते में हम सभी कुछ ऐसा खाना पसंद करते हैं, जो खाने में टेस्टी हो और हमारे शरीर को पूरा दिन काम करने की एनर्जी देता रहे। ऐसे में ज्यादातर लोग किसी ना किसी रूप में नाश्ते में दही खाना पसंद करते हैं। लेकिन क्या नाश्ते में दही लेना एक स्वस्थ विकल्प है?**

## पाचक होती है लेकिन नींद दिलाती है

- यदि आपके दिन शुरुआत ही दही के साथ हो रही है तो यह आपको एनर्जी देने के स्थान पर नींद दिला सकती है और शरीर में सुस्ती बढ़ा सकती है। इसलिए दही कभी भी आपके फर्स्ट फूड का भाग नहीं होना चाहिए। हालांकि दही नाश्ते का एक शानदार हिस्सा है। यदि आप इसे खाते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखते हैं तब.

## समझे विरोधी बातों का अर्थ

- एक तरफ तो हम कह रहे हैं कि दही नाश्ते में खाना अच्छा है। वहीं दूसरी तरफ यह भी कह रहे हैं कि इसे खाने से सुस्ती बढ़ सकती है। दरअसल, ये दोनों ही बातें सही हैं। दही खाने पर आपको एनर्जी मिलेगी या सुस्ती आएगी, यह इस बात पर निर्भर करता है कि दही खाने का आपका तरीका क्या है।

## इस तरह खाएं और इस तरह ना खाएं दही

- आप नाश्ते में चपाती, पराठा, चिल्ला आदि के साथ दही खा सकते हैं। एक कटोरी दही का सेवन नाश्ते में करना शरीर के लाभकारी होता है और पाचनतंत्र को सही करता है। साथ ही शरीर को दिनभर के लिए ऊर्जा देने में लाभकारी होता है।
- लेकिन नाश्ते में दही का सेवन तभी करना चाहिए जब आप सुबह के समय नाश्ते से पहले कुछ खा या पी चुके हों। जैसे, सुबह की शुरुआत आपने पानी के साथ की हो और फिर चाय-टोस्ट, स्प्राउट्स या ड्राईफ्रूट्स आदि खाए हों। इसके एक घंटे बाद यदि आप नाश्ते में दही का सेवन करते हैं तो आपको नींद नहीं आएगी। आपको गैस बनने की समस्या है तो इन 5 सब्जियों से बचना चाहिए

## खाली पेट नहीं खानी चाहिए दही

- सुबह के समय आप नाश्ते में केवल मीठी दही का उपयोग कर सकते हैं। खट्टी दही खाने से परहेज करें। साथ ही नाश्ते में दही खाते समय आप इसमें एक चम्मच शक्कर मिला सकते हैं। यदि आपको शुगर की समस्या नहीं है तब।
- दिन की शुरुआत यदि किसी भी कारण देरी से हुई हो और आपके पास नाश्ता करने का समय ना हो तो भूलकर भी खाली दही ना खाएं। यदि आप खाली पेट दही खाते हैं तो आपको जबदस्त नींद आएगी और आप खुद को बहुत थका हुआ अनुभव करेंगे।
- ऐसा इसलिए होता है क्योंकि खाली पेट दही खाने से कुछ लोगों को ब्लड प्रेशर कम होने की समस्या हो जाती है। इससे शरीर में ब्लड का फ्लो कम होता है और ऑक्सीजन का स्तर घटने लगता है। यही कारण है कि बहुत तेज नींद आती है और बेहोशी जैसा अनुभव होता है।



**आप चाहे मानसिक काम अधिक करते हैं या शारीरिक काम। यदि आपको काम करते समय बहुत जल्दी थकान होने लगती है तो इसका एक अर्थ यह होता है कि आपके शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या है। जी हां, केवल पोषण की कमी के कारण ही नहीं बल्कि शरीर में पानी की कमी के कारण भी जल्दी थकान होती है। जो लोग नियमित रूप से जरूरी पानी नहीं पीते हैं, उन्हें काम करते समय अधिक थकान होना और अन्य लोगों की तुलना में जल्दी थकान होने जैसी समस्याएं होती हैं। जानें, जल्दी थकान होने के अन्य कारण और उनके निवारण के तरीके**



# लगातार बनी रहती है थकान तो ऐसे रखें अपना ध्यान

## जल्दी थकने की वजह

- आमतौर पर जो लोग बहुत जल्दी थकान होने की समस्या से पीड़ित होते हैं, उनके शरीर में कुछ खास तत्वों की कमी देखने को मिलती है.
- पानी की कमी
- खून की कमी
- विटमिन-बी12 की कमी
- फोलेट या फॉलिक एसिड की कमी देखने को मिलती है।

जल्दी थकान से बचने के तरीकों में ना केवल अपने खान-पान पर ध्यान देना है बल्कि यह भी ध्यान देना है कि जिस डायट का सेवन आप कर रहे हैं और जिन ड्रिंक्स को आप ले रहे हैं, क्या वे आपके शरीर की जरूरतों को पूरा कर रही हैं। यहां जानें कैसे रखा जाएगा इस बात का ध्यान.



## तरल पदार्थों का सेवन

- जल्दी-जल्दी होने वाली थकान की समस्या से बचने के लिए जरूरी है कि आप तरल पदार्थों का सेवन बढ़ा दें। इनमें जूस, सूप, छांछ, दाल इत्यादि शामिल हैं। इसके साथ ही समय-समय सादा पानी पीते रहें। वयस्कों को हर दिन कम से कम 8 गिलास पानी पीना चाहिए।

## तनाव को नियंत्रित करना सीखें

- जल्दी थकने की एक बड़ी वजह लगातार बना रहनेवाला तनाव भी होता है। तनाव का कारण चाहे जो भी लेकिन यह व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से जल्द थका देता है। इसलिए तनाव से बचने के लिए हर दिन कुछ समय के लिए मेडिटेशन यानी ध्यान जरूर करें। यह आपको मानसिक रूप से फिट रखने का काम करेगा।

## फलियों का सेवन करें

- हरी फलियां कई तरह की वरायटी में आती हैं। खास बात यह है कि मौसम की प्रकृति और उस दौरान शरीर की जरूरत के अनुसार हर सीजन में आनेवाली फलियां पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं।
- हरी फलियां फाइबर युक्त होती हैं और इनका पाचन धीमी गति से होता है। इसलिए ये शरीर को लंबे समय तक ऊर्जा देने का काम करती हैं, जिससे शरीर पर थकान कम हावी होती है।

## ड्राईफ्रूट्स

- ऐसा नहीं है कि ड्राईफ्रूट्स का सेवन केवल सर्दियों में ही करना चाहिए। बल्कि सीमित मात्रा में और दूध के साथ ड्राईफ्रूट्स का सेवन गर्मियों में भी हर दिन किया जा सकता है।
- क्योंकि ड्राईफ्रूट्स केवल हमारे शरीर को गर्माहट देने का ही काम नहीं करते हैं बल्कि पोषण देने का काम भी करते हैं। शरीर की कमजोरी को दूर करने में मीट भी अच्छी भूमिका निभाता है। लेकिन कोरोना संक्रमण के दौर में हम आपको मीट खाने की सलाह नहीं देना चाहते हैं। इस समय में आप थकान से बचने के लिए ड्राईफ्रूट्स यानी सूखे मेवों का सेवन कर सकते हैं।



# शरीर में ऑक्सीजन की कमी के लक्षण और कारण

शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाना कई रोगों का कारण बनता है। ऑक्सीजन का स्तर कम होने पर सबसे जल्दी और सबसे बुरा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। इस स्थिति में कोई भी वायरस और बैक्टीरिया हमारे शरीर पर हावी हो सकता है। शरीर में ऑक्सीजन की कमी के लक्षण और कारण क्या होते हैं.

## शरीर में ऑक्सीजन की कमी के लक्षण

- शरीर में ऑक्सीजन की कमी होने से अर्थ है कि शरीर को अपनी नियमित क्रियाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए जितनी मात्रा में ऑक्सीजन चाहिए, उतनी मात्रा में ऑक्सीजन ना मिल पाना।
- जब शरीर में ऑक्सीजन की कमी होती है तो सबसे पहले व्यक्ति को थकान महसूस होती है, सांस लेने में दिक्कत होने लगती या सांस फूलने लगता है। इसके बाद शरीर में रक्त के प्रवाह की गति धीमी हो जाती है। इससे थकान और घबराहट बढ़ जाती है।

## हो सकती हैं ये बीमारियां

- यदि शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बहुत कम हो जाए तो ब्रेन डैमेज और हार्ट अटैक तक की स्थिति बन जाती है। शुगर के रोगियों में यदि ऑक्सीजन की कमी हो जाए तो उनकी शुगर अचानक बहुत अधिक बढ़ सकती है, जो कि एक जानलेवा स्थिति भी बन सकती है।
- ऑक्सीजन का स्तर अचानक से बहुत अधिक घट जाने पर शरीर में थायरॉइड हॉर्मोन का संतुलन गड़बड़ा जाता है। इस स्थिति में थायरॉइड का स्तर या तो बहुत अधिक बढ़ सकता है या बहुत अधिक घट सकता है।

## शरीर में ऑक्सीजन की कमी के कारण

- शरीर में ऑक्सीजन की कमी के कई कारण होते हैं, जो व्यक्ति की लाइफस्टाइल पर निर्भर करते हैं। जो लोग बहुत अधिक आलस से भरपूर जीवनशैली जीते हैं यानी फिजिकल ऐक्टिविटी नहीं करते हैं, उनके शरीर में भी ऑक्सीजन की कमी हो जाती है
- जो लोग बहुत अधिक शारीरिक श्रम करते हैं लेकिन उसके हिसाब से डायट नहीं लेते हैं, उनके शरीर में भी ऑक्सीजन की कमी हो सकती है।
- जिन लोगों के भोजन में आयरन की मात्रा कम होती है अगर वे लंबे समय तक इसी तरह का भोजन लेते रहें तो उनके शरीर में भी ऑक्सीजन की कमी हो सकती है। क्योंकि फेफड़ों सहित पूरे शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह करने में आयरन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



# चैन की नींद सोना है तो जरूर करें यह काम

**अगर आप चाहते हैं कि रात में आपको सुकून की नींद आए, पैरों में कुलन और बेचैनी के कारण आपकी नींद में किसी तरह की बाधा ना आए तो आपको सोने से पहले एक खास काम करना होगा। यह काम आपके शरीर को राहत देने के साथ ही दिमाग को भी शांति देगा। आइए, जानते हैं कि आखिर क्या और कैसे करना है.**

## आपको क्या करना है?

- बिस्तर पर जाने से पहले आपको अपने पैर साफ पानी से धुलकर कॉटन के कपड़े से पोछकर साफ करने हैं। इसके बाद सरसों के तेल से अपने पैरों की मालिश करें। यह मालिश 2 से 3 मिनट की भी हो तो काफी है। यहां जानें इस तरह हर दिन मालिश करने से आपको किस तरह के लाभ होंगे.

## पैर के तलुए में होते हैं सभी एक्युप्रेशर पॉइंट्स

- हमारे पैर के तलुओं में पूरे शरीर के एक्यूप्रेशर पॉइंट्स होते हैं। पैर के तलुओं पर मसाज करने से इन पॉइंट्स पर दबाव पड़ता है, जिससे शरीर का तनाव कम होता है और मानसिक शांति बढ़ती है। इसलिए आप अच्छी नींद आती है।

## ताउम्र रहेंगे युवा

- अगर आप हर दिन सोने से पहले अपने पैर के तलुओं पर सरसों के तेल से मालिश करेंगे तो आप ताउम्र युवा बने रहेंगे। यहां युवा बने रहने से हमारा आशय है कि आपके दांत, आपकी दृष्टि और आपके शरीर के जोड़ों में किसी तरह का दर्द या समस्या नहीं हो पाएगी।

## चश्मा नहीं लगेगा

- यदि आप सोने से पहले हर दिन अपने पैरों पर सरसों तेल से मालिश करते हैं तो आप अपनी कमजोर आइसाइट को भी ठीक कर सकते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि आपको एक या दो हफ्ते में ही इसका असर देखने को मिल जाएगा।

## पाचन को ठीक रखे

- आपको जानकर थोड़ी हैरानी हो सकती है। लेकिन यह सही है कि जो लोग नियमित रूप से अपने पैर के तलुओं पर मालिश करते हैं या किसी और से कराते हैं, उनका पाचनतंत्र अन्य लोगों की तुलना में काफी ठीक रहता है। साथ ही उन्हें पेट संबंधी रोग नहीं घेरते हैं।
- साथ ही ऐसे लोगों के शरीर पर थकान हावी नहीं हो पाती है। पैर के तलुओं की मसाज करने से शरीर के डैमेज सेल यानी क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की जल्द मरम्मत होती है। इससे त्वचा भी चमकदार बनी रहती है। तो देर किस बात की, खूबसूरती और सेहत के लिए आज से ही शुरू करें पैर के तलुओं की मालिश।



# ड्राई आई सिंड्रोम का संकेत हो सकता है आंखों में पानी आना

आंखे शरीर का सबसे जरूरी, सुंदर और नाजुक अंग है। सर्दी के मौसम में नमी और ठंडक के कारण आंखों में पानी आ जाता है लेकिन यह ड्राई आई सिंड्रोम का संकेत भी हो सकता है। इस बीमारी में आंखों से बहुत ज्यादा पानी आना, धुंधला दिखाई देना और चुभन महसूस होना, सूजन, रैशेज, लालपन जैसे लक्षण दिखाई देते है। इस बीमारी का समय पर इलाज न करने पर आंखों की रोशनी जा भी सकती है। ऐसे में इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप डॉक्टर की दवाइ के साथ-साथ कुछ घरेलू उपाय भी कर सकते हैं। इन घरेलू नुस्खों की मदद से आप बिना किसी नुकसान के इस परेशानी से छुटकारा पा सकते है।

**गीला कपड़ा** – आंखों को हाथों से इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। आंखों में जलन, दर्द या खुजली होने पर साफ पानी में कपड़े को भिगोकर आंखों की सफाई करें। इससे किसी भी तरह की बीमारी का खतरा कम हो जाता है।

**नारियल का तेल** – नारियल तेल में मौजूद गुण आखों की गंदगी को साफ करते हैं। रोजाना आंखों के नीचे और आस-पास नारियल के तेल की मालिश करें। आपको इस समस्या से निजात मिल जाएगा।

**हर्बल टी** – कोमोमाइल या पेपरमिंट चाय की पत्तियों को थोड़ी देर गर्म पानी में भिगो दें। इसके बाद थोड़ी-थोड़ी देर में आंखों की सिकाई करें। ध्यान रहें कि पानी ज्यादा गर्म न हो।

**नमक** – कई बार आंखो में जलन और खुजली के कारण पानी आने लगता है। ऐसे में आप 1 गिलास गर्म पानी में चुटकीभर नमक डालकर आंखों की सिकांई करें। दिन में 3 बार इसका इस्तेमाल खुजली और जलन की परेशानी को दूर कर देगा।

**बेकिंग सोडा** – साफ पानी में 1 चम्मच बेकिंग सोडा मिलाकर गर्म करें। पानी थोड़ा रह जाने पर इससे अपनी आंखों को धो लें। इससे आपको आराम मिल जाएगा।

**ठंडा दूध** – कॉटन बॉल को ठंडे दूध में डिप करके अपनी आंखों के आस-पास रगड़ें। इसके अलावा आप कॉटन बॉल को ठंडे दूध में भिगोकर रख भी सकते है। इन उपायों को सुबह-शाम करने से आपको आराम मिल जाएगा।

**एलोवेरा** – एलोवेरा जेल में 1 चम्मच शहद और 1/2 कप एल्डरबैरी चाय मिलाएं। रोजाना दिन में 2 बार इस मिश्रण से अपनी आंखों को धोएं। आपकी परेशानी कुछ समय में ही दूर हो जाएगी।

**कच्चा आलू** – एस्ट्रिंजेंट के गुणों से भरपूर कच्चा आलू आंखों में पानी आने की समस्या से जल्दी राहत देता है। आलू की पतली स्लाइस काट कर कुछ देर फ्रिज में रखें। इसके बाद इस ठँडी स्लाइस को 15 से 20 मिनट के लिए आंखों के उपर रख लें। 2-3 दिन तक इसका इस्तेमाल आपकी इस समस्या को दूर कर देगा।

## ईरान, उज्बेकिस्तान एएफसी अंडर-20 एशियाई कप के क्वार्टरफाइनल में

एजेंसी

**शेन्ज़ेन।** ईरान ने एएफसी अंडर20 एशियाई कप के ग्रुप सी में 10 खिलाड़ियों से खेल रहे यमन को 6-0 से तथा उज्बेकिस्तान ने इंडोनेशिया को 3-1 से हराकर टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया हैं। खेले गये मुकाबलों में लगातार दो जीत के साथ ईरान और उज्बेकिस्तान ने क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। वहीं ग्रुप बी के मुकाबले में आमिर फैसल के गोल ने इराक को सऊदी अरब पर 1-0 से जीत दिलाई, जबकि इब्राहिम सबरा के दो गोल के बदौलत जॉर्डन को दक्षिण कोरिया पर 2-1 से जीत मिली। इराक अब चार अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है। जबकि सऊदी अरब और जॉर्डन इराक से एक अंक पीछे है। दक्षिण कोरिया एक अंक के साथ सबसे नीचे पायदान पर है। इराक अब चार अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है।

## रामकुमार रामनाथन पहुंचे महा-ओपन एटीपी चैलेंजर 100 के फाइनल क्वालीफाइंग दौर में

**पुणे।** पुणे के म्हालुंगे बालेवाड़ी टेनिस स्टेडियम में चल रहे महा ओपन एटीपी चैलेंजर 100 पुरुष टेनिस चैंपियनशिप में भारत के रामकुमार रामनाथन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल क्वालीफाइंग दौर में प्रवेश किया। चेन्नई के 30 वर्षीय रामकुमार ने स्वीडन के शीर्ष वरीय इलियास यमेर को 5-7, 6-1, 6-4 से हराकर बड़ी जीत दर्ज की।इस मुकाबले में रामकुमार ने अपनी सर्विस और वॉली गेम का बेहतरीन इस्तेमाल किया और निर्णायक सेट में महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल कर मैच अपने नाम किया। यह जीत उनके लिए खास रही, क्योंकि इससे उन्होंने यमेर के खिलाफ पिछली हार का बदला लिया। इस जीत के साथ, वर्तमान में 403वें रैंकिंग वाले रामकुमार ने टूर्नामेंट के मुख्य दौर में पहुंचने की अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में मुकुंद शशिकुमार को छठी वरीयता प्राप्त रूसी खिलाड़ी इलिया सिमाकिन के खिलाफ 4-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, युवा भारतीय प्रतिभा अर्नव विजय पापरकर ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी खिलाड़ी मैथ्यू डेलवेडोवा के सामने 2-6, 3-6 से हार गए।

## आईपीएल 2025 के तीन मैचों की मेजबानी करेगा धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम

**धर्मशाला।** आईपीएल 2025 के सीजन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में आईपीएल के तीन मुकाबले खेले जाएंगे। धर्मशाला को तीन मैचों की मेजबानी मिलने से क्रिकेट प्रशंसकों की बांछे खिल गकी हैं। जारी आईपीएल के शेड्यूल के चलते आईपीएल का 54वां मैच और धर्मशाला में पहला मुकाबला चार मई को मेज़बान पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंटस के बीच खेला जाएगा। दूसरा मुकाबला 58वां मैच आठ मई को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल के बीच और तीसरा मुकाबला 11 मई 61वां मैच पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जाएगा। उक्त मैचों में दो मुकाबले शाम को साढ़े सात बजे से ही खेले जाएंगे, जबकि अंतिम मैच दोपहर बाद साढ़े तीन बजे शुरू होगा। धर्मशाला में अब तक आईपीएल के 13 मैच खेले जा चुके हैं, अब तीन मैचों की मेजबानी मिलने से इसकी संख्या 16 हो जाएगी। वहीं टेस्ट, वनडे वर्ल्ड कप, टी-20 वर्ल्ड कप सहित अन्य मैचों को मिलाकर 25 से अधिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबलों की मेजबानी भी धर्मशाला कर चुका है। इससे पहले टूर्नामेंट का आगाज 22 मार्च को ईडन गार्डन में कोलकत्ता नाईट राईडर और आरसीबी के मुकाबले के साथ होगा, जबकि फाईनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। क्वालिफायर दो और फाईनल मुकाबला भी ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। पिछले सीजन की तरह इस बार भी आईपीएल में 10 टीमें हिस्सा लेने जा रही हैं। इन 10 टीमों के बीच 65 दिनों में फाईनल समेत कुल 74 मुकाबले खेले जाएंगे। ये सभी मुकाबले 12 वेन्यू पर होंगे। दोपहर के मुकाबले साढ़ें तीन बजे से खेले जाएंगे, जबकि शाम के मुकाबले शाम साढ़े सात बजे से शुरू होंगे।

## ताईक्कांडो क्लब के लगभग 22 खिलाड़ियों ने की परीक्षा उत्तीर्ण

**मुरादाबाद।** जिला ताईक्कांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से थापा ताइक्कांडो एकेडमी में जिला स्तरीय कलर बेल्ट प्रमोशन परीक्षा का आयोजन हुआ। जिसमें ताईक्कांडो क्लब के लगभग 22 खिलाड़ियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। परीक्षा में येलो बेल्ट, ग्रीन बेल्ट, ब्लू बेल्ट व रैड बेल्ट के खिलाड़ी उपस्थित रहे। जिला ताइक्कांडो संघ के सचिव शाहवेड़ अली ने बताया कि खिलाड़ियों का खेलो इण्डिया फिजिकल फिटनेस टेस्ट, सेल्फ डिफेंस, किक्स, पंच व फाईट आदि का टेस्ट लिया गया। परीक्षा में शिवराज वर्मा, चिरायु, अव्यान रस्तोगी, रिद्धि, भास्कर, मोहम्मद सऊद और प्रियांशु सैनी ने येलो बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण की। अक्षय बाजपेई, प्रतिभा बाजपेई, सान्वी सिंह ने ग्रीन बेल्ट व खुशी शर्मा ने ग्रीन वन की परीक्षा उत्तीर्ण की। शाहवेज अली ने बताया कि अनुपमा, दिव्यांश राजौरी, रिदेय रस्तोगी ने ब्लू बेल्ट व वैभव और आईजा बरकत ने ब्लू वन बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण की। रेड बेल्ट के लिए हिमांशु सिंह, पलक शर्मा ने उत्तीर्ण की व अर्थ अग्रवाल, अदिति सैनी और त्रषिता सैनी ने रेड वन बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण की है।

# ईडन गार्डंस में 22 मार्च से होगा आईपीएल का आगाज

एजेंसी

**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का आगाज ईडन गार्डंस में 22 मार्च को गतविजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के बीच मुकाबले से होगा। वहीं 29 मार्च को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जायेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार आईपीएल 18वें संस्करण का कार्यक्रम जारी किया। बीसीसीआई के अनुसार आईपीएल के इस सत्र में 13 स्थानों पर कुल 74 मैच खेले जायेंगे। लीग कुल 65 दिनों तक चलेगी। पूरे सत्र में 12 डबल हेडर खेले जाएंगे। कोलकाता में 23 मई को दूसरा क्वालिफायर और 25 मई को फाइनल होगा। 20 और 21 मई को पहला क्वालीफायर




और एलिमिनेटर हैदराबाद में खेला जाएगा। 23 मार्च को डबल हेडर खेला जाएगा। जहां सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) मुंबई इंडियंस (एमआई) की मेजबानी करेगी। दोपहर के मैच साढ़े तीन बजे और शाम के मुकाबले साढ़े सात बजे से शुरु होंगे। लीग चरण के समापन के बाद, प्लेऑफ हैदराबाद और कोलकाता में आयोजित किए जाएंगे। आरआर के लिए गुवाहाटी, डीसी के लिए विशाखापट्टनम और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के लिए धर्मशाला दूसरा घरेलू मैदान होगा। गुवाहाटी और विशाखापट्टनम में दो-दो मैच होंगे तो वहीं धर्मशाला तीन मैचों की मेजबानी करेगा। इस बार डीसी, एमआई और एचएसजी इस मैदान पर पंजाब के खिलाफ मैच खेलेंगे। चार से 11 मई के बीच यह मैच खेले जाने हैं। इस बार केकेआर, आरसीबी, आरआर, सीएसके और पीबीकेएस को एक तो वहीं एसआरएच, डीसी, जीटी, एमआई और एलएसजी को एक ग्रुप में रखा गया है।

## चोटिल एएम गजनफर आईपीएल से हुये बाहर




एजेंसी

**मुंबई।** अफगानिस्तान के ऑफ स्पिन गेंदबाज एएम गजनफर चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से बाहर हो गये हैं। मुम्बई इंडियंस (एमआई) ने गजनफर दो करोड़ रूपये में खरीदा था। आईपीएल में अब उनकी जगह हमवतन ऑफ स्पिनर मुजीब-उर-रहमान को टीम में जगह दी है। मुजीब इससे पहले पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के लिए तीन और सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल एक सीजन में खेल चुके हैं और उनके नाम 19 आईपीएल मैचों में 19 विकेट हैं। वह आईपीएल में चार साल बाद खेलेंगे। आईपीएल 2018 पीबीकेएस की ओर से खेलते हुए 11 मैचों में मात्र 6.99 की इकॉनमी से रन देते हुए 20.64 की औसत और 17.7 के स्ट्राइक रेट से 14 विकेट लिए थे। हालांकि 2021 में एसआरएच के लिए उन्हें पूरे सत्र में एक मैच में मौका मिला और उन्होंने अपने चार ओवरों के स्पेल में 29 रन देते हुए दो विकेट लिए थे। उल्लेखनीय है कि मुजीब को भी गजनफर की ही तरह मुंबई इंडियंस से दो करोड़ रूपये मिलेंगे। चोट के कारण इससे पहले गजनफर चैंपियंस ट्रॉफी से भी बाहर हो गये थे।

## पेनल्टी शूटआउट में इंग्लैंड की महिला टीम ने भारत को 2-1 से हराया

एजेंसी

**भवुनेश्वर।** भारत और इंग्लैंड के बीच एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग 2024-25 में निर्धारित समय में मुकाबला 2-2 की बराबरी पर रहने के बाद हुये पेनल्टी शूटआउट में इंग्लैंड ने भारत को 2-1 से हरा दिया।आज यहां खेले गये मुकाबले भारत और इंग्लैंड की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और दोनों टीमों को पहले हॉफ टाईम तक कई बार गोल करने के मौके मिले लेकिन दोनों ही टीमें गोल करने में विफल रही। दोनों ही टीमों ने दूसरे हॉफ में गोल किये। भारत के लिए नवनीत कौर ने (53वें) मिनट और रुताजा दादासो पिसल ने (57वें) मिनट में गोल किये। वहीं इंग्लैंड के लिए पेज गिलोट ने (40वें) मिनट और टेसा हॉवर्ड ने (56वें ) मिनट में गोल दागे। निर्धारित समय में दोनों टीमे 2-2 की बराबरी पर रहा और दोनों टीमों को एक-एक अंक दिया गया तथा खेल शूटआउट में चला गया।पहले




पांच टेक में केवल नवनीत और लिली वाकर के स्कोर करने के कारण शूटआउट सडन डेथ में चला गया, जिसे हैमिल्टन ने विजयी स्ट्रोक लगाते हुए इंग्लैंड को 2-1 से जीत दिला दी।शूटआउट में भारत की सविता ने चार बचाव किया लेकिन फिर भी भारत को हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार को स्पेन से भिड़ेगी।

## जोआओ फोंसेका ने अर्जेंटीना ओपन जीतकर रचा इतिहास

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ब्राजील के युवा टेनिस खिलाड़ी जोआओ फोंसेका ने अर्जेंटीना ओपन के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए घरेलू दावेदार फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को सीधे सेटों में 6-4, 7-6(1) से हराकर एटीपी टूर पर अपना पहला खिताब जीता। 18 वर्षीय फोंसेका 2006 में जन्मे पहले खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने एटीपी टूर खिताब जीता। साथ ही, वह 1990 के बाद एटीपी खिताब जीतने वाले सबसे युवा दक्षिण अमेरिकी खिलाड़ी भी बन गए हैं।

दुनिया के 99वें नंबर के फोंसेका ने विश्व नंबर 28 और पांचवीं वरीयता प्राप्त सेरुंडोलो के खिलाफ जबरदस्त खेल दिखाया। फोंसेका ने मुकाबले के दौरान दो बार सर्विस गंवाई, लेकिन टाई-ब्रेक में शानदार वापसी कर जीत दर्ज की।

उन्होंने इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मारियानो नवोन के खिलाफ दो मैच प्वाइंट बचाकर जीत दर्ज की थी। जीत के बाद फोंसेका ने कहा, यह मेरे लिए अविश्वसनीय सप्ताह रहा है। अर्जेंटीना में भी कुछ ब्राजीलियाई लोग मुझे समर्थन दे रहे थे, जो शानदार था। उन्होंने आगे कहा, बेशक, मैं नंबर 1 बनना चाहता हूं और ग्रैंड स्लैम जीतना चाहता हूं, लेकिन मेरा असली सपना सिर्फ टेनिस खेलना है और मैं इसे जी रहा हूं। फोंसेका के लिए यह खिताब बेहद खास है, क्योंकि एक साल पहले उन्होंने रियो डी जनेरियो में एटीपी 500 टूर्नामेंट में वाइल्डकार्ड एंट्री के जरिए अपना टूर-स्तरीय मुख्य ड्रॉ पदार्पण किया था, जब उनकी रैंकिंग 655वीं थी।

इसके बाद उन्होंने जबरदस्त प्रर्दान करते हुए 2023 जूनियर यूएस ओपन जीता और नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स में खिताबी जीत हासिल की। 2025 सीज़न की शुरुआत उन्होंने कैनबरा चैलेंजर खिताब के साथ की और फिर ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में क्वालीफाई करते हुए विश्व नंबर 9 एंड्रे रुबलेव को हराकर सनसनी फैला दी। अर्जेंटीना ओपन खिताब जीतने के साथ ही फोंसेका अब एटीपी रैंकिंग में 68वें स्थान पर पहुंच जाएंगे और शीर्ष रैंकिंग वाले ब्राजीलियाई खिलाड़ी बन जाएंगे। उनके इस ऐतिहासिक खिताब के साथ टेनिस जगत में एक नई सनसनी उभर चुकी है, और अब सभी की निगाहें उनके आने वाले टूर्नामेंटों पर टिकी होंगी।

## गुजरात जायंट्स ने यूपी वॉरियर्ज को छह विकेट से हराया

एजेंसी

**वडोदरा।** एश्ली गार्डनर (दो विकेट/ 52 रन) और डिएंड्रा डॉटिन (दो विकेट/ नाबाद 33) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत गुजरात जायंट्स ने वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्युपीएल) के तीसरे मुकाबले में यूपी वॉरियर्ज को छह विकेट से हरा दिया। यूपी वॉरियर्ज के 143 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात जायंट्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में मात्र दो रन के स्कोर अपने दो विकेट गवां दिये। इसके बाद कप्तान एश्ली गार्डनर ने लॉरा वुलफार्ट के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़े। नौ ओवर में सोफी एक्लस्टन ने लॉरा वुलफार्ट (22) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद 12वें ओवर में तालिया मैक्ग्रा ने एश्ली गार्डनर को आउट कर पवेलियन भेज दिया। एश्ली गार्डनर ने 32 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (52) रनों की पारी खेली। डिएंड्रा डॉटिन 18 गेंदों में (33) और हरलीन देओल 30 गेंदों में (34) रन बनाकर नाबाद रही।




गुजराज जायंट्स ने 18 ओवर में 144 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया।यूपी वॉरियर्ज की ओर से सोफी एक्लस्टन ने दो विकेट लिये। ग्रेस हैरिस और तालिया मैक्ग्रा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे हपले आज यहां गुजराज जायंट्स की कप्तान एश्ली गार्डनर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूपी वॉरियर्ज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज किरण नवगिरे (15) का विकेट गवां दिया। अगले ही ओवर में एश्ली गार्डनर ने दिनेश वृंदा (छह) को बोल्ड कर यूपी को दूसरा झटका दिया। इसके बाद उमा छेत्री और कप्तान दीप्ति शर्मा ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 51 रनों की साझेदारी हुई। 10वें ओवर में उमा छेत्री, डिएंड्रा डॉटिन की गेंद पर प्रिया मिश्रा के हाथो लपकी गई। उमा छेत्री ने 27 गेंदों में चार चौके लगाते हुए 24 रन बनाये। तालिया मैक्ग्रा (शून्य), ग्रेस हैरिस (चार), श्वेता सहरावत (16) और सोफ़ी एक्लस्टन (दो) रन बनाकर आउट हुई। दीप्ति शर्मा ने 27 गेंदों में छह चौके लगाते हुए (39) रनों की पारी खेली। उन्हें 16वें ओवर में प्रिया मिश्रा ने आउट किया। साइमा ठाकोर (15) रन आउट हुई । अलाना किंग 14 गेंदों में (19) नाबाद रही। यूपी वॉरियर्ज ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 143 रन बनाये। गुजरात जायंट्स की ओर से प्रिया मिश्रा ने तीन, डिएंड्रा डॉटिन और एश्ली गार्डनर ने दो-दो विकेट लिये। काश्वी गौतम ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## एएफसी अंडर-20 एशियाई कप :ईरान और उज्बेकिस्तान क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, इराक ने सऊदी अरब को हराया

एजेंसी

**शेनझेन।** एएफसी 20 एशियाई कप 2025 में ईरान ने यमन को 6-0 से हराकर ग्रुप सी में शीर्ष स्थान बरकरार रखा, जबकि उज्बेकिस्तान ने इंडोनेशिया पर 3-1 से जीत दर्ज की। लगातार दूसरी जीत के साथ, दोनों टीमों ने क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली, जहां ईरान बेहतर गोल अंतर के चलते शीर्ष पर है।

**ग्रुप बी में रोमांचक मुकाबले**

ग्रुप बी में इराक ने सऊदी अरब को 1-0 से हराया, जिसमें अमीर फैसल ने निर्णायक गोल किया। वहीं, इब्राहिम सबरा के दो गोल की बदौलत जॉर्डन ने डीपीआर कोरिया को 2-1 से हराया। इस जीत के साथ इराक चार अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया, जबकि सऊदी अरब और जॉर्डन तीन-तीन अंकों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। डीपीआर कोरिया के खाते में अब तक सिर्फ एक अंक है, लेकिन एक मुकाबला बाकी होने के कारण सभी टीमें अब भी क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बनी




हुई हैं। इस बीच, ग्रुप डी में जापान और दक्षिण कोरिया अपना दूसरा मैच आज क्रमशः सीरिया और थाईलैंड के खिलाफ खेलेंगे। दोनों टीमें टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के इरादे से उतरेंगी।

## आयरलैंड ने जिम्बाब्वे को छह विकेट से हराया

एजेंसी

**हरारे ।** कर्टिस कैमफर (तीन विकेटऔर 63 रन) के हरफनमौला और कप्तान पॉल स्टर्लिंग (89) रनों शानदार बल्लेबाजी की बदौलत आयरलैंड ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में आठ गेंद शेष रहते 249 रन बनाकर जिम्बाब्वे को छह विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ आयरलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं। जिम्बाब्वे के 245 रन के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने छठे ओवर में एंडी बैलबर्नी (11) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कर्टिस कैमफर ने कप्तान पॉल स्टर्लिंग के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 144 रनों की साझेदारी हुई। 34वें ओवर में ट्रेवर ग्वांडू ने कर्टिस कैमफर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कर्टिस कैमफर ने 94 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (63) रनों की पारी खेली। इसके बाद हैरी टेक्टर (सात) रन बनाकर आउट हुये। 40वें ओवर में रिचर्ड एन्गरावा ने शतक की ओर बढ़ रहे कप्तान पॉल स्टर्लिंग को आउटकर जिम्बाब्वे को चौथी सफलता दिलाई।

पॉल स्टर्लिंग ने 102 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुए (89) रन बनाये। लोर्कान टकर (नाबाद 36) और जॉर्ज डॉकरेल (नाबाद 20) ने संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए 48.4 ओवर में 249 रन बनाकर अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिला दी। लोर्कान टकर ने टीम के लिए विजयी चौका लगाया।

जिम्बाब्वे की ओर से ट्रेवर ग्वांडू ने दो विकेट लिये। ब्लेसिंग मुजरबानी और रिचर्ड एन्गरावा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर आयरलैंड ने गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ब्रायन बेनेट और बेन कर्रन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 38 रन जोड़े। सातवें ओवर में मार्क ऐडेर ने ब्रायन बेनेट(30) को आउटकर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद जॉश लिटिल ने कप्तान क्रेग्र एर्विन (चार) को बोल्ड कर जिम्ब्बावे को दूसरा झटका दिया। बेन कर्रन(18) को मैकब्राइन बोल्ड किया। इसके बाद वेस्ली मधेवेरे और सिकंदर रजा ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेजों के बीच चौथे विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में कर्टिस कैमफर ने वेस्ली मेधेवेरे को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। वेस्ली मेधेवेरे ने 70गेंदों में छह चौके लगाते हुए (60) रनों की पारी खेली। जोनाथन कैंपबेल (दो) और तड्विनाशे मारुमानी (शून्य) को भी कैमफर ने आउटकर पवेलियन भेज दिया। आयरलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे जिम्बाब्वे का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर नहीं टिक सका। जिम्बाब्वे का सातवां विकेट सिकंदर रजा के रूप में गिरा। उन्हें मार्क ऐडेर ने आउट किया। सिकंदर रजा ने 75 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 58 रन बनाये। ब्लेसिंग मुजरबानी (शून्य) और वेलिंग्टन मसाकाट्जा (35) रन बनाकर आउट हुये। 49वें ओवर में ट्रेवर ग्वांडू (दो) रन बनाकर आउट हुये। उन्हें मार्क ऐडेर ने बोल्ड आउट किया। इसी के साथ आयरलैंड ने जिम्बाब्वे को 49 ओवर में 245 के स्कोर पर समेट दिया।

आयरलैंड की ओर से मार्क ऐडेर ने चार विकेट लिये। कर्टिस कैमफर को तीन विकेट मिले। ग्रेम ह्यूम, जॉश लिटिल और एंडी मैकब्राइन को एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## पुंछ में पीर पंजाल विंटर फेस्टिवल वॉलीबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत

**पुंछ।** अंडर-21 गर्ल्स और अंडर-25 बॉयज वॉलीबॉल टूर्नामेंट पीर पंजाल विंटर फेस्टिवल का एक प्रमुख आयोजन आधिकारिक तौर पर एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुआ। 31 मार्च 2025 तक मनाए जाने वाले इस फेस्टिवल का उद्देश्य खेलों में युवाओं की भागीदारी, सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक सुधार को बढ़ावा देना है।वॉलीबॉल टूर्नामेंट ने पुंछ जिले भर की टीमों को एक साथ लाया है जो अपने समर्पण और प्रतिस्पर्धी भावना का प्रदर्शन कर रही हैं। यह आयोजन युवा प्रतिभाओं को निखारने और महत्वाकांक्षी एथलीटों को वह अवसर प्रदान करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है जिसकी उन्हें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यकता है। पीर पंजाल विंटर फेस्टिवल सेना और जनता के बीच स्थायी साझेदारी का एक शानदार उदाहरण है।

## टखने में चोट के कारण यशस्वी रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर हुए

एजेंसी

**नागपुर।** मुम्बई के लिए खेलने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल टखने की चोट के कारण सोमवार से विदर्भ के साथ शुरु हो वाले रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर गये हैं।

यशस्वी जायसवाल इस सप्ताहांत प्रशिक्षण के दौरान के बाएं टखने में चोट लग गई थी। वह अब राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) बेंगलुरू जाएंगे। मुम्बई टीम की ओर जायसवाल की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में लिये जाने के बारे में नहीं बताया गया हैं।

भारतीय टेस्ट टीम के नियमित सदस्य जायसवाल ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय में पर्दापण किया था। उन्हें विराट कोहली की जगह टीम में शामिल किया था। जायसवाल पहले भारत के शुरूआती चैंपियस ट्रॉफी टीम में थे। लेकिन आखिर उनकी जगह पर वरूण चक्रवर्ती को टीम में शामिल कर



लिया गया। दुबे और जायसवाल को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत के नॉन-ट्रैवलिंग रिजर्व में रखा गया हैं और जरूरत पड़ने पर वे दुबई की यात्रा कर सकते हैं। इसके बाद जायसवाल मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी का सेमीफाइनल खेलने वाले थे। टीम में अजिंक्य रहाणे, सूर्यकुमार कुमार, शिवम दुबे और शार्दुल ठाकुर जैसे नामी खिलाड़ी है।उल्लेखनीय है कि कल होने वाले सेमीफाइनल में मुम्बई का मुकाबला विदर्भ से होगा।

# लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने आईपीएल के लिए कसी कमर

एजेंसी

**लखनऊ।** ऋषभ पंत के नेतृत्व में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिये कमर कस ली है। पिछले दो वर्षों की तरह, एलएसजी यहां अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में सात घरेलू मैच खेलेगा। जिनमें मुंबई इंडियंस (एमआई), चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ तीन हाई-वोल्टेज मुकाबले स्थानीय खेल प्रेमियों को देखने को मिलेंगे।

एलएसजी एक अप्रैल को लखनऊ में पंजाब किंग्स का सामना करेगा जबकि चार अप्रैल को मुंबई, 12 अप्रैल को गुजरात टाइटंस,14 अप्रैल को चेन्नई सुपरकिंग्स,22 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल,नौ मई को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और 18 मई को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ ऋषभ पंत की टीम भिड़ेगी।

आईपीएल 2024 की मेगा नीलामी में, लखनऊ सुपर जाइंट्स ने ऋषभ पंत को रिकॉर्ड तोड़ 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। पिछले माह टीम के मालिक डॉ संजीव गोयनका ने उन्हें टीम का कप्तान नियुक्त किया था। ऋषभ पंत के अलावा टीम में ऑस्ट्रेलियाई




ऑलराउंडर मिचेल मार्श, दक्षिण अफ्रीकी स्टार एडेन मार्करम, डेविड मिलर के साथ आकाश दीप, आवेश खान, अब्दुल समद जैसे कई बेहतरीन खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है।

पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान एलएसजी का मार्गदर्शन कर रहे हैं। पिछली चार से सात फरवरी तक एकाना स्टेडियम में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के दौरान, जहीर ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन का बारीकी से विश्लेषण किया और महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारी प्रदान की। मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने सहायक कोच विजय दहिया व लांस क्लूजनर के साथ मिलकर खिलाड़ियों की बल्लेबाजी और गेंदबाजी तकनीक को निखारने में अहम भूमिका निभाई। एलएसजी की पूरी टीम इस प्रकार हैः ऋषभ पंत (कप्तान), मिचेल मार्श, एडेन मार्करम, डेविड मिलर, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, निकोलस पूरन, शमर जोसेफ, आयुष बडोनी, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, मोहसिन खान, आवेश खान, आकाश दीप, आर्यन जुयाल, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, अर्शीन कुलकर्णी, राजवर्धन हंगरगेकर, शाहबाज अहमद, युवराज चौधरी, आकाश सिंह, दिग्वेश सिंह, एम सिद्धार्थ, प्रिंस यादव।

**रश्मिका मंदाना की फिल्म छावा हाल ही में रिलीज हुई है. इसमें वो विकी कौशल के साथ नजर आई हैं. हाल ही में फिल्म के प्रमोशन के दौरान जब उन्होंने कहा कि वो हैदराबाद से हैं, तो उनके कन्नड़ फैन्स उनसे नाराज हो गए.**

## खुद को हैदराबादी बताने पर क्यों ट्रोल हुईं 'छावा' एक्ट्रेस

# रश्मिका मंदाना





हाल ही में विकी कौशल के साथ रश्मिका मंदाना की फिल्म 'छावा' रिलीज हुई है. 'छावा' लोगों को बहुत पसंद आ रही है. इसी बीच रश्मिका का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो कह रही हैं कि वो हैदराबाद से आती हैं. एक्ट्रेस की ये बात सुनकर उनके कन्नड़ फैन्स काफी नाराज हो रहे हैं, क्योंकि वो कर्नाटक की रहने वाली हैं.सोशल मीडिया पर एक वीडियो हो रहा है, जो कि रश्मिका मंदाना की फिल्म 'छावा' के हैदराबाद इवेंट का है. इसमें रश्मिका स्टेज से खड़े होकर फैन्स से बातें करती हुई नजर आ रही हैं और अपनी फिल्म का प्रमोशन कर रही हैं. रश्मिका ने कहा, क्योंकि मैं हैदराबाद से हूं और मैं अकेली आई हूं और आज मुझे उम्मीद है कि मैं आपके परिवार का हिस्सा बनूंगी. उनकी बात सुनकर वहां लोगों ने खूब तालियां बजाईं और रश्मिका ने भी उनका शुक्रिया अदा किया.

**सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल हुईं रश्मिका मंदाना**

हालांकि बाद में जब रश्मिका मंदाना का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो उनके कन्नड़ फैन्स बहुत नाराज हो गए. इस क्लिप को शेयर करके यूजर ने लिखा, कभी-कभी मुझे बहुत दया आती है कि हमारे कन्नड़ लोगों को इतनी नेगेटिविटी मिलती रहती है. लेकिन जब आप इस तरह का बयान देते हैं, तब मुझे ऐसा लगता है कि वो लोग सही हैं. आप इसी के हकदार हैं. वहीं कई लोगों का कहना है कि रश्मिका का इस तरीके का बयान देना आम बात है. एक यूजर ने लिखा, मुझे लगता है कि वो तेलुगु इंडस्ट्री और वहां की ऑडियन्स को प्रभावित करने की कोशिश करती हैं.

**कर्नाटक की रहने वाली हैं रश्मिका**

रश्मिका मंदाना कर्नाटक के कुर्ग की रहने वाली हैं. उन्होंने साल 2016 में रिलीज हुई कन्नड़ फिल्म 'किरिक पार्टी' से अपने करियर की शुरुआत की थी. तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में उनको अलग पहचान मिली. दिसंबर 2024 में एक्ट्रेस की फिल्म 'पुष्पा 2' रिलीज हुई थी. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 1850 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी. उनकी अगली आने वाली फिल्म 'सिकंदर' है, जो कि इस साल ईद पर रिलीज होने वाली है. इस फिल्म में उनके साथ सलमान खान लीड रोल में हैं.

## इस एक्ट्रेस की दुश्मन बन गई थी उसकी खूबसूरती, डायरेक्टर करते थे रिजेक्ट



फिल्मों में काम करने के लिए एक्टिंग आना बहुत जरूरी है, ये तो सभी जानते हैं. इसके लिए सेलेब्स एक्टिंग की पढ़ाई करने से लेकर क्या कुछ नहीं करते हैं. लेकिन इससे भी ज्यादा जरूरी है खूबसूरती. पहले के वक्त में और कहीं न कहीं आज भी एक्ट्रेस का खूबसूरत होना ज्यादा जरूरी होता है. इसके लिए वो होम रेमेडीज से लेकर सर्जरी तक का सहारा लेती हैं. लेकिन क्या आपको मालूम है कि इंडस्ट्री में एक ऐसी भी एक्ट्रेस है, जिसकी खूबसूरती ही उसके लिए परेशानी का सबब बन गई थी और रिजेक्शन का सामना करना पड़ा था. ये एक्ट्रेस और कोई नहीं बल्कि दीया मिर्जा हैं.दीया मिर्जा के पिता जर्मन थे और मां बंगाली थीं. दीया बहुत खूबसूरत एक्ट्रेस हैं. आज भी उनको देखते ही हर कोई दीवाना हो जाता है. उनकी गिनती बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेसेस में होती है. उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है, लेकिन दीया को वो मुकाम हासिल नहीं हुआ जिसकी वो हकदार थीं.

**जब दीया को करना पड़ा रिजेक्शन का सामना**

एक वक्त पर दीया की खूबसूरती ही उनके राह का कांटा बन गई थी. ज्यादा खूबसूरत होने की वजह से उनको बहुत सारे रिजेक्शन का सामना करना पड़ा था. डायरेक्टर्स उनके लुक को मेन स्ट्रीम बता देते थे और रिजेक्ट कर देते थे. एक्ट्रेस की साल 2001 में आर माधवन के साथ एक फिल्म आई थी 'रहना है तेरे दिल में'. इस फिल्म में दोनों की जोड़ी पसंद की गई थी. इसके बाद दीया कुछ अच्छी फिल्में करना चाहती थीं, लेकिन किरदार उनके हिसाब से नहीं मिल पाते थे. वो इतनी खूबसूरत हैं कि सभी किरदारों में फिट नहीं होती थीं.

**दीया ने किया था खुलासा**

दीया मिर्जा ने खुद एक इंटरव्यू के दौरान इस बात का खुलासा किया था कि वो जिस तरीके की फिल्मों में काम करना चाहती थीं, उनको वो फिल्में नहीं मिलती थीं. खूबसूरती उनके करियर में रोड़ा बनी थी. दीया के करियर की बात करें तो उन्होंने 'दस', 'हनीमून ट्रैवेल प्राइवेट लिमिटेड', 'संजू', 'बॉबी जासूस', 'लगे रहो मुन्ना भाई', 'ब्लैकमेल' जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया है. इसके अलावा पिछले साल नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई 'आईसी 814ः द कंधार हाईजैक' में दीया ने एक पत्रकार का किरदार निभाया है. एक्ट्रेस को साल 2000 में 'मिस एशिया पैसिफिक इंटरनेशनल' के खिताब से भी नवाजा जा चुका है.

## क्या शादी के बंधन में बंधने वाली हैं कृति सेनन? बॉयफ्रेंड कबीर बहिया संग पैरेंट्स से मिलने पहुंचीं



कृति सेनन प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं. पिछले काफी वक्त से ऐसी चर्चा है कि वो बिजनेसमैन कबीर बहिया को डेट कर रही हैं. भले ही दोनों ने कभी भी अपने रिलेशनशिप पर बात नहीं की है, लेकिन उन्हें कई बार साथ देखा गया है. अब सोशल मीडिया पर ऐसी चर्चा हो रही है कि कृति और कबीर बहुत जल्द शादी करने वाले हैं. हाल ही में उनको दिल्ली एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया है.दोनों का वीडियो शेयर करते हुए सेलिब्रिटी और फैशन फोटोग्राफर पल्लव पालीवाल ने लिखा, जल्द ही बहुरानी बनने वाली, कृति अपने बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ नजर आईं जब वो दिल्ली माता-पिता से मिलने के लिए पहुंचीं. इस दौरान कृति ने सनग्लास लखा रखा था. वो कैप लगाई हुई थी और मास्क भी पहनी हुई थीं.

सोशल मीडिया पर ऐसी चर्चा शुरू हो गई कि दोनों अपने पैरेंट्स से मिलने के लिए गए हैं और कहा जा रहा है और दोनों शादी के बंधन में बंध सकते हैं. हालांकि अभी इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, जल्द शादी है. एक दूसरे यूजर ने लिखा, मुझे लगता है कि जल्द ही दोनों शादी करने वाले हैं. एक और दूसरे यूजर ने कमेंट किया, रब ने बना दी जोड़ी.

**कैसे शुरू हुई अफेयर्स की चर्चा**

कबीर बहिया और कृति सेनन की डेटिंग की चर्चा तब शुरू हुई जब दोनों को एक्ट्रेस के बर्थडे पर ग्रीस में स्पॉट किया गया था. फोटोज में दोनों को ग्रीस के एक आईलैंड पर पार्टी करते हुए देखा गया था. बाद में दोनों ने क्रिसमस और न्यू ईयर का जश्न एकसाथ मनाया. कबीर बहिया वर्ल्डवाइड एविएशन एंड टूरिज्म लिमिटेड के फाउंडर हैं.

**कृति सेनन की प्रोफेशनल लाइफ**

कृति सेनन के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी पिछली फिल्म नेटफ्लिक्स रिलीज हुई थी, जिसका नाम था 'दो पत्ती'. इस फिल्म में उनके साथ शाहीर शेख और काजोल भी नजर आए थे. इसके अलावा कृति आनंद एल राय की फिल्म 'तेरे इश्क में' भी नजर आने वाली हैं. इस फिल्म में उनके साथ धनुष नजर आएंगे, जो कि 28 नवंबर 2025 को हिंदी और तमिल में रिलीज की जाएगी.

## Sunny Deol की प्रॉपर्टी के इस हिस्से पर अब होगा

# मलाइका अरोड़ा

## का कब्जा! इसलिए मिलाया हाथ



मुंबई में कई जगहें काफी फेमस हैं, जिनमें से जुहू में सितारों और पत्रकारों के लिए सनी विला फेमस है. ये विला सनी देओल का है. अब इस विला में बॉलीवुड की आइटम गर्ल मलाइका अरोड़ा का भी हिस्सा होने वाली हैं. ये विला सनी सुपर साउंड, एक प्रीव्यू थिएटर और दो पोस्ट-प्रोडक्शन सुइट के लिए फेमस है.



हालांकि, इस विला में से एक एरिया काफी वक्त से खाली पड़े थे, जिसको लेकर अब कहा जा रहा है कि इस पर मलाइका अपना रेस्टोरेंट खोलने वाली हैं.ालांकि, मलाइका ने पिछले साल के आखिरी में अपने बेटे के साथ मिलकर स्कारलेट हाउस नाम का एक रेस्टोरेंट खोला था. अब इस नए रेस्टोरेंट को लेकर वो वापस से चर्चा में आ गई है. सूत्रों के मुताबिक, इस रेस्टोरेंट का काम तेजी से चल रहा है और कहा जा रहा है कि ये रेस्टोरेंट अगले महीने यानी मार्च में खोला जाएगा. कई लोगों का मानना है कि ये स्कारलेट हाउस का ही ब्रांच होने वाला है और वहीं कुछ लोग कह रहे हैं कि ये कोई नया आउटलेट होने वाला है. हालांकि, इसकी कोई भी कंफर्म जानकारी नहीं मिली है.

**कैफे के साथ नया चैप्टर होगा शुरू**

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, मलाइका का ये कैफे विला के ग्राउंड फ्लोर पर खुलने वाला है, जहां एक वक्त पर कैंटीन थी. अगर मलाइका का रेस्टोरेंट यहां पर खुलने की कंफर्म जानकारी होती है, तो ये सनी विला के लिए एक बिल्कुल नया चैप्टर होगा. कुछ वक्त पहले लोगों के बीच सनी विला तब चर्चा में आया था, जब उसकी नीलामी का नोटिस आया था. ये नोटिस टाइम्स ऑफ इंडिया के 20 अगस्त में छापी गई थी. हालांकि, एक दिन के बाद ही नोटिस को वापस ले लिया गया.

**90 साल पुराने बंगले में रेस्टोरेंट**

मलाइका के पहले रेस्टोरेंट की बात करें, तो इसकी ओपनिंग 3 दिसंबर 2024 को हुई थी. ये रेस्टोरेंट मलाइका और उनके बेटे अरहान खान मैनेज करते हैं. ये रेस्टोरेंट पाली हिल में एक खूबसूरत 90 साल पुराने पुर्तगाली बंगले में मौजूद है. स्कारलेट हाउस में हेल्थ को ध्यान में रखकर मेन्यू रखा गया है. इस मेन्यू में मलाइका अरोड़ा की सिग्नेचर डिश पनीर थेक्का भी शामिल है. अब सनी विला में नया कैफे एक नया पड़ाव होगा.